स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

गुरुवार, 15 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 230 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

क्रिकेट के लिए अच्छा है ...पेज-12

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977

देश को ऐसी सरकारों की जरूरत जो भ्रष्टाचार न करे : पीएम मोदी

- भारत में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप है इको-सिस्टम
- हम टॉप-डाउन और बॉटम-अप अप्रोच के साथ बढ़ रहे हैं आगे

आबू धाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में हिस्सा लिया। वो दुबई में आयोजित हो रही वाले वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2024 में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए हैं। इस शिखर सम्मेलन में एक विशेष संबोधन देते हुए मोदी ने कहा कि आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत जो सबको साथ लेकर चले, जो क्लीन हो, भ्रष्टाचार से दूर हो। ऐसी सरकार जो पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों को लेकर गंभीर हो। विश्व को ऐसी सरकार चाहिए जो ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ बिजनेस को अपनी प्राथमिक बनाए। मोदी ने कहा कि मैंने 13 साल भारत के गुजरात राज्य में लोगों की सेवा की। केंद्र में लोगों की सेवा करते हुए मुझे 10 साल होने वाले हैं। मेरा मानना है कि सरकार का अभाव नहीं होना चाहिए और न ही सरकार का दबाव होना चाहिए। लोगों के जीवन में सरकार का दखल कम से कम होना चाहिए।

कोरोना के बाद दुनियाभर में सरकारों पर भरोसा कम हुआ। लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। बीते सालों में भारत सरकार पर देश के लोगों का भरोसा बढ़ा है। भारतीयों को सरकार की कमेटमेंट पर पूरा विश्वास है। पीएम मोदी ने कहा कि हम देशवासियों की जरूरत का ध्यान रखते हैं। पिछले 23 सालों में मेरा सिद्धांत रहा है- मिनिमम गवर्नमेंट मैक्जिमम गरर्नेंस। हमने लोगों के पार्टिसिपेशन को प्राथमिकता दी। हमने इस बात पर ध्यान दिया कि भले ही किसी चीज की पहल सरकार करे लेकिन आगे चलकर उसे जनता खुद संभाले। हमने जनभागीदारी को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि हमने 50 करोड़ से ज्यादा ऐसे लोगों को बैंकिंग से जोड़ा जिनके पास बैंक अकाउंट नहीं था। इन लोगों को जागरूक करने के लिए बड़ा अभियान चलाया। हम भारतीय महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण कर रहे हैं। हमने कानून बनाकर भारतीय महिलाओं को संसद में रिजर्वेशन किया। हम उनकी स्किल डेवलपमेंट पर फोकस कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको-सिस्टम है। सबका साथ सबका विकास मंत्र पर काम किया जा रहा है। इस बात पर फोकस दिया जा रहा है कि सरकार की योजनाओं का हर किसी को फायदा मिले। इसमें कोई भेदभाव या भ्रष्टाचार न हो। हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। जब सरकारें पारदर्शिता को प्राथमिकता देती है तो इसके सकारात्मक नतीजे मिलते हैं। आज भारत के लोगों के पास डिजिटल आइडेंटिटी है। भारतीयों के मोबाइल उनके बैंकिंग से जुड़े हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुबई जिस तरह से वैश्विक अर्थव्यवस्था, वाणिज्य और प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बन रहा है, वह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज से डील करने की भारत की अपनी अप्रोच है। भारत आज सोलर, ग्रीन और हाइड्रोजन के साथ बायो फ्यूल पर काम कर रहा है। हमारी संस्कृति सिखाती है कि प्रकृति से जितना मिला है, उतना लौटाना भी चाहिए। आज हर सरकार के सामने बहुत से सवाल हैं। हम अपने देश की सोवर्निटी (संप्रभुता) को कैसे बनाए रखें। हम अपने कल्चर को समृद्ध कैसे करें। हम डिजिटल तकनीकों का फायदा लेते हुए उसके नुकसानों से कैसे निपटें। हम वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद का मुकाबला कैसे करें। ये सारे सवाल हमारे सामने हैं। हम विश्व बंधुत्व को भी चुनौती देंगे। भारत इसी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। जी-20 में भी हमने इसी भावना को आगे बढ़ाया। हम सभी के पास गवर्नेंस को लेकर अनुभव हैं। हमें साथ मिलकर काम करना है, एक-दूसरे से सीखना है। मोदी ने कहा कि एक तरफ घरेलू चिंताएं हैं तो दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अस्त-व्यस्त नजर आ रही है। इन चुनौतियों के बीच वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट की अहमियत बहुत बढ़ गई है। हम टॉप-डाउन और बॉटम-अप अप्रोच के साथ-साथ पूरे समाज को साथ रखने की अप्रोच को लेकर भी चले हैं। भारत ने हाल के दिनों में एक बड़ा बदलाव देखा है। स्वच्छता अभियान हो, डिजिटल साक्षरता अभियान हो या बालिका शिक्षा अभियान, ऐसे हर बड़े लक्ष्य की सफलता जन-भागीदारी से ही सुनिश्चित हुई है। भारत ने विश्व को एक नया मार्ग सुझाया है, जिस पर चलते हुए हम पर्यावरण की बहुत मदद कर सकते हैं।



संक्षिप्त आवाज़

शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी

मुंबई । विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, यूटिलिटीज, धातु और पावर समेत सत्रह समूहों के 3.61 प्रतिशत तक चढ़ने से आज शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहा।बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 267.64 अंक की छलांग लगाकर 71,822.83 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 96.80 अंक की तेजी के साथ 21,840.05 अंक हो गया।

गुजरात से नड्डा व महाराष्ट्र से चव्हाण उम्मीदवार

नई दिल्ली। राज्यसभा के आगामी चुनावों के लिए भाजपा ने आज (14 फरवरी) गुजरात से अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने चार उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को गुजरात से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया गया है। जेपी नड्डा के अलावा, गोविंदभाई पटेल, जशवंत सिंह सलामसिंह परामर को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं,महाराष्ट्र से तीन प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से उम्मीदवार बनाया गया है। मेधा कुलकर्णी और अजीत गोपचड़े को उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पहले पार्टी ने आज मध्य प्रदेश से अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी थी। पार्टी ने चार उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं।

अजय माकन सहित छह को राज्यसभा का टिकट

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन और वरिष्ठ नेता रेणुका चौधरी सहित छह लोगों को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है।पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नेताओं की उम्मीदवारी को संस्तुति दी है।श्री वेणुगोपाल ने बताया की पार्टी ने श्री माकन, सैयद नासिर हुसैन तथा जीसी चंद्रशेखर को कर्नाटक से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने मध्य प्रदेश से श्री अशोक सिंह तथा तेलंगाना से श्रीमती रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव को राज्यसभा का टिकट दिया है।

किसान मांगों पर जल्दबाजी ठीक नहीं

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि किसानों की मांगों पर जल्दबाजी में कोई फैसला लेना उचित नहीं होगा। मुंडा ने मीडियाकर्मियों से कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितों को लेकर गंभीर है। ऐसे में किसान संगठनों को यह समझना चाहिए कि जिस कानून की बात की जा रही है उस कानून के बारे में इस तरीके से कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है। इस संबंध में सोच-विचार की जरूरत है। मुंडा ने कहा कि प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों को यह भी सोचना चाहिए कि उनके नाते आम लोगों को कोई समस्या न होने पाए।

उल्लेखनीय है कि किसान संगठनों की प्रमुख मांगों में सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग सबसे अहम है।

अप्रैल से कन्या सुमंगला योजना में मिलेंगे 25 हजार : सीएम योगी

- सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद
- 252 करोड़ रुपये की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सम्मान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सरकार अप्रैल से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धनराशि को प्रति लाभार्थी 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने जा रही है। सीएम योगी बसंत पंचमी के पावन पर्व पर खाद कारखाना परिसर में एक हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 252 करोड़ रुपये की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर 2014 में पीएम मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया। बेटी बचेगी तभी पढ़कर आगे बढ़ेगी और योगदान देश व समाज के लिए दे पाएगी। एक बेटी कुल खानदान को आगे बढ़ाने का काम करती है। बेटियों को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आज केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब वह सीएम बने तो प्रदेश में यह समस्या आई कि बेटी को बचाने के लिए क्या और प्रयास करने चाहिए। इसके लिए पहला कार्यक्रम सुमंगला योजना का बनाया गया। इसमें बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई की व्यवस्था की गई। इस योजना में सरकार अब तक 17 लाख से अधिक बेटियों को 15 हजार उपलब्ध करा चुकी है। अप्रैल से यह धनराशि बढ़कर 25 हजार हो जाएगी। सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक तीन लाख से शादियां करा चुकी है। प्रति जोड़े विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि गरीब के साथ संपन्न परिवारों के बच्चे सामूहिक विवाह के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि एक सदगृहस्थ के लिए विवाह भी एक संस्कार है और उस संस्कार से वह पैतृक परंपरा को आगे बढाने का कार्य करता है। सृष्टि की रचना, जीवन चक्र इसी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि समय के अनुरूप विकृतियां भी आईं। कहीं बाल विवाह, दहेज तो कहीं तलाक जैसी कुप्रथाएं हैं। ये कुप्रथाएं आधी आबादी की विरोधी थीं। इनसे बचने के लिए बेटी हो ही न हों, इसके लिए तमाम कुत्सित प्रयास होने लगे।

तीन न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति मौसमी भट्टाचार्य के किसी अन्य उच्च न्यायालय में स्थानांतरण के अनुरोध को स्वीकार कर लिया।

कॉलेजियम ने कहा कि 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा न्यायमूर्ति मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता उच्च न्यायालय से किसी अन्य उच्च न्यायालय में स्थानांतरण की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में न्यायमूर्ति भट्टाचार्य को तेलंगाना उच्च न्यायालय स्थानांतरित किये जाने की सिफारिश की जाती है। इसमें कहा गया है कि कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति अनु शिवरमन को कर्नाटक उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की सिफारिश की है। एक अन्य फैसले में, कॉलेजियम ने कहा कि उसे 12 फरवरी, 2024 को न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल से इस आधार पर स्थानांतरण की मांग करते हुए एक पत्र मिला कि उनके पुत्र मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय में वकालत कर रहे हैं। अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक प्रस्ताव में कॉलेजियम ने कहा कि कॉलेजियम ने अनुरोध स्वीकार कर लिया है और यह सिफारिश की जाती है कि न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल को तेलंगाना उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया जाए।

शंभू बॉर्डर पर फिर किसान-पुलिस आमने-सामने

- किसानों-पैरामिलिट्री की झड़प, हेलमेट-डंडे छीने

नई दिल्ली। अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों के मार्च का आज दूसरा दिन है। वहीं दूसरे दिन सीमा को मजबूत बनाने के लिए टिकरी बॉर्डर पर कंक्रीट स्लैब के बीच और भी ज्यादा कंक्रीट डाला जा रहा है। टिकरी बॉर्डर पर सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। बता दें किसानों के %दिल्ली चलो% मार्च को कल पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर रोक लिया गया है। वहीं किसानों को रोकने और उन्हें तितर-बितर करने के लिए मंगलवार को पुलिस की ओर से आंसू गैस के दागे गए। सिंघु बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। इन सीमाओं पर सीमेंट और लोहे की बैरिकेडिंग भी की गई है। वहीं इसके अलावा किसानों को रोकने के लिए कटीले तार और कंटेनर भी रखे गए हैं। जींद के दातासिंह वाला बॉर्डर एक बार फिर हालात बेकाबू हो गए हैं। पंजाब से आए किसानों ने बॉर्डर को उखाड़ना शुरू कर दिया तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। किसानों ने आंसू गैस के गोलों पर पानी की बौछार करनी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने प्लास्टिक की गोलियां चला दी। तीन किसानों को यह गोलियां लग गई। इससे वह जख्मी हो गए। दातासिंह वाला बॉर्डर पर भीड़ लगातार उग्र होती जा रही है। किसान पीछे हटने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस भी बॉर्डर को बचाने का पूरा प्रयास कर रही है।

सोनिया ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन

जयपुर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को जयपुर में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

विधानसभा भवन में नामांकन दाखिल करने के समय उनके बेटे राहुल गांधी, बेटी प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने विधानसभा की विपक्षी लॉबी में पार्टी के विधायकों से मुलाकात की। बता दें सोनिया गांधी के आज सुबह जयपुर पहुंचने के बाद ही पार्टी ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की थी। सोनिया गांधी पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह की खाली हो रही सीट से राज्यसभा जाएंगी।

बुंदेलखंड महोत्सव में विस्फोट, 3 की मौत

- मृतकों के परिजनों को 5 लाख व घायलों को 50 हजार मुआवजे का एलान

चित्रकूट। चित्रकूट से बड़ी खबर है। यहां बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में बड़ा विस्फोट हुआ है। हादसे में 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आतिशबाजी के लिए रखे बम में विस्फोट हुआ है। विस्फोट इतना तेज था कि 2-3 किलोमीटर तक आवाज सुनाई दी। घटनास्थल के पास जो लोग थे, उनके चीथड़े उड़ गए सूचना के बाद डीएम और एसपी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। डीएम अभिषेक आनंद ने बताया कि मौके पर 9 एम्बुलेंस और चार फायर बिग्रेड की गाड़ियां राहत बचाव में जुटी हुई हैं। डॉग स्क्वायड घटनास्थल की जांच कर रहा है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि, तीनों मृतक महोत्सव में टेंट लगाने वाले कर्मचारी थे। महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी का कार्यक्रम था। विस्फोट से एक युवक का शव उछलकर 20 फीट ऊपर छत पर जाकर गिरा। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं वहां पर काम कर रहा था। तभी बहुत तेज आवाज के साथ धमाका हुआ। मंच के पीछे आतिशबाजी के लिए बम रखे गए थे। उसी में विस्फोट हुआ है। विस्फोट इतनी तेज था कि थोड़ी देर के लिए वहां पर हमको कुछ दिखाई नहीं दिया। मंच के आस-पास मौजूद लोग 15-20 फीट उछल कर दूर गिरे जाकर। मारे गए लोगों के शरीर के चीथड़े उड़ गए। हादसे का मुख्यमंत्री योगी ने संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए और घायलों के परिजनों को 50 पचास हजार रुपए देने का निर्देश दिया है। एडीजी की अध्यक्षता में जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर व ईवी चार्जिंग स्टेशन का भव्य स्टॉल पेश करेगा बदलाव की तस्वीर

जीबीसी 4.0

- 75 स्क्वेयर मीटर के एग्जिबिशन स्टॉल की स्थापना के जरिए प्रदेश में बदलाव, वर्तमान विकास और भविष्य की उज्ज्वल छवि को यूपीडा करेगा प्रदर्शित
- उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरीडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशंस के परिदृश्य के बारे में जागरूकता का प्रसार होगा इस प्रयास से सुनिश्चित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिए नया इतिहास रचने जा रही है। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी के मध्य आयोजित होने जा रहे जीबीसी-4 के जरिए योगी सरकार 10 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने जा रही है। इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का कार्य करने जा रही है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ही आयोजित होने वाली इस तीन दिनी प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने जा रहा है। प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरीडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वेयर मीटर के वर्ग क्षेत्र में एक भव्य एग्जिबिशन स्टॉल का संचालन किया जाएगा।

यह प्रयास प्रदेश की वर्तमान उन्नति के साथ ही भविष्य की अपार संभावनाओं को दर्शाने का माध्यम बनने के साथ ही उनके प्रति जागरूकता विकसित करने का भी एक सशक्त माध्यम बनकर उभरेगा। सीएम योगी के विजन अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा ने जीबीसी 4.0 के अंतर्गत आयोजित हो रही प्रदर्शनी में एग्जिबिशन स्टॉल के संचालन की प्रक्रिया शुरू की है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिए एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा।

वहीं, यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम को प्रयोग में लाते हुए शॉर्ट फिल्म्स (जो कि प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृष्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, एडवर्टिजमेंट्स व योगी सरकार की उपलब्धियों तथा पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज़ समेत विभिन्न माध्यमों के जरिए आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की विविध जानकारी उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिन्ह और 8 जीबी के अच्छी गुणवत्ता वाली ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा। प्रदर्शनी में एग्जिबिशन स्टॉल के निर्माण व संचालन के लिए यूपीडा ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्य को करने के लिए यूपीडा द्वारा एजेंसी का चयन किया जाएगा तथा यह प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। प्रदर्शनी स्टॉल का फ्रंट फैकेड भव्य रूप से आकर्षक बनाया जाएगा जो कि 15 फीट से ऊंचा होगा। यहां दो एंट्री व एक्जिट डोर होंगे तथा एक कॉन्फ्रेंस हॉल समेत निवेशकों व गणमान्यों के बैठने के लिए उत्तम व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त, यहां रक्षा उपकरणों के डमी व 3डी मॉडल को शोकेस किया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र बनेंगे। इनमें एयरक्राफ्ट, मिसाइल्स व टैक्स के डमी शामिल होंगे तथा आकर्षक रोशनी व साज-सज्जा इस पूरे स्टॉल को अलग ही आभा प्रदान करेंगे। यहां वर्किंग स्टेशन, अच्छी तरह से क्यूरेटेड रिसेप्शन एरिया, मैगज़ीन स्टैंड तथा डिस्प्ले शेल्फ का भी निर्माण व संचालन किया जाएगा।

अर्थ आवाज़

जेईई (मेन) के परिणामों में आकाश बायजूस गोरखपुर का परचम

गोरखपुर। आकाश बायजूस ने गोरखपुर से अपने 8 स्टूडेंट्स की उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया। जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन-24 के पहले सत्र में 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। उत्कर्ष अग्रवाल ने 99.89 परसेंटाइल के साथ गोरखपुर के सिटी टॉप रहे। प्रखर जायसवाल ने फिजिक्स में 100 परसेंटाइल हासिल किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में प्रखर जायसवाल ने 99.898 परसेंटाइल हासिल किए। वहीं आयुष बरनवाल 99.895 परसेंटाइल के साथ दूसरे सिटी टॉपर रहे। सिद्धिमा ने 99.83, शिवम मल ने 99.74, प्रखर जायसवाल ने 99.51(फिजिक्स में 100 परसेंटाइल), रमन श्रीवास्तव ने 99.33, कुशाग्र मिश्रा ने 99.22 और आदित्य पांडेय ने 99.15 परसेंटाइल हासिल किए। छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. एचआर राव क्षेत्रीय निदेशक आकाश बायजूस ने सराहना की। छात्रों के उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मीशो ने यूजर्स की सुरक्षा के लिए शुरु की कानूनी कार्रवाई

नयी दिल्ली। यूजर्स को धोखाधड़ी से बचाने के लिए टू ई-कमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने हाल ही में धोखाधड़ी की गतिविधियों का खुलासा किया, जिनकी मदद से कुछ लोग मीशो ब्रांड के नाम का गलत उपयोग कर लोगों से ठगी कर रहे थे। ये जालसाज लोगों से ठगी के लिए मुफ्त कार जैसे लुभावने अफरों के साथ नकली लटरी पत्र भी जारी कर रहे थे। अपने ब्रांड के दुरुपयोग और यूजर्स से ठगी रोकने के लिए मीशो ने इस मामले में विस्तृत खोजबीन शुरू की। मीशो ने जालसाजों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की, पहली कोलकाता में और दूसरी राँची में। अन्य राज्यों में अभी जाँच-पड़ताल चल रही है। मीशो के जनरल काउंसेल लोपामुद्रा राव ने कहा मीशो में हमारे यूजर्स की सुरक्षा और विश्वास हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। हमें इन धोखाधड़ी की गतिविधियों से दुख हुआ है, जिनकी मदद से अपराधी हमारे यूजर्स में सेंध लगाकर उन्हें नुकसान पहुँचाते हैं। हमने ऐसे जालसाजों के खिलाफ त्वरित एवं निर्णायक कार्रवाई की है। हमारी यह सक्रियता यूजर्स की सुरक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मीशो द्वारा यूजर्स की सुरक्षा एवं अपने प्लेटफर्म की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाते रहेंगे। राँची, झारखंड में पड़ताल के बाद, राज्य की पुलिस ने तीन लोगों को पहचान कर हिरासत में लिया, जिनमें एक बैंक अधिकारी और एक डेवलपर शामिल था।

वालमार्ट वृद्धि ने 50,000 एमएसएमई को किया सशक्त

नई दिल्ली। वालमार्ट के सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वालमार्ट वृद्धि ने पांच वर्ष से कम समय में 50,000 एमएसएमई को सशक्त करने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है। कंपनी ने आज इसकी जानकारी दी। दिसंबर-19 में लॉन्च किए इस प्रोग्राम के माध्यम से कंपनियों को आगे बढ़ने, विस्तार करने और उन्हें घरेलू सप्लाई चेन से इंटीग्रेट करने में मदद के लिए निःशुल्क ट्रेनिंग, मेंटरिंग और डिजिटल टूल्स प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम ने 50 हजार एमएसएमई को सशक्त करने के लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही प्राप्त कर लिया। वालमार्ट के प्रोग्राम पार्टनर स्वस्ति के साथ मिलकर यह कार्यक्रम स्थानीय सप्लायर्स को फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर कदम रखते समय ट्रेनिंग, मेंटरिंग एवं कारोबार से संबंधित सलाह पाने का मौका देता है। एमएसएमई को दी जाने वाली डिजिटल ट्रेनिंग में फाइनेंस, मार्केटिंग, वर्कफोर्स मैनेजमेंट एवं एनवायरमेंट सस्टेनेबिलिटी जैसे बिजनेस मैनेजमेंट के सभी पहलुओं को कवर किया जाता है। प्रोग्राम उद्यमियों को सफल एवं सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल तैयार करने के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित कर रहा है। इस प्रोग्राम को पूरे देश में लागू किया है। वालमार्ट वृद्धि से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कारोबारी जो पहले से ही फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस से जुड़े थे, उन्होंने यहां से प्रशिक्षण के बाद सालाना 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

निसान और अक्षय पात्र स्कूली बच्चों को उपलब्ध कराएंगा भोजन

गुरुग्राम। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लि और द अक्षय पात्र फाउंडेशन (टीएपीएफ) की साझेदारी से हजारों स्कूली छात्र लाभान्वित हुए हैं। नई दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की भोजन एवं पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए दोनों जनवरी-23 से साथ काम कर रहे हैं। निसान मोटर इंडिया और अक्षय पात्र फाउंडेशन की यह पहल मजबूत एवं शिक्षित पीढ़ी को बढ़ावा देते हुए देश के लिए स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दोनों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। इस सहयोग से टीएपीएफ ने 2023 में छात्रों को 50 लाख भोजन (मील) उपलब्ध कराए। इस पहल ने जनवरी से दिसंबर-23 के बीच निम्न आय वर्ग के 49,000 से ज्यादा बच्चों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। प्रोग्राम आउटरीच के तहत 300 से ज्यादा स्कूलों में भोजन बांटा गया। हर भोजन ने एक बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण में योगदान दिया और स्वस्थ बचपन की नींव रखी। अच्छा पोषण पाने वाले बच्चों की न केवल पढ़ाई अच्छी होती है, बल्कि उनका संपूर्ण प्रदर्शन निखरता है और भविष्य में उनके लिए ज्यादा अवसर भी बनते हैं। निसान के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने कहा निसान मोटर इंडिया और अक्षय पात्र के बीच यह साझेदारी प्रधानमंत्री की पोषण पहल के अनुरूप समाज में स्थायी बदलाव लाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

नेकस्ट्रा डेटा सेंटर्स के लिए खरीदेगा 140,208 मेगावाट ऊर्जा

लखनऊ। नेक्सट्रा बाय एयरटेल ने अतिरिक्त 140,208 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद के लिए एम्पीन और एम्प्लस एनर्जी के साथ पावर-व्हीलिंग समझौते की घोषणा की। नेक्सट्रा ने अब लक्ष्य तय किया है कि वह सालाना 99,547 कार्बन डाई ऑक्साइड के बराबर कार्बन फुटप्रिंट कम करेगा। समझौते के अनुसार एम्पिन एनर्जी और एम्प्लस एनर्जी तमिलनाडु, यूपी और ओडिशा में नेकस्ट्रा के डेटा सेंटर्स के लिए क्रमशः 48 मेगावाट डीसी और 24.3 मेगावाट के कैप्टिव सौर और पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेंगे। नेक्स्ट्रा भारत में ग्रीन डेटा सेंटर्स की सबसे बड़ी श्रृंखला है। 25 साल के समझौते के साथ नेकस्ट्रा 2031 तक अपने सभी डेटा केंद्रों को कार्बन जीरो बनाने का लक्ष्य रखा है। यह कदम नेकस्ट्रा को पर्यावरण-अनुकूल डेटा सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करता है। यह नेक्स्ट्रा के उन प्रयासों के अतरिक्त है जो कंपनी ने वित्तवर्ष 2031 तक अपने संचालन में 100 फीसदी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए किए हैं। ऊर्जा संरक्षण के लिए कंपनी ने बुनियादी ढांचे और प्रक्रियाओं में बदलाव किया हैं। आशीष अरोड़ा सीईओ नेक्सट्रा बाय एयरटेल ने कहा ये साझेदारी भारत के ग्रीन डेटा सेंटर क्षेत्र में अग्रणी बने रहने और 2031 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन हासिल करने की हमारे लक्ष्य को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

फिल्म 'मोरल कॉप' बच्चों में मोबाइल की लत के दुष्परिणामों पर केन्द्रित है:पवन

लखनऊ। अपनी असरदार कहानियों से आदोलित करने वाले पवन कुमार जल्दी ही स्तुति इंटरटेनमेंट और श्रीनिका फ़िल्म्स के बनैर तले 'मोरल कॉप' नाम की बेहद विचारोत्तेजक फ़िल्म लेकर आ रहे हैं जिसके मुख्य कलाकार हैं-यजुवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश जैस, जहाँगीर खान, सनील भार्गव, प्रतीक्षा सिंह, आरव शकुला, प्रिया विश्वनाथ, योगेश परिहार, सतीश त्रिवेदी, नरेंद्र पजंवानी, पकंज टिटोरिया, राम गगंवार, बजृ भषूण, सर्वदर्व मन सिंह, अमरेश और देविका सिंह। फ़िल्म इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे मोबाइल का अति उपयोग विचारशीलता का नाश कर एक भोले भाले इंसान को हैवान बना सकता है। फ़िल्म उन अभिवाहकों को भी जागरूक करती है जो अपनी पसंद के कामों में अवरोध न हो इसलिये बच्चों के हाथ में मोबाइल के रूप में एक ऐसा ख़तरनाक उपकरण थमा देते हैं जो उन्हें भटका कर सामाजिक मूल्यों से, रचनात्मकता से, खेलों के मैदान से दूर ले जाता है। फ़िल्म प्रभावशीलता के साथ यह बात भी कहती है कि मोबाइल बच्चों के लिये एक ऐसा तिलिस्मी क़ैदख़ाना है जिसके अदंर जाने का रास्ता बड़ा सहल है, पर बाहर निकलने का रास्ता दुरुह है। पवन इस फ़िल्म को प्रयोगात्मक सिनेमा के एक नये अध्याय के रूप में देखते हैं। उनका दावा है कि यह फिल्म समाज को नया संदेश देने के लिये बनायी हॅं।

नव्या को 54,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा नव्या अग्रवाल को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा 54,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। नव्या को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि सीएमएस एस.ए.टी. एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट टेस्ट सेन्टर भी है जो यूपी एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

संत वैलेन्टाइन डे को सीएमएस ने 'फैमिली यूनिटी' के रुप में मनाया

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के लगभग 62,000 छात्रों ने आज संत वैलेन्टाइन के शहीदी दिवस 'वैलेन्टाइन डे' को 'फैमिली यूनिटी डे' के रूप मनाकर पारिवारिक एकता का संदेश दिया। सीएमएस के सभी 21 कैम्पस में छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पारिवारिक एकता के महत्व को रेखांकित किया। इसी कड़ी में सीएमएस राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस में आयोजित समारोह में सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि पारिवारिक एकता से ही समाज व विश्व में एकता स्थापित हो सकती है।

शैक्षणिक संस्थानों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। बसंत पंचमी का पर्व बुधवार को जिले भर में मनाया गया । इस मौके पर जहां शिक्षा की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई तो वही प्रसाद वितरण भी किया गया । जगह-जगह अनेको कार्यक्रम भी आयोजित किए गए खासकर शैक्षणिक संस्थानों में यह पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ स्कूल के बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया । मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम का सबसे बड़ा आयोजन श्री साइन इंटर कॉलेज शुक्लाई बड़ेल मे किया गया जहां पर विद्यालय के प्रबंधक डी के वर्मा ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात उन्होंने विधिवत हवन पूजन कर आशीर्वाद मांगा । कार्यक्रम अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रही बाद में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । इसी क्रम में रामसेवक यादव इंटर कॉलेज लखपेड़ा बाग में प्रबंधक विकास यादव ने सपरिवार मां सरस्वती की पूजा अर्चना की तो वहीं लखपेड़ाबाग स्थित श्री साई इंटर कॉलेज मे नवनीत तिवारी एवं सुरेंद्र वर्मा द्वारा हवन पूजन करने के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई । इसी प्रकार बरेठी स्थित महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज में विद्यालय प्रबंधक योगेन्द्र बहादुर सिंह विसेन ने वसंतपंचमीके शुभ अवसर पर शिक्षा की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं हवन पूजन के पश्चात वांछित मनोकामनापूर्ण हेतु वांछित आशीर्वाद माँगी।इस मौके पर अनुराग यादव, अभिषेक वर्मा,आराध्या यादव,अनुराधा यादव, क्रांति शर्मा,जूली शर्मा, ममता वर्मा, रवि यादव,रघुराज यादव, सुरेंद्र वर्मा,पुलकित यादव सोनू साहनी,मानशी यादव,सिमरा, जुली यादव, अमरदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

22 लाख कीमत की अवैध मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। सफदरगंज पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए रामपुर कटरा निवासी एक मार्फीन तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अन्तर्राष्ट्रीय कीमत की करीब 22 लाख रूपये की मार्फीन बरामद की है। तस्कर रामपुर का ही निवासी है जिसके विरुद्ध पूर्व मे भी कई तस्करी, गौवध एव गैगस्टर के मुकदमे दर्ज है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सफदरगंज पुलिस ने मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर रामपुर कटरा निवासी जुबेर उर्फ अलबेली पुत्र अब्दुल सलाम को रामपुर कटरा के पास से ही गिरफ्तार उसके कब्जे से 215 ग्राम अवैध मारफीन बरामद की जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 22 लाख रूपये है।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त थाना सफदरगंज का हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरुद्ध तस्करी, गौवध एव गैंगस्टर के 13 मामले पूर्व से थाने मे दर्ज है पुलिस ने एन डी पी एस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है ।

अनामित व अघोषित गन्ना प्रजातियों की बुआई न करें :डा अरविंद

गोला गोकर्णनाथ (खीरी)बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि गोला क्षेत्र में उ0 प्र0 गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 अरविन्द कुमार , गन्ना प्रजनक द्वारा चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम तलफीपुर , कोरैया . सेखवापुर परेली , भम्मापुर , महेशपुर , धौरेरा बुजुर्ग , हड़ेला , पचतौर , मुश्की , मुस्तफाबाद एवं वसलीपुर का भ्रमण कर क्षेत्र में गन्ने की प्रजातियों की जांच की गई । खेतों पर उपस्थित कृषकों से वार्ता कर उनको गन्ना प्रजातियों की पहिचान एवं लक्षण की विस्तार से चर्चा की गई । कृषकों को अनामित प्रजातियाँ एवं अस्वीकृत प्रजातियाँ न बोने की सलाह दी गई । साथ ही साथ यह बताया गया कि कुछ प्रजातियाँ , जानकारी के अभाव में कृषक बाहरी क्षेत्र से लाकर बुआई कर लेते हैं , तथा वह अपने अनुसार उनका नाम भी निर्धारित कर लेते हैं यह सर्वथा गलत है । उ0 प्र0 में स्वीकृत प्रजातियाँ , शोध केन्द्र एवं गन्ना आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार निर्गत की गई प्रजातियों की ही बुआई करने की सलाह दी गई । ग्राम परेली में ग्राम प्रधान बालगोविन्द वर्मा की चौपाल पर एक कृषक गोष्ठी आयोजित की गई , जिसमें वैज्ञानिकों के साथ आशुतोष मधुकर ज्ये.ग.वि.नि. गोला , पी एस चतुर्वेदी वरि0 महा प्रबन्धक गन्ना द्वारा भी प्रतिभाग किया गया ।उन्होंने बसन्तकालीन गन्ना बुआई में भूमि उपचार , बीज उपचार , गन्ना प्रजातियों का चुनाव, गहरी जुताई से लाभ, ट्रेंच विधि से बुआई आदि पर विस्तार से चर्चा की गई । उपस्थित कृषकों को यह बताया गया कि अस्वीकृत प्रजातियों की बुआई कदापि न करें , उन्नतशील गन्ना प्रजाति को 0118 , को. 15023 , को. लख , 14201 , को. शा. 13235 , को. शा. 17231 एवं को. 98014 की बुआई कर पैदावार बढ़ायें ।चीनी मिल द्वारा स्वस्थ एवं शुद्ध नर्सरी/प्रदर्शन खेत से को 0118 ,15023 गन्ना बीज सुरक्षित किये गए हैं उन खेतो से बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई।

बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में हवन पूजन का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल मां सरस्वती का पूजन करके किया तत्पश्चात विद्यालय में हवन कार्यक्रम पंडित आनंद तिवारी ने संपन्न कराया नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल विद्यालय के संरक्षक अरविंद पांडे प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक तिवारी ने हवन कुंड में आहुति देकर लोक मंगल कामना की बसंत पंचमी के अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा मां सरस्वती ज्ञान की देवी के आशीर्वाद से संपूर्ण समाज में यश वैभव कीर्ति का संचार होगा और समाज में व्याप्त बुराइयां दूर होगी कार्यक्रम शिक्षक आकाश तिवारी अनुष्का मिश्रा चंदा दीक्षित फैयाज अली दरक्षा परवीन शिवा बानो शगुन सोनी साहिबा बानो सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

युवक को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर, मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। अपने इलाज के लिए अस्पताल जा रहे हैं एक 45 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक पांडे का पुरवा मजरे उमरवल क्रिसिया थाना सुबेहा निवासी विजय यादव बुधवार सुबह मोटरसाइकिल से बीएचईएल अमेठी स्थित अस्पताल में अपनी दवा लेने के लिए जा रहे थे वह लखनऊ सुल्तानपुर नेशनल हाईवे पर चिलूला गांव के निकट पहुंचे ही थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े, घटना की सूचना पर तत्काल उन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलवा हैदरगढ़ में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत था।

आईडीए अभियान के अंतर्गत जनपद के आला अधिकारियों ने किया दवा का सेवन

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । जनपद में सर्वजन दवा सेवन(आईडीए) अभियान के अंतर्गत जिले के आला अधिकारियों को दवा का सेवन करवाया गया। मंगलवार को कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी की टीम द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दवा का सेवन कराया गया। इसी क्रम में विकास अधिकारी अ.सूदन , छ्स्ह्र और परियोजना निदेशक मनीष कुमार को दवा का सेवन कराया गया। अभियान का शुभारंभ जनपद के 16 ब्लाकों में शुरू किया गया है। इस मौके पर सीडीओ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने साल 2027 तक देश से फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। फाइलेरिया संक्रामक बीमारी है, इसलिए जब सभी लोग फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करेंगे तभी इस बीमारी का उन्मूलन हो पाएगा। इसलिए जब भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता फाइलेरिया दवा खिलाने आएं तो जरूर खाएं । यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आईडीए अभियान के तहत तीन दवाएं आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन (डीईसी) और एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी 7 आईडीए अभियान के तहत लगातार तीन साल तक साल में एक बार फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है । यह दवा दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को खानी है । स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और फाइलेरियारोधी दवा का सेवन जरूर करें। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. डी के श्रीवास्तव ने बताया कि यह दवाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और उच्च गुणवत्ता की हैं। इन दवाओं के सेवन का प्रतिकूल प्रभाव उन व्यक्तियों में दिखाई देता है जिनमें फाइलेरिया के परजीवी होते हैं। जब ऐसे व्यक्ति फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करते हैं तो फाइलेरिया परीजीवियों के मरने के कारण उन्हें उल्टी आना, चक्कर आने, जी मिलाना, शरीर में चकत्ते पड़ने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह समस्याएं स्वतः ही ठीक हो जाती हैं परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) भी बनाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर आरआरटी और राष्ट्रीय बाल् स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.बी.एस.के.) टीम को उपचार के लिए आशा कार्यकर्ता के माध्यम से बुलाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आईडीए अभियान के तहत लगभग 38 लाख 87 हजार 188 जनसंख्या को फाइलेरियारोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। जिसके लिए 3067. टीम बनाई गई हैं । एक दिन में एक टीम कम से कम 25 घरों का भ्रमण कर लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएगी।

बसंत पंचमी पर्व पर हजारों शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। बसंत पंचमी पर्व पर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा में हजारों शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना किया। भोर पहर मंदिर के कपाट खुलते ही शिव भक्त आराध्य देव के जलाभिषेक के लिए उमड़ने लगे।पूजन अर्चन का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। वही विद्यालयों में भी ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। ज्ञात हो कि इस दिन विद्या की देवी सरस्वती मां की पूजन का विशेष महत्व है।इस दिन श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण कर देवालयों में पूजन दर्शन के लिए पहुंचते हैं।धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन मां सरस्वती की उत्पत्ति हुई थी और इसी दिन बसंत ऋतु का आगमन हुआ था। बसंत पंचमी का दिन छात्र-छात्रा कला संगीत आदि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बेहद खास होता है।

किसानों के आंदोलन पर सपा का समर्थन

बाराबंकी। किसान यूनियन की मांगों में मुख्य रूप से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून लागू करने की मांग छिड़ी हुई है। अपनी मांगों को लेकर देश के कोने कोने से किसान दिल्ली पहुंच कर प्रदर्शन कर रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने किसानों के साथ खड़े होने का दावा किया। उन्होंने बताया कि किसान अन्नदाता है सिर्फ हमारा पेट नही भरता बल्कि पूरे देश की सेवा करता है और ये कृषि प्रधान देश है।दुर्भाग्य है कि किसानों को सम्मान और उनकी फसलों का वाजिब मूल्य मिलना चाहिए, लेकिन उन्हें अपनी मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन करना पड़ रहा है। किसान 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उखाड़ फेंकेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरी समाजवादी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है।

वैवाहिक समारोह से लौट रही कार को अज्ञात वाहन नें मारी टक्कर, दो की मौत

फतेहपुर बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे युवक की कार को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी जिससे कार में सवार सात वर्षीय बालक व बाइस वर्षीय युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। देंवा कोतवाली के माधवगंज निवासी सौरभ वर्मा पुत्र विनोद वर्मा अपने सात वर्षीय पुत्र अयांश व बाइस वर्षीय आकाश यादव पुत्र प्रवेश कुमार निवासी छोलहा कोड़री थाना जहांगीराबाद के साथ फतेहपुर कोतवाली के मिरदहनपुरवा गांव में वैवाहिक कार्यक्रम में आये थे और रात लगभग दो बजे स्विफ्ट कार से अपनी पत्नी को सुन्ध्यामऊ लेने जा रहे थे तभी फतेहपुर में बाबा मैरिज लान के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होगयी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने कार की छत तोड़कर घायलों को बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने अयांश, आकाश को मृत घोषित कर दिया वहीं गम्भीर रूप से घायल सौरभ वर्मा को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने चाचा सत्यम की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर शवों को पीएम के लिए भेजा।

कार दुर्घटना में घायल सौरभ वर्मा के पिता विनोद कुमार वर्मा बाल विकास पुष्टाहार विभाग में बाबू हैं। सौरभ जंहगीराबाद थाना क्षेत्र के सद्दीपुर गांव में मेडिकल स्टार संचालित करते हैं जहाँ पर आकाश यादव काम करता था। आकाश तीन बहनों में सबसे छोटा था और अपने माता -पिता का इकलौता पुत्र था। आकाश पिता की बिमारी के चलते सौरभ के मेडिकल स्टोर पर काम कर परिवार का खर्च उठाता था। इस हादसे में आकाश की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय भाजपा का हुआ भव्य उद्घाटन

रामसनेहीघाट बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। दरियाबाद विधानसभा मे राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के द्वारा नवनिर्मित केंद्रीय भाजपा कार्यालय का कार्यकर्ताओ जनप्रतिनिधियों के साथ भव्य उद्घघाटन किया। बताते चले कि बुधवार दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के अटल सरोवर दरियाबाद रोड भिटरिया में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने नवनिर्मित भवन में केंद्रीय कार्यालय भाजपा का उद्घाटन किया। जिसमें विभिन्न जिलों के साथ दरियाबाद विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता के साथ अन्य लोग मौजूद रहे। राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने नवनिर्मित केंद्रीय भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने से पहले मंगलवार को अखंड रामायण का पाठ करवाया और वह स्वयं अखंड रामायण पाठ किया। बुधवार सुबह अखंड रामायण पाठ समापन के उपरांत हवन पूजन कर पूजा अर्चना किया। उसके उपरांत हजारों भाजपा कार्यकर्ता के साथ केंद्रीय भाजपा कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम पूरा होने के बाद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कन्याओं को प्रसाद वितरित करते हुए कन्याओं से आशीर्वाद लिया।विभिन्न स्थानों से आए भाजपा कार्यकर्ता के साथ अन्य जनता को भी राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने प्रसाद वितरित करवाया। इस अवसर पर कुर्सी विधायक साकेंद्र वर्मा, बैजनाथ रावत, भाजपा नेता रूपेश प्रताप सिंह लकी,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश श्रीवास्तव, शशांक कुशमेश, टिकैतनगर चेयरमैन जगदीश गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष विवेक तिवारी, मंडल अध्यक्ष देवीगज राकेश लोधी, मधुकर तिवारी, समेत हजारों भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

भाजपा सरकार ने कभी किसानों के साथ न्याय नहीं किया

लखनऊ। भाजपा सरकार कभी किसानों के साथ न्याय नहीं कर सकती। भाजपा की नीतियां हमेशा किसान विरोधी और पूंजीपरस्त रही है। यह आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में न तो किसानों का खेत सुरक्षित है न फसल और नहीं सम्मान सुरक्षित है। अपनी मांगों को लेकर दिल्ली जा रहे किसानों पर सरकार ने जिस तरह का बर्बर व्यवहार किया है। इसकी दूसरी मिसाल नहीं मिलती है। सरकार सपना दिखाती है। 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का और किसानों पर अत्याचार करती है। सरकार किसानों की आवाज दब

भाजपा उम्मीदवारों ने किया नामांकन

राज्यसभा चुनाव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। राज्यसभा की दस सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए कल सपा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद आज भाजपा प्रत्याशियों ने भी अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया. बीजेपी ने सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं. इन प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चैधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत व नवीन जैन का नाम शामिल है.बीजेपी के उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधान भवन में अपना नामांकन दाखिल किया. इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चैधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत पार्टी के तमाम शीर्ष पदाधिकारी भी मौजूद थे.गौरतलब हो, राज्यसभा की खाली हो रही 10 सीटों में 9 भाजपा और एक सपा के पास है.जो ताजा समीकरण बन रहा है उससे बीजेपी का 07 सीटों पर जीतना तय माना जा रहा है.वहीं दो सीटों पर सपा की जीत निश्चित मानी जा रही है.एक सीट का पेच फंसा है.बीजेपी इसे भी अपनी जेब में डालना चाहती है.राष्ट्रीय लोकदल के बीजेपी के साथ आने के बाद बीजेपी के लिये आठवी सीट पर जीत की लड़ाई काफी आसान हो गई है.समाजवादी पार्टी में चल रही खींचतान के बीच भाजपा राज्यसभा चुनाव में आठवां उम्मीदवार उतार सकती है। रालोद के एनडीए में शामिल होने के बाद भाजपा का संख्या बल अधिक हुआ है।उधर सपा विधायक पल्लवी पटेल ने मतदान नहीं करने का एलान कर दिया है। भाजपा को भनक लगी है कि सपा के कुछ अन्य विधायक भी खिलाफत कर सकते हैं। ऐसे में भाजपा ने आठवां उम्मीदवार उतारने की संभावना पर काम शुरू किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा के साथ इस विषय पर चर्चा की । जयंत के पाला बदलने से यूपी में 10 सीटों पर हो रही राज्यसभा चुनाव का भी गणित बदलता दिख रहा है.राज्य सभा चुनाव के लिए विधानसभा के सदस्य वोटर होते हैं। इस समय विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 399 है। राज्यसभा में निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम वोट का जो फॉर्म्युला है उसके हिसाब से इस बार एक सीट जीतने के लिए 37 विधायक की जरूरत होगी। इस हिसाब से मौजूदा स्थिति में भाजपा गठबंधन 7 और सपा गठबंधन 3 सीटें आसानी से जीतने की स्थिति में है,लेकिन यह तभी संभव था, जब रालोद का सपा के साथ गठबंधन बरकरार रहता.वोटों के गणित की बात की जाये तो एनडीए के पास इस समय सहयोगियों को मिलाकर 277 वोट हैं। ऐसे में 37 का कोटा सबको आवंटित करने के बाद उसके पास 18 वोट अतिरिक्त बचेंगे। जनसत्ता दल उच्च सदन के चुनाव में अब तक भाजपा के ही साथ रहा है। इसलिए, इनके 2 वोट भी सत्ता पक्ष के साथ जाने तय हैं। ऐसे में भाजपा के पास 20 अतिरिक्त वोट होंगे। वहीं, विपक्षी गठबंधन के पास मौजूदा संख्या 119 विधायकों की है। कोटा आवंटित करने के बाद भी इस समय उनके पास 6 अतिरिक्त विधायक बचेंगे। अगर रालोद एनडीए के पाले में जाती है तो सपा गठबंधन के पास विधायकों की संख्या घटकर 110 हो जाएगी। सपा को अपना तीसरा उम्मीदवार जिताने के लिए 1 और विधायक की जरूरत होगी, जिसे तलाशना आसान नहीं तो मुश्किल भी नहीं होगा। रालोद को मिलाकर भाजपा के पास 29 अतिरिक्त वोट हो जाएंगे। अब अगर भाजपा अपना आठवां उम्मीदवार उतारती है तो फैसला दूसरी वरीयता के वोटों से होगा, जिसमें सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

रामजी की कृपा से यूपी की सभी 80 सीटें जीतेगी भाजपा : बैजयंत पांडा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। भाजपा के यूपी चुनाव प्रभारी ने बैजयंत पांडा ने लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सभी वर्गों से प्रतिनिधित्व देने में सफल रही है। हम लोकसभा चुनाव की तैयारियां कर रहे हैं। देश की जनता ने तय कर लिया है कि अबकी बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर उम्मीद की नजर से देखती है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी अपराध मुक्त हो चुका है। जनता ने जो बदलाव देखा है उसे बरकरार रखना चाहती है। रामजी की कृपा से इस बार भाजपा प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। वहीं, राज्यसभा चुनाव के घोषित प्रत्याशियों पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पार्टी ने राज्यसभा के चुनाव के लिए सामाजिक गुलदस्ता बनाकर पेश किया है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि हम सब भाजपा के लाभार्थी हैं। केशव मौर्य और स्वतंत्र देव भी लाभार्थी ही हैं। इसके पहले, भाजपा के यूपी चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा बुधवार सुबह लखनऊ पहुंच गए हैं।

...अब पल्लवी भी छोड़ेगीं साईकिल की सवारी !

राजनीति

- उम्मीदवारों के चयन को लेकर सुनाई खरी-खोटी
- कहा पार्टी में हो रही है कि पीडीए की उपेक्षा
- डिप्टी सीएम को हराकर बनी हैं विधायक

विशेष संवाददाता

लखनऊ। ओमप्रकाश राजभर, जयंत चौधरी के बाद अब समाजवादी पार्टी से उसके सहयोगी दल अपना दल(कमेरावादी) भी मोहभंग होते दिख रहा है। इनसभी दलों के कुछ अन्य छोटी पार्टियों के साथ 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था। इन सभी दलों में अभी तक अपनादल(के) ही समाजवादी पार्टी के साथ थी। हाल ही में सपा द्वारा राज्यसभा में जिन तीन उम्मीदवारों के नाम घोषणा हुई उसके बाद से समाजवादी पार्टी में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। दो दिन पूर्व ही स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया अब अपनादल(के) की विधायक पल्लवी पटेल ने सपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों के चयन पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व द्वारा बार-बार जो पीडीए की बात कही ज रही है कि वह बताएं कि इसमें पीडीए कहां है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अहमं में भी है और वहमं में भी है। उन्होंने राज्यसभा के होने चुनाव में मतदान न करने की बात भी कहीं है। बतादे की समाजवादी पार्टी ने जया बच्चन को पांचवी बार रास का उम्मीदवार बनाया है जबकि पूर्व मुख्यसचिव आलोक रंजन तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामजी लाल सुमन को मैदान में उतारा है। जानकारों की माने तो लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सपा के सहयोगी दलों द्वारा एक-एक करके जिस तरह से किनारा किया जा रहा है उसके बाद से वह(सपा) अलग-थलग पड़ती दिख रही है।

राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर सहयोगी दल अपनादल (के) के अलावा पार्टी के ही कुछ नेता नाखुश है। जया बच्चन को उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं का मानना है कि उन्हे पांचवी बार राज्यसभा भेजे जाने का औचित्य क्या है।

वे पीडीए के किस वर्ग से आती है। दो दिन पूर्व राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने वालें स्वामी प्रयाद मौर्य ने कहा है कि पार्टी के कुछ नेता अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए पार्टी को कमजोर कर रहे है। मौर्य इस समय समाजवादी पार्टी के प्राथमिक सदस्य भर है। आने वालें दिनों में वे उससे भी इस्तीफा दे दे तो कोई हैरानी नहीं होगी। फिलवक्त यूपी में इस समय समाजवादी पार्टी को अब कांग्रेस का ही साथ मिला है। जिस तरह एक-एक राज्यों में आईएनडीआईए गठबंधन का खात्मा दिख रहा है आने वाले दिनों में सीटों के बंटवारे में यहां सपा और कांग्रेस के बीच खटपट हो जाए तो कोई हैरानी नहीं है। अभी तक समाजवादी पार्टी 65 सीटों पर लड़ने की बात कह रही थी जबकि कांग्रेस का दावा था कि उसकी तैयारी सभी सीटों को लेकर है। फिर खबर आई कि सपा कांग्रेस को बीस सीटें देने तैयार है लेकिन अभी तक इस डील पर मुहर नहीं लगी है। ओमप्रकाश राजभर उसके बाद जयंत चौधरी फिर स्वामी प्रसाद मौर्य और अब अपनादल कमेरावादी की पल्लवी पटेल अपने स्टैंड पर कायम रही तो पार्टी की पीडीए को एकजुट रखने की मुहिम को तार-तार हो सकती है। अभी तक सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव सदन से सड़क तक यही दावा कर रहे है कि पीडीए ही एनडीए को हरायेगा। लेकिन पार्टी के भीतरखाने जो चल रहा है कि उसे देखकर नहीं लगता कि सपा नेतृत्व की पीडीए की लड़ाई रखने की मुहिम को कोई सफलता मिल पायेगी। अपना दल(के) की नेता और सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने दो टूक कह दिया है वे सपा के राज्यसभा प्रत्याशियों का समर्थन करेगी नहीं। बता दे पल्लवी पटेल ने 2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य को शिकस्त दी थी। इतनी तल्खी के बाद क्या वे सपा से गठबंधन बनाये रखेगी इस उनका कहना है कि इस बारे में बाद में सोंचेगी।

नाराजगी की वजह कहीं यह तो नहीं

राजनीतिक जानकारों की माने तो पल्लवी पटेल की नाराजगी इस बात को लेकर है कि उनकी मां श्रीमती कृष्णा पटेल को राज्यसभा का उम्मीदवार नहीं बनाया गया। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने उन्हे उम्मीदवार बनाया था लेकिन वे हार गयी थी। लिहाजा वे चाहती थी कि उनकी मां को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया जाए। पल्लवी पटेल का मानना है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में पिछड़ों के बीच सपा का माहौल बनाने में कृष्णा पटेल ने अहमं भूमिका निभाई थी। पिछड़ों में यादवों से ज्यादा कुर्मी बिरादरी के लोग है। किसी की हारजीत में यह बिरादरी निर्णायक भूमिका निभाती है। पल्लवी पटेल जैसी ही नाराजगी ओमप्रकाश राजभर की थी वे भी चुनाव हारने के बाद अपने पुत्र अरंविद राजभर को विधानपरिषद का उम्मीदवार न बनाए जाने के बाद सपा से अलग हुए थे।

विधायक ने किया पं. श्रीधर व लालता प्रसाद की प्रतिमाओं का अनावरण

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। बसंत पंचमी पर नवजीवन इण्टर कालेज मोहनलालगंज लखनऊ ने अपना स्थापना दिवस संस्थापक अध्यक्ष पं श्रीधर मिश्र एवं संस्थापक प्रबंधक पं लालता प्रसाद दीक्षित की प्रतिमाओं का अनावरण कर मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनीष कुमार के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मोहनलालगजं के विधायक अमरेश कुमार ने इस अवसर पर विद्यालय स्मारिका 'नव जागृति' का विमोचन भी किया गया। विद्यालय के 50 मेधावियों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार दीक्षित, अध्यक्ष कर्नल संजीव मिश्र, उपाध्यक्ष डा एलपी मिश्र एड उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ, उपप्रबंधक नवेन्दु दीक्षित, पूर्व प्रबंधक सुधाकर दीक्षित एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख विंध्येश्वरी शुक्ल, प्रधानाचार्य हरि गोविंद मिश्र, शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी, विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने अपने संबोधन मे कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। शिक्षा से ही व्यक्ति के जीवन में स्थाई विकास का रास्ता खुलता है। बिना शिक्षा के व्यक्ति पशु के समान है। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डा एलपी मिश्र ने कहा कि विद्या से ही विनय प्राप्त होती है और विद्यावान व्यक्ति सुगमता से धनार्जन कर सकता है।

क्ले स्क्वायर रेसिडेंट्स एसो. ने मनाया बसंत पंचमी उत्सव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। बुधवार को बसंत पंचमी उत्सव कार्यक्रम सुबह 10 बजे से क्ले स्क्वायर रेसिडेंट्स एसो के तत्वावधान में कॉलोनी स्थित लीला होम्स में किया गया जिसमे कॉलोनी के अनेकानेक निवासियों द्वारा अपनी सहभागिता प्रदान की गई। कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा के बाद गीत संगीत जिसमें नीरू बिसारिया, किरन सिंह तथा बेबी अंजिका बिष्ट द्वारा मनमोहन प्रस्तुति देने के बाद प्रसाद वितरण तथा भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सैफुल इस्लाम, उपाध्यक्ष क्रांति कुमार बिष्ट, सचिव राजेंद्र श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिंह, नवीन त्रिवेदी सहित सम्मानित वरिष्ठ नागरिक, राजीव अग्रवाल, डी आर वाधवानी, रमेश पंजवानी, कृष्ण मोहन विदौलिया सहित कॉलोनी की अनेक माताएं, बहनें व बच्चों ने सहभागिता कर मां सरस्वती का आशिर्वाद लिया।

पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री के पौत्र भाजपा में शामिल

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की। शास्त्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपिंदर सिंह और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में भाजपा में शामिल हुए। विभाकर शास्त्री ने इससे पहले कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित पोस्ट में अपने त्यागपत्र की घोषणा की। विभाकर शास्त्री ने कहा, ''सम्मानीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी, मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।'' वह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रहे हैं।विभाकर शास्त्री पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते और हरि कृष्ण शास्त्री के बेटे हैं। उन्होंने पूर्व में उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन असफल रहे थे। पिछले कुछ वर्षों में कई बड़े नेताओं ने कांग्रेस का दामन छोड़ा है जिनमें अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, प्रियंका चतुर्वेदी, सुष्मिता देव, आरपीएन सिंह, जयवीर शेरगिल शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि शास्त्री का भाजपा में आना सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए एक स्वागत योग्य संदेश है। उन्होंने कहा कि चूंकि वह पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार से हैं, इसलिए यह स्वाभाविक है कि पार्टी को इस फैसले से फायदा होगा। शास्त्री के एक अन्य रिश्तेदार सिद्धार्थ नाथ सिंह ने इस फैसले का स्वागत किया। सिद्धार्थ नाथ सिंह वर्तमान में इलाहाबाद पश्चिम सीट से भाजपा के विधायक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की मार्गदर्शक भावना सबका साथ सबका विकास हर किसी को आकर्षित कर रही है।

सरोजनीनगर में आयोजित हुआ शक्ति वंदन अभियान

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सरोजनीनगर विधानसभा महिलाओं की आत्मनिर्भरता में नई मिसाल पेश कर रहा है। सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के कुशल नेतृत्व और विकासवादी दृष्टिकोण से मातृशक्ति सफलता के नये आयाम को छू रही है। नारी शक्ति की न सिर्फ पहचान बदल रही है, बल्कि उन्हे सम्मान भी मिल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को एलडीए कॉलोनी के पराग स्थित डॉ राजेश्वर सिंह के विधायक कार्यालय पर शक्ति वंदन अभियान महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शक्ति वंदन अभियान महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम में जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित 500 स्वयं सहायता समूह एवं उनके फेडरेशन द्वारा संपादित उत्कृष्ट कार्य हेतु 11 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सरोजनीनगर विधानसभा की पहचान बन चुकी तारा शक्ति सिलाई सेंटर की महिलाओं को भी सम्मानित किया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी नें कहा कि विधायक डॉ राजेश्वर सिंह महिला सशक्तिकरण के लिए जो कार्य कर रहे हैं वो आज लखनऊ ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में चर्चा का विषय है, वो कहीं चले मात्र जाते हैं और देख मात्र लेते हैं कि मातृशक्ति की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए कुछ किया जा सकता है तो तत्काल संसाधनों का उचित प्रबंधन करवा देते हैं, चाहे कंप्यूटर लैब हो या सिलाई सेंटर। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सीता नेगी एवं कृष्ण गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रधानाचार्य सारिका दुबे को चांदी के प्लेट पर उकेरे गए श्रीराम मंदिर को प्रतीक चिन्ह के रूप में दिया गया।

विधायक ने कहा ये नये भारत की नारी है। जो घर की जिम्मेदारी के बहुत कुछ कर रही है। आज की नारी सशक्त है, सक्षम है। हमारी कोशिश है कि सरोजनीनगर विधानसभा की हर महिला, बेटी, बहन शिक्षित हो, आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम में शिव शंकर सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती सीता नेगी, कृष्ण गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रधानाचार्य सारिका दुबे आदि महिलाएं उपस्थित रही।

नशे में धुत पिकअप चालक ने बैरियर में मारी टक्कर

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 10 में नशे में धुत पिकअप चालक ने सड़क पर लगे बैरियर में टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पहुंची कंट्रोल रूम पुलिस ने चालक के परिजनों को घटना की जानकारी देकर मामले को रफादफा कर दिया। वृंदावन योजना सेक्टर-12-बी स्थित खलीलाबाद बरौली में किराए के मकान में अपनी पत्नी हिना बानो के संग रहने वाला व पेशे से चालक सौरभ मिश्र पुत्र सुरेंद्र नाथ मिश्र मूल निवासी जनपद बाराबंकी बुधवार शाम बाराबंकी के सफेदाबाद स्थित पेप्सी कंपनी से महिंद्रा पिकअप भार वहन संख्या यूपी 32 यूएन 2158 पर फ्रीजर लाद कर इलाहाबाद जा रहा था। अभी वह वृंदावन योजना सेक्टर-9 स्थित आवास विकास कार्यालय के सामने जा रही नहर के किनारे बनी सड़क पर लगे बैरियर के पोल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे को देख राहगीरों ने नशे में धुत चालक को वाहन से बाहर निकाल मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पहुंचे कंट्रोल रूम पुलिस टीम के सिपाही अतुल कुमार ने नशेडी चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के बजाए चालक की पत्नी को फोन कर मौके बुलाया और मामले को रफादफा कर दिया।

संक्षिप्त आवाज़

लंदन किड्स इंटर नेशनल स्कूल का उद्घाटन

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। पीजीआई इलाके के साउथ सिटी में लंदन किड्स इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन बुधवार बसंत पंचमी को धूमधाम से किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यूपब्लिक स्कूल साउथ सिटी ब्रांच के प्रबंधक गोपाल जी मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर किया। बसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। लंदन न्यू सिटी इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल दुर्गा बाजपेई ने बताया कि लंदन किड्स इंटरनेशनल स्कूल लखनऊ की पहली ब्रांच है। जिसमे यूके बेस पर पढ़ाया जाता है, इस ब्रांच में नर्सरी, एल के जी, यूकेजी के बच्चो को स्मार्ट क्लास के साथ साथ अंग्रेजी बोलना डिस्प्लिन में रहना सिखाया जाता है।

ऊर्जा मंत्री ने पांच उपकेन्द्रों का किया शिलान्यास

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश में उच्चकोटि की निर्बाध विद्युत अपूर्ति के लिए प्रयासरत प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जिले को बुधवार को 48.50 करोड़ की सौगात दी। मंत्री श्री शर्मा ने मऊ में प्रवास के दौरान एक उपकेंद्र का शिलान्यास और 5 उपकेंद्रों की क्षमतावृद्धि के उपरान्त लोकार्पण किया। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा जी ने अपने दो दिवसीय मऊ जिले के प्रवास के दौरान जनता को 48.50 करोड़ रूपये की ऊर्जावान सौगात दी है।

नलकूप के लिए जल्द फ्री बिजली का आदेश करे सरकार : उपभोक्ता परिषद

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उ.प्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निजी नलकूप के लिए जल्द फ्री बिजली देने का आदेश जारी करने की मांग की है। परिषद ने कहा है कि एक अप्रैल 2023 से किसानों की बिजली फ्री होने की घोषणा हुई थी, लेकिन आज तक फ्री बिजली का आदेश जारी नहीं हुआ। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश के 14 लाख किसान इस आदेश का इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार को सरकारी विज्ञापन में भी निजी नलकूप पर 100 प्रतिशत बिजली टैरिफ सब्सिडी की बात कही गयी, लेकिन उसका आदेश अभी तक जारी नहीं हुआ है। आदेश न होने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर किसान भ्रम की स्थिति में हैं। कुछ किसान आज भी अपने निजी नलकूप की बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं, जबकि पूर्व में सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से फ्री बिजली का ऐलान किया था, लेकिन आदेश आज तक नहीं जारी हुआ। जो किसान बिजली का भुगतान कर रहे हैं, उनका मानना है कि कहीं बिजली फ्री का आदेश न जारी हुआ तो इकट्ठा बिजली बिल का भुगतान कैसे करेंगे और कुछ किसान जो सरकार के निर्णय के इंतजार में है कि फ्री बिजली का आदेश होगा।

रिश्वतखोरी के मामलें में सीबीआई ने दो को किया गिरफ्तार



लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सीबीआई ने ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक बुलंदशहर यूपी के उक्त प्रभारी अधिकारी के विरुद्ध वर्तमान मामला दर्ज किया। जिसमें 04 अस्पतालों में संबद्ध ईसीएचएस लाभार्थियों को चिकित्सा संबंधी सेवा के सुचारू संचालन की सुविधा हेतु प्रति माह 1,00,000 रु. के अनुचित लाभ अवैध रिश्वत की मांग करने का आरोप है। यह भी आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने शिकायतकर्ता पर इसके लिए दबाव बनाया। इस क्रम में आगे यह आरोप है कि शिकायतकर्ता की कंपनी आउटसोर्सिंग के आधार पर बुलंदशहर के 04 अस्पतालों में ईसीएचएस लाभार्थियों के चिकित्सा उपचार से संबंधित सेवाएं प्रदान करने में संलग्न थी। सीबीआई ने जाल बिछाया एवं आरोपी को शिकायतकर्ता से मांगी गई राशि 1,00,000 रु0 में से 80,000 रु. का अनुचित लाभ रिश्वत राशि के रूप में मांग करने एवं स्वीकार करने के दौरान रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया तथा ग्रेटर नोएडा में आरोपी के आवासीय परिसरों की तलाशी ली जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश गाजियाबाद की अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। एक अन्य मामले में सीबीआई ने कार्यालय अधीक्षक कार्मिक प्रभाग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) नागपुर को शिकायतकर्ता से 10,000 रु. की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने पर पकड़ा। सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर आरोपी कार्यालय अधीक्षक कार्मिक प्रभाग एसईसीआर नागपुर के विरुद्ध तत्काल मामला दर्ज किया। सीबीआई ने जाल बिछाया एवं उक्त आरोपी को शिकायतकर्ता से 10,000 रु. की तय रिश्वत राशि स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के परिसर पर तलाशी ली जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं उसे सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीशए नागपुर के समक्ष पेश किया जाएयगा। दोनों मामलों में जाँच जारी है।

43 लाख घरों को मिलेगा पेयजल कनेक्शन

- अमृत 2.0 वाटर कॉन्क्लेव के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अमृत 2.0 कार्यक्रम को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया है। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 कार्यक्रम द्वारा प्रदेश में 43 लाख से अधिक घरों को पेयजल कनेक्शन और पांच लाख घरों को सीवर हाउस कनेक्शन दिया जायेगा। मुख्य सचिव ने टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक प्रयोग, पेयजल, सीवरेज प्रबन्धन, री-यूज्ड और यूज्ड वाटर पर जोर दिया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र बुधवार को अमृत 2.0 वाटर कॉन्क्लेव को दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय वॉटर कॉनक्लेव का आयोजन नगर विकास विभाग एवं उप्र जल निगम (नगरीय) के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने अमृत 2.0 कार्यक्रम की व्यापकता की ओर कार्यशाला के प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित करते हुए हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाने और अमृत 2.0 कार्यक्रम को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने शहरों को स्वच्छ बनाने, वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने, अमृत योजना के अन्तर्गत सरोवरों का जीर्णोद्धार, वर्षा जल संचयन, प्राकृतिक जल स्रोतों का बेहतर रख-रखाव आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने दूरगामी विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, इसमें आपका महत्वपूर्ण योगदान होगा।

आगामी दो वर्षों में रामनगरी अयोध्या में नगरवासियों को मिलेगी 24×7 जलापूर्ति की सुविधा

इस दौरान मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग से अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में परियोजनाएं तैयार कर स्वीकृति उपरान्त उनका तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने की अपेक्षा की। उन्होंने बताया कि उड़ीसा के पुरी शहर में क्रियान्वित 24×7 जलापूर्ति के सफल मॉडल पर आधारित रामनगरी अयोध्या में 24×7 जलापूर्ति की परियोजना का क्रियान्वयन प्रगति पर है, आगामी दो वर्षों में अयोध्या नगरवासियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। कॉनक्लेव के दौरान बताया गया कि अमृत 2.0 के अन्तर्गत प्रदेश में 10 लाख से अधिक घरों में नल कनेक्शन दिये जा चुके हैं। साथ ही 166 अमृत सरोवरों का पुनर्रूद्धार की परियोजनायें शासन द्वारा स्वीकृत की जा चुकी हैं।

जेईई मेन में ग्रेविटी का शानदार रिजल्ट

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। ग्रेविटी क्लासेज के छात्रों ने जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन किया है। शौर्य सिंह 99.926 परसेंटाइल हासिल कर लखनऊ के टॉपर बने। शौर्य रानी लक्ष्मी बाई सेक्टर 14 इंदिरा नगर के छात्र हैं। ग्रेविटी क्लासेज के 600 से ज्यादा बच्चों ने बेहतरीन परसेंटाइल के साथ जेईई मेन क्वालीफाई किया। ग्रेविटी के 14 बच्चों ने 99.7 से अधिक परसेंटाइल हासिल किया है। 53 से अधिक बच्चों ने 99 या इससे ज्यादा परसेंटाइल हासिल किया है। ग्रेविटी क्लासेज के एसआईपी बैच से सेलेक्शन का प्रतिशत हमेशा की तरह इस बार भी ज्यादा रहा। ग्रेविटी क्लासेज के निदेशक का कहना है कि जेईई मेन द्वितीय के बाद 99 परसेंटाइल पाने वाले बच्चों की संख्या 130 से भी अधिक हो जाएगी, जैसा कि बीते वर्षों में होता रहा है। उन्होंने सफलता पाने वाले बच्चों को बधाई दी। एसआरजी बैच के 95 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों ने जेईई मेन क्रैक किया। ग्रेविटी क्लासेज के ब्रांच मैनेजर तरुण शुक्ला और सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी है।

संक्षिप्त समाचार

पीड़िता की मां ने युवक के खिलाफ दी तहरीर

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक गाँव से माँ ने अपनी मुकबाधिर लड़की पर दुष्कर्म का आरोप एक युवक पर लगाया है। थाना बिहार में तहरीर देते हुए माँ ने बताया उसकी दो पुत्रियां है जिनमे से बड़ी पुत्री की शादी हो चुकी है जबकि छोटी पुत्री न बोल सकती है और न ही सुन सकती है। मेरी मुकबाधिर पुत्री उम्र लगभग 23 वर्ष को अपने मायाजाल में फंसाकर गाँव के ही एक युवक ने नाजायज संबंध बना लिए। मुझे तब पता चला जब मेरी पुत्री के पेट मे डेढ़ माह का गर्भ था। आरोपित युवक दूसरी शादी भी कर रहा है। थाना प्रभारी बिहार शिव प्रकाश पांडेय तहरीर प्राप्त हुई है मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

खेल का मैदान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

उन्नाव। ब्लॉक सुमेरपुर के अंतर्गत मनिकापुर में बना खेल का मैदान मात्र कुछ ही माह में मजाक बन गया है। लाखो रुपये खर्च होने के बाद जिम्मेदारो ने केवल अपनी जेब भरने का काम किया है। मैदान परिसर में लगा हैंडपंप शोपीस बन कर रह गया है। मैदान में आने वाले बच्चो ने बताया हम अपना पानी का इंतजाम खुद लेकर आते है। मैदान परिसर की सुरक्षा के लिए दर्जनों रेडीमेट सस्ते घटिया पत्थर के पोल टूटे पड़े है उनमें से कुछ खंभों में बंधा कटीला तार भी गायब हो गया है। बच्चो के लिए खेल कूद के लिए लगाई गई समान धीरे धीरे गायब होती जा रही है। पूरा परिसर गंदगी से भरा पड़ा है। पैदल वाक के लिए चारो तरफ बनाई गई इटो का खंडजा उखड़ गया है। थोड़ी सी बारिश में पूरे मैदान में जलभराव हो जाता है। ये मैदान बिहार बक्सर मार्ग से सटा है लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान इस तरफ नही जाता। वर्तमान सरकार हर ब्लॉक हर गाँव मे खेल का मैदान बनवा रही है लेकिन इस मैदान को देखकर सरकार के दावे हवा हवाई साबित हो रहे है।

दस दिन पूर्व भागी युवती प्रेमी संग गिरफ्तार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे की एक युवती को गत 4 फरवरी को महोबा जनपद के खन्ना निवासी महेंद्र कुमार भगा ले गया था। पुलिस ने बुधवार को सुबह युवती को प्रेमी संग कस्बे से गिरफ्तार करके डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। युवती की बहन मुन्नी देवी एवं बुआ बिंदी का आरोप है कि पुलिस उन्हें युवती से नहीं मिलने दे रही है जबकि पुलिस का कहना है कि परिजनों का आरोप निराधार है। युवती ने परिजनों से मिलने से इनकार कर दिया है। युवती से न मिल पाने से खफा महिलाएं थाना गेट पर दिन भर डटी रहीं।

पड़ोसी पर चोरी का आरोप, एसपी से शिकायत

भरुआ, सुमेरपुर। मौहर गांव निवासी मुन्ना ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया है कि उसने अपनी पुत्री के विवाह के लिए डेढ़ लाख रुपये एकत्र करके घर पर रखा था। गत 3 फरवरी को घर में जब बच्चे अकेले थे और वह खेत गया था तभी गांव निवासी ज्ञान सिंह घर में घुस आया और अलमारी में रखे रुपए चोरी करके ले गया घर वापस आने पर बच्चों ने घटना से अवगत कराया। जब उसने रुपए वापस करने की बात कही तो ज्ञान सिंह ने गाली गलौज करके भगा दिया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत के बाद कार्यवाही नहीं की है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि जांच कराई जा रही है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

बारिश से मटर मसूर की फसलें जमींदोज

भरुआ, सुमेरपुर। बीती रात हुई बारिश का दलहनी तिलहनी फसलों में विपरीत प्रभाव पड़ा है। तेज हवाओं के साथ बारिश होने से मटर मसूर की फसले खेतों में जमींदोज हो गई है नुकसान की आशंका से किसान सहम गया है। बीती रात रुक-रुककर हुई बारिश का विपरीत असर दलहनी तिलहनी फसलों पर पड़ा है। नुकसान के आशंका से किसान सहम गया है। किसान ज्ञान सिंह, इंद्रपाल यादव, राजा यादव, सुरेश कुमार, उदयभान, परशुराम ने बताया कि बारिश का विपरीत असर मटर, मसूर की फसलों में पड़ा तेज हवा के साथ बारिश होने से मटर, मसूर की फसले खेतों में जमींदोज हो गई है। इन दोनों फसलों के साथ पकी खड़ी सरसों की फसल में विपरीत असर पड़ने की संभावना बलवटी हो गई है। इससे किसानों की धड़कनें तेज हो गई है।

दंगल के प्रथम दिन रवि ने सुल्तान को पटका

भरुआ, सुमेरपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी बसंत पंचमी के अवसर पर कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल में रामेश्वर मिश्र की स्मृति में दो दिवसीय दंगल का आयोजन कराया गया। प्रथम दिन दंगल का शुभारंभ आयोजक जयप्रकाश उर्फ बब्बू दीक्षित ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। प्रथम दिन नामी गिरामी पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्तियां संपन्न हुई। इस विशाल दंगल में रवि अलीगढ़ ने सुल्तान कानपुर को रोमांचक मुकाबले में परास्त किया। ओमवीर कानपुर व योगेश हाथरस के मध्य हुआ मुकाबला बराबरी पर छूट गया। भूटिया नजरपुर ने कुलदीप टेढ़ा को हराया। कुलदीप मथुरा को फरहान अलीगढ़ ने पटकनी दी। गोविंद खरौंज ने जान मोहम्मद बिल्हौर को हराया। मनीष पपरेंदा व आकाश एटा के मध्य हुई कुश्ती आकाश के चोट लग जाने के कारण निरस्त कर दी गई। रेफरी की भूमिका सूरजपाल सिंह एवं रामकिशुन नन्ना ने निभाई। संचालन सुरेश यादव दपसौरा ने किया। इस मौके पर बुंदेलखंड केसरी बाबूलाल,डा इमामुद्दीन, राजन दीक्षित, सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव, राजेश शिवहरे, कैलाश द्विवेदी, रामचंद्र शिवहरे, कुंजबिहारी पांडेय, सुरेश मिश्रा, राघवेंद्र पांडेय, पंकज तिवारी आदि रहे।

पानी भरे गड्ढे में गिरकर मासूम की मौत

घाटमपुर। कोतवाली क्षेत्र के परास गांव में बुधवार की सुबह पानी भरे गड्ढे में गिर जाने से एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। श्रीकृष्ण ग्राम परास स्थित एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता है। वह भट्ठे में ही झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहता है। बुधवार की सुबह पति-पत्नी ईट की पथाई करने में जुटे थे। तभी उनका एक वर्षीय बेटा आदर्श घुटनों के बाल चलता हुआ वहीं पानी भरे गड्ढे में गिर गया। जब तक परिजनों ने उसे देखा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसे सीएचसी घाटमपुर लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से श्रीकृष्ण के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

गिरफ्त से भागा कैदी, पब्लिक ने पकड़ा

कानपुर। कानपुर जेल में बंद कैदी राजे खान उर्फ नजरूल हसन को जेल पुलिस कर्मी सरकारी वाहन से कुछ दिक्कत होने के कारण स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में स्थित हैलट के एक्सरे विभाग में सुबह 11 बजे लेकर आए थे। जहां उसका एक्सरे होने के लिए पर्चा बन रहा था। रोजाना की तरह हैलट अस्पताल में भीड़ भाड़ होने के कारण पुलिसकर्मी का ध्यान हटा इसी दौरान वह हथकड़ी छुड़ाकर मार्चुरी की तरफ भागा। इस दौरान पुलिस कर्मी के होश उड़ गए। भीड़ के बीच भागते हुए पुलिसकर्मी शोर मचाते पकड़ो-पकड़ो कहते भागा। अंततः उसे मार्चुरी के पास दबोच लिया गया। जेल अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय ने बताया कि बिधनू के शिवगंज चौराई निवासी राजे खान उर्फ नजरूल हसन 23 जून 2023 को दुष्कर्म के आरोप में जेल लाया गया था। उसे टीबी और मल्टी ड्रग रजिस्टेंट की बीमारी है। जिस कारण उसे अस्पताल में दिक्कत होने पर लाया गया था।

'गैंग्स ऑफ ठग' को पुलिस ने दिया वैलेंटाइन-डे गिफ्ट

गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर रची थी साजिश, छह गिरफ्तार

- 196 अपात्रों के खाते में साइबर फ्रॉड से ट्रांसफर किए 1.07 करोड़ रुपए

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। वैलेंटाइन डे के दिन पुलिस प्रेमी जोड़े समेत 6 आरोपियों को अरेस्ट किया है। साइबर ठगों ने श्रम विभाग के पोर्टल से अपने साथियों के साथ मिलकर 1.7 करोड़ रुपए की धनराशि बोगस अकाउंट्स में ट्रांसफर कर ली थी। अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने साइबर थाने में बीते एक फरवरी को एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में आरोपियों को दबोचने के लिए सर्विलांस, स्वाट और साइबर एक्सपर्ट की चार टीमें बनाई गई थीं। पुलिस ने यूपी और छत्तीसगढ़ से आरोपियों को अरेस्ट किया है।

श्रम विभाग के यूपीबीओसीडब्ल्यू द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना में फर्जी आवेदन किया गया था। अपात्रों की आईडी और अधिकारियों के फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर का इस्तेमाल करते हुए फर्जी 196 अपात्र श्रमिकों के खातों में साइबर ठगों ने 1.7 करोड़ की धनराशि ट्रांसफर कर ली थी। जब इसकी जानकारी श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव को हुई तो उनके होश उड़ गए।

उन्होंने फौरन इसकी साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के पास से डिजिटल इलेक्टॉनिक डिवाइस, फर्जी कागजात बरामद किए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने ट्रांसफर की गई 1.7 करोड़ में से 64 लाख की रकम को फ्रीज करा दिया था। डीसीपी ने बताया कि श्रम विभाग कभी-कभी वेबसाइट की खामियों को दूर करने के लिए भी काम करता था। इसी वजह से उदित वेबसाइट की खामियों को भलीभांति समझ गया था। उसने अपने साथियों की मदद से बोगस अकाउंट्स बनाए थे। यह अकाउंट्स उनके थे, जो अपात्र थे। ट्रेजरी ऑफिसर के डिजिटल हस्ताक्षर लेकर पैसों को ट्रांसफर किया गया। पुलिस ने नैंसी ठाकुर, उदित ठाकुर, अंकित मिश्रा, मो. यासीन, ललित कश्यप, विनय दीक्षित को अरेस्ट किया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस पूरी घटना का मास्टर माइंड उदित मिश्रा है। उदित पूर्व में घाटमपुर सजेती में कॉल सेंटर चलाता था। इस गैंग में उदित की महिला मित्र नैंसी ठाकुर, मुनाजिर, अर्जान, यासीन ललित कश्यप, मस्तान और विनय दीक्षित शामिल थे। उदित की महिला मित्र नैंसी ठाकुर कम्प्यूटर साइंस से बीटेक है। इसके साथ ही उदित ने यूट्यूब और अन्य माध्यमों से साइबर सिक्योरिटी के ऑनलाइन कोर्स किए हैं। श्रम विभाग की वेबसाइट की सुरक्षा खामियों के कई बाईपास तलाश लिए थे। उदित श्रम विभाग की वेबसाइट में आने वाली टेक्निकल फाल्टों को दूर करने का काम करता था।

'लग्जरी लाइफ' के चक्कर में बने लुटेरे

लेडी कैप्टन संग मोबाइल लूट का पुलिस ने किया खुलासा

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। बुधवार को एडीसीपी साउथ अंकित शर्मा ने खुलासा करते हुए बताया कि किदवई नगर ई ब्लॉक निवासी विनीत त्रिपाठी सेना में कैप्टन हैं और वह वर्तमान में कर्नाटक में तैनात हैं। छह फरवरी की दोपहर मछरिया मार्केट के पास उनके साथ बाइक सवार लुटेरों ने उनका मोबाइल लूट लिया था। इस वारदात को अंजाम देने में तीन लोग शामिल थे।

बताया कि पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि गोविंद नगर निवासी रोहित, अंकित, रविदास पुरम गुजैनी निवासी लवी ने घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस ने इन तीनों अपराधियों को गुजैनी से गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में युवकों ने बताया कि शराब पार्टी और गाड़ी से घूमने के शौक ने उन्हें लुटेरा बना दिया। जब जेब में पैसे नहीं होते हैं तो वह लोग लूट की घटना को अंजाम देते हैं। एडीसीपी ने बताया कि लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपने एक मित्र गोविंद नगर निवासी अर्जुन निषाद की दुकान पर बेच देते थे। फिर वह दुकानदार किसी अन्य को यह मोबाइल बेचता था। पुलिस ने अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया है। इसका एक साथी लवी फरार हो गया है, जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया कि पुलिस ने लूट के मोबाइल के साथ सात मोबाइल बरामद किए हैं। एडीसीपी ने बताया कि गोविंद नगर निवासी रोहित 2023 में पनकी थाना क्षेत्र से लूट के मामले में जेल जा चुका है।

इसके अलावा पनकी थाने में ही उसके खिलाफ अलग-अलग मामले में तीन मुकदमें दर्ज है।

बताया जा रहा है कि रोहित चार माह पहले ही जेल से छुटकर आया है और इस बीच उसने कई लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है।

'छोटू चोर' चढ़ा पुलिस के हत्थे

कानपुर। सोमवार देर रात नौबस्ता थाना क्षेत्र में छह दुकानों का ताला तोड़कर एक नाबालिग चोर ने घटना को अंजाम दिया था। घटना का खुलासा करते हुए एडीसीपी अंकित शर्मा ने बताया कि घटना के 48 घंटे के भीतर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो जानकारी हुई कि मछरिया निवासी 14 वार्षिक एक नाबालिग है, जिसने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने नाबालिग को उसके घर के पास से ही पकड़ लिया। पूछताछ में बच्चे ने बताया कि वह दिन में अपने क्षेत्र में आसपास की दुकानों में घूमा करता है और फिर योजना बनाकर रात में वहां पर चोरी करने जाता है।

जांच में पता चला है कि पिता प्राइवेट काम करते हैं, मां गृहणी हैं। घर की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। एडीसीपी ने बताया कि 12 तारीख की रात को नाबालिग ने एक के बाद एक छह दुकानों में चोरी की गई थी। सभी के ताले तोड़े गए थे। इसके अलावा 26 जनवरी की रात भी नौबस्ता थाना क्षेत्र के जेएस फिटनेस सेंटर कि जिम का ताला तोड़कर लगभग 27 हजार रुपये की चोरी हुई थी। उस घटना को भी इस बच्चे ने अंजाम दिया था। बच्चों के पास से 62 सौ रुपये बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पहले तो बच्चा पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन बाद में उसने घटना को कबूला है। बताया कि बाल अपचारी को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पांडेय, आवास विकास चौकी प्रभारी सद्दाम खान, हंसपुरम चौकी प्रभारी अशोक कुमार तिवारी, उपनि दीपक शर्मा, अमर सिंह राठौर शामिल रहे।

बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित होने पर बरपा हंगामा

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। सचेंडी थानाक्षेत्र में अराजकत्तवों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़कर उसे खंडित कर दिया। बुधवार सुबह ग्रामीणों की नजर मूर्ति पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे आक्रोशित भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ धरना देकर जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर पहुंचे आलाधिकारियों ने काफी समझाने का प्रयास किया। इसके बाद घटनास्थल पर नई मूर्ति लगाने के आश्वासन और अज्ञात पर रिपोर्ट लिखने के बाद वह लोग शांत हुए। दोपहर होते-होते ग्रामीण, कार्यकर्ता की पुलिस से नोकझोंक हो गई।

सचेंडी क्षेत्र के एस इंटर कॉलेज में बुधवार को सुबह स्कूल के अंदर लगी बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा किसी अराजक तत्व ने तोड़कर खंडित कर दिया। जिसकी सूचना भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को मिलते ही सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता स्कूल में पहुंच गए और जमकर हंगामा काटने लगे। सूचना पर एडीसीपी पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी, एसीपी टीबी सिंह व सचेंडी थाने की फोर्स मौके पर पहुंचे। माहौल खराब न हो इसलिए अफसरों ने क्षेत्रीय लोगों और भीम आर्मी के लोगों से बातचीत शुरू की।

जिसमें नई मूर्ति मंगवाकर लगवाए जाने और मुकदमा लिखाने के साथ कार्रवाई की बात पर लोग शांत हुए। भीम आर्मी के पदाधिकारी वीरेंद्र बहुजन ने बताया की चुनाव नजदीक है, इसलिए इस तरह की कई घटनाएं कानपुर के आसपास देखी गई हैं। बाबा साहब की मूर्ति से सिर गायब है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पास में ही एक कुआं बना हुआ है, शायद उसमें उसे खंडित कर डाला गया है। पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि पार्क का सुंदरीकरण कराकर मूर्ति स्थापित कराई जाए। इसके साथ ही उन्होंने समाज के लोगों से भी अपील की है कि जहां-जहां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगी हुई है, वहां पर सुंदरीकरण कारण इसके साथ ही वहां पर कैमरे भी लगवाए जाएं।

सरकारी बकायेदारों से होगी वसूली

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। महापौर की अध्यक्षता में कानपुर नगर निगम के राजस्व वसूली के सम्बन्ध बैठक की गयी। महापौर द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 की राजस्व वसूली के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अनिरूद्ध सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 23-24 का लक्ष्य 414 करोड़ है, जिसके सापेक्ष 260 करोड़ की वसूलयाबी हो चुकी है, अभी 154 करोड़ शेष है, जिसमें ज्यादातर सरकारी विभागों पर कर बकाया है। साथ विगत वर्ष में अच्छी वसूली होने पर रू0 100 करोड़ (रूपये एक अरब) का पुरस्कार सी0एम0 ग्रिड के अन्तर्गत प्राप्त हुआ है, जो कानपुर नगर विकास कार्य पर व्यय होगा। महापौर द्वारा बड़े बकायेदार के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अनिरूद्ध सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने अवगत कराया कि रेलवे पर 120 करोड़ पीडब्ल्यूडी पर रू0 तीन करोड़ पचास लाख, श्रम विभाग एवं कानपुर विकास प्राधिकरण पर 17 करोड़, 04 करोड़ जेल विभाग पर बकाया है। बैठक में महापौर द्वारा प्रयागराज रेल मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी से एवं जेल अधीक्षक, कानपुर तथा पराग डेयरी के महाप्रबंधक से वार्ता की गयी, जिसमें उक्त अधिकारियों द्वारा परीक्षण कराकर जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिया गया।

ब्लॉक लेवल पर जड़ें मजबूत करेगी पुलिस

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में गोष्ठी आहूत की गयी। गोष्ठी में सम्मिलित अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी कानपुर नगर, मुख्य विकास अधिकारी, सभी जोनों के पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं कमिश्नरेट कानपुर नगर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी ब्लाकों के ब्लाक प्रमुखों के साथ कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने हेतु सार्थक विचार विमर्श किया गया एवं प्राप्त सुझावों पर शीघ्र कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन के लिये सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

घबराएं मत, गुनहगार बच नहीं पाएंगे

- किसान बाबू सिंह के परिजनों से मिले डीसीपी पूर्वी

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। चकेरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 756/23 धारा 306/506/420/120बी भादवि की वादिनी बिटान देवी व उनके परिजनो द्वारा मुकदमा के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस उपायुक्त पूर्वी एस.के. सिंह से थाना चकेरी कार्यालय में मुलाकात करके मुकदमा उपरोक्त के वांछित बबलू यादव पुत्र रामचन्द्र निवासी टटियन झनाका थाना चकेरी कानपुर नगर की गिरफ्तारी व अपने परिवार की सुरक्षा के सम्बन्ध में वार्ता की गयी। वार्ता के क्रम में पुलिस उपायुक्त पूर्वी द्वारा वादिनी की सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया गया तथा वांछित भूमाफिया बबलू यादव की गिरफ्तारी हेतु एसीपी चकेरी व प्रभारी निरीक्षक चकेरी के साथ वांछित अभियुक्त के घर दबिश दी गयी ध्यात्वय है कि इस अभियोग में अभियुक्त शिवम सिंह चौहान, मधुर पांडेय और राहुल जैन को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा गया है। प्रकरण में न्यायालय से अन्तरिम जमानत प्राप्त कर चुके अभियुक्त जितेन्द्र यादव व प्रियरंजन आशु दिवाकर की जमानत निरस्त कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। पुलिस उपायुक्त पूर्वी द्वारा अभियोग की विवेचना की समीक्षा करते हुए प्रभारी निरीक्षक चकेरी को वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिये आदेशित किया।

आग का गोला बना कबाड़ गोदाम

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। शॉर्ट सर्किट से कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देख आसपास रहने वालों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में लाखों का नुकसान हो गया। नवाबगंज के नरेश कश्यप का जाजमऊ में कबाड़ का गोदाम है। देर रात करीब एक बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग गोदाम के बाहर लगे टट्टर से शुरू होती हुई अंदर तक पहुंच गई। कबाड़ में आग पकड़ने से वह धू-धूकर जलने लगा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि जाजमऊ क्षेत्र के अंतर्गत 150 फीट रोड पर एक खाली प्लॉट पड़ा हुआ था। इसी प्लॉट में कबाड़ का गोदाम बनाया गया था। उन्होंने बताया कि देर रात आग तेजी से बढ़ी तो लोगों ने खुद बुझाने का प्रयास किया लेकिन काबू नहीं पा सके। इसके बाद मीरपुर किदवई नगर से तीन दमकल की कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने शुरू किया। मौके पर जाजमऊ थाने का फोर्स पहुंचा और आसपास भीड़ लगाए लोगों को हटाया।

सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त कैंट अंजलि विश्वकर्मा पहुंची। उन्होंने बताया कि एक घंटे में आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया था। घटना में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग और फैल सकती थी।

मुठभेड़ के बाद दोहरे हत्याकांड के दो अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर (स्पष्ट आवाज)। जिले में वृद्ध भाई-बहन के दोहरे हत्याकांड के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पड़ोसी ने महोबा जनपद निवासी आरोपी के साथ दोहरे हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया था।

8 फरवरी को बिवांर थाना क्षेत्र के पारा गांव में सगे भाई-बहन किशनदत्त सोनी 70 वर्ष और वृद्धा कैलाशकली 65 वर्ष के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ शव मिला था। वृद्ध के हाथ भी बंधे हुए थे। घर में सामान बिखरा हुआ पड़ा मिला था। फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम ने साक्ष्य जुटाए थे। भाई की तहरीर पर पुलिस ने चोरी के इरादे से घर में घुसकर घटना को अंजाम देने का मामला दर्ज किया था। मौदहा सीओ श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब चार बजे मुखबिर की सूचना पर गांव के बाहर लदार मोड़ पर आरोपी पूरन नाई 32 वर्ष निवासी पारा और हरिया उर्फ हरिकिशन 35 वर्ष पुत्र पंचम लाल निवासी मिल्कीपुर थाना कोतवाली जनपद महोबा को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है। पूरन नाई के बाएं पैर में गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके पास से चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने बताया कि तीन बदमाश चोरी करने की नियत से घर में घुसे थे। जब घर में मौजूद भाई बहन ने इन चोरों को देख लिया तब इन बदमाशों ने उन दोनों की हत्या कर दी थी और कीमती जेवरात सही रुपये चोरी कर लिए थे। आज पुलिस मुठभेड़ में दो हत्यारे गिरफ्तार हुए है। जिसमें पुरन के पैर में गोली लगी है और दूसरा हरिया भी गिरफ्तार हुआ है जबकि राजेंद्र फरार हो गया है। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा कारतूस व कीमती जेवरात सहित 32 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

छात्र-छात्राओं ने किये सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम

उन्नाव (स्पष्ट आवाज)। बांगरमऊ स्टेशन मार्ग पर नगर स्थित गला समिति सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर की और से एक शांति निकेतन गेस्ट हाउस में आज बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर प्रबंधक नीरज गुप्ता की देखरेख में छात्र-छात्राओं द्वारा तरह-तरह के सास्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। जिन्हें देख अभिभावक एवं आए हुए अतिथि गणों का मन मोह लिया। वही नगर के न्यू कटरा स्थित आर डी एस इंग्लिश मीडियम स्कूल में भी विधायक श्रीकांत कटियार दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहन तरह-तरह के सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर सैकड़ो अभिभावक सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

निराला जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी

सुमेरपुर (स्पष्ट आवाज)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में कस्बे के लालू सिंह पब्लिक स्कूल में बुधवार को बसन्तोत्सव और महाकवि निराला जपन्ती के उपलक्ष में कवि गोष्ठी का आयोजन संगठन के अध्यक्ष लखनलाल जोशी की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन मंत्री कैलाश सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कामता प्रसाद विश्वकर्मा, तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रान्तीय संयुक्त मंत्री रेवती कुमार पाठक और नारायण प्रसाद 'रसिक' मौजूद रहे। माँ सरस्वती का पूजन अर्चन और दीप प्रज्वलन के बाद कवि हरीराममुप्त ने माँ सरस्वती की वन्दना प्रस्तुत की, विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत पढ़ कर कवि गोष्ठी को गति प्रदान की कवि हरीराम गुप्त ने पढ़ा कि साजन तेरे बिन बसन्त का मौसम आग लगाता है, लखनलाल जोशी, गणेश सिंह विधार्थी, कवि मुन्नीलाल अवस्थी, रेवती कुमार पाठक, कवि नारायण प्रसाद रसिक सभी ने पढ़कर काव्य गीत प्रस्तुत किये। और देव आएं यहां साधना के लिए उक्त कवियों के अलावा कवि कैलाश सोनी, नीतराज सिंह, कामता प्रसाद विश्वकर्मा, देवीदीन अविनाशी, अवधेश साहू बेचैन, वीरेंद्रपाल आदि ने काव्य पाठ करके श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कुष्मांडा देवी में 134 यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न

घाटमपुर। बसंत पंचमी के अवसर पर कस्बा स्थित कुष्मांडा देवी मंदिर परिसर में यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराए गए। इस मौके पर विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोचार के बीच संस्कार संपन्न कराए। मानव संस्कार सेवा समिति घाटमपुर के तत्वाधान में आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में सुबह से ही भारी भीड़ एकत्रित होनी शुरू हो गई थी। आयोजन में दूर दूर के लोग शामिल होने आए। आयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष बसंत पंचमी को संपन्न कराया जाता है। इस दौरान माताओ ने वाटुकों को दीक्षा प्रदान की।

निश्चित लक्ष्य का निर्धारण कर भविष्य के प्रति सचेत रहें छात्र-छात्राएं: सुनील सिंह

● बीएमपीएस में बसंत पंचमी पर्व के साथ कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)बैसवारा क्षेत्र की सर्वाधिक लोकप्रिय शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में बसंत पंचमी पर्व के साथ कक्षा 12 के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने विद्यालय परिवार के साथ विद्या देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि छात्र जीवन मनुष्य जीवन का अमूल्य खजाना होता है, जिसको सही रास्ते पर ही खर्च करना चाहिए।विद्यार्थी जीवन,जीवन का वह समय होता है, जिसको अगर सही रास्ते पर लगाया जाए तो निश्चय ही आशातीत सफलता मिल सकती है।

छात्रों को भविष्य के प्रति सचेत करते हुए उन्होंने कहा सिर्फ पढ़ाई पूरी कर लेना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि घर,समाज, विद्यालय और क्षेत्र के लिए भी कुछ कर गुजरने की चाह रखनी चाहिए, तभी यह विद्यार्थी जीवन सार्थक हो सकता है।प्रबंधक शांतनु सिंह एवं प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने अपने संदेश में कक्षा 12 के बच्चों को उनके अपेक्षित परिणाम आने की शुभकामना दीं।इससे पूर्व विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के स्वागत सत्कार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखी।

विद्यालय प्रांगण को दुल्हन की तरह सजाया और अपने सीनियर्स को जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। एक से एक बढ़कर शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने सीनियर्स का खूब मनोरंजन भी किया।कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शैलेंद्र तिवारी ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्चना सिंह, प्रीति श्रीवास्तव,ममता सिंह, प्रशांत दुबे, श्रवण तिवारी, शिरीष तिवारी,आदित्य सिंह, बीएन यादव, मृत्युंजय सिंह, एमपी सिंह, विष्णु सिंह सहित सभी कर्मचारियों का यथोचित योगदान रहा। इस अवसर पर कक्षा 11 व कक्षा 12 के छात्र छात्राएं विद्यालय के समस्त कर्मचारी व अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी यश बहादुर यादव ने दी।

सपा छात्रसभा के जिलाध्यक्ष बने रोहित यादव

चित्रकूट। बनकट गांव के रोहित यादव को समाजवादी पार्टी के छात्रसभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। राजनीति के प्रति विशेष लगाव व सामाजिक विचार के चलते रोहित यादव दिन-प्रतिदिन राजनीतिक सीढिओ को सफलतापूर्वक चढ़ने जा रहे हैं। बुधवार को रोहित यादव ने बताया कि सन 2020 में उन्होंने पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। सपा के प्रति विशेष लगाव को देखते हुए उन्हें समाजवादी छात्रसभा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया था। संघर्ष के चलते उन पर विश्वास जताते हुए बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें समाजवादी छात्रसभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। छात्रसभा का जिलाध्यक्ष बनाने पर रोहित यादव ने पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव व जिला नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया है। कहा कि पार्टी की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभायेंगे।

बेलाखारा ग्राम से शुरू होगी रायबरेली में कुटीर उद्योग क्रांति : अजय अग्रवाल

रायबरेली।(स्पष्ट आवाज) ग्राम बेला खारा के प्रत्येक घर में कुटीर उद्योग की स्थापना की जाएगी तथा प्रत्येक हाथ को काम मिलेगा और इस हेतु अगले सप्ताह बैंक अधिकारियों का एक कैंप ग्राम बेलाखारा के अंदर ही लगेगा। और यहीं से कुटीर उद्योगों की क्रांति की शुरुआत रायबरेली जिले में होगी । यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने बेला खारा ग्राम में अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कहीं। उद्घाटन समारोह में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला तथा पुरुषों के बीच भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि बेला खारा की महिलाएं बहुत सक्रिय हैं और यहां पर महिलाओं के जो रजिस्टर्ड समूह बने हुए हैं, वह भी काफी बड़ी संख्या में हैं । इस प्रकार से करीब पांच सौ के लगभग महिलाएं अति सक्रिय हैं ।जिसमें काफी सारी महिलाएं पढ़ी-लिखी हैं और कई महिलाएं तो ग्रेजुएट पास हैं ।इसीलिए हम लोगों ने यह निर्णय लिया है कि हर घर में कुटीर उद्योग और हर हाथ में काम का कार्यक्रम यहीं से शुरू किया जाएगा तथा बेला खारा कुटीर उद्योग की दृष्टि से एक आदर्श ग्राम के रूप में पहचाना जाएगा और इसी ग्राम से प्रेरणा लेकर मात्र रायबरेली जिला ही नहीं वरन् पूरे देश में कुटीर उद्योगों की क्रांति फैलेगी । भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने आगे बताया कि उनकी बैंक अधिकारियों से बातचीत हो चुकी है और लोन जारी करने तथा प्रशिक्षण देने के संबंध में अगले सप्ताह कई बैंकों का समूह अपना कैंप बेला खारा ग्राम में लगाएंगे । इस बीच में जो भी महिलाएं या पुरुष जोकि 18 वर्ष की उम्र से ऊपर

हैं ,उनके दिल में जिस उद्योग धंधे को लगाने की इच्छा है, उस पर अपना मन बना लें, ताकि आने वाले सप्ताह में जब बैंक के अधिकारी यहां पर अपना शिविर लगाएं ,तब उस कुटीर उद्योग के लिए ऋण जारी करने के संबंध में कुछ ठोस निर्णय ले सकें ।

उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों की मांग पर, कि कुटीर उद्योग हेतु बेला खारा में एक कार्यालय की आवश्यकता है, भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने यह घोषणा की, कि अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के जिस कार्यालय का उन्होंने उद्घाटन किया है, आज से यह ही कुटीर उद्योगों का कार्यालय माना जाएगा और इसे समाजसेवी रामचंद्र तिवारी तथा बेला खारा में चल रहे समस्त महिला समूह की मुखिया गंगावती संभालेंगी । अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि इस कार्यालय में किसी भी धर्म के प्रति भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा हिंदू-मुस्लिम-सिख-इसाई सभी धर्म के लोग आकर यहां पर कुटीर उद्योग के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा बेला खेरा के प्रत्येक परिवार में चाहे वह किसी भी धर्म का हो, कुटीर उद्योग की स्थापना की जाएगी द्य उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामचंद तिवारी, गंगावती, चन्द्र कुमार वाजपेयी, ब्रजेश मिश्रा, कृष्ण कुमार शुक्ला, जनार्दन सिंह, भारत गुप्ता, शिवनारायण तिवारी, पूनम शर्मा, कोमल रानी, माधुरी शर्मा, रेनू गुप्ता आदि मौजूद रहीं ।

विद्यालय में आयोजित हुआ बसंतोत्सव पर्व एवं विदाई समारोह

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज रायबरेली में बुधवार को बसंत पंचमी एवं द्वादश की छात्राओं की विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए छात्रा बहनों को संस्कारित होने को कहा। बाल कल्याण के उपाध्यक्ष राम गोपाल त्रिपाठी ने बताया कि छात्रा बहनें अपने जीवन में निरंतर प्रगति एवं उत्तरोत्तर उन्नति करती रहें ।उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन में इस स्थान पर खड़े हैं, जहां से हमें पीछे मुडकर देखना बहुत जरूरी हो जाता है । विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर वाजपेई ने कहा कि यहां की छात्राओं को जीवन मूल्यों के बारे में भी सीखने को मिला, जो उनके आगे के जीवन में भी मदद मिलेगी। विद्यालय की प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।इस कार्यक्रम में छात्रा बहनों ने बढ़ चढकर सहभागिता की।

पूर्व प्राचार्य महामहोपाध्याय डॉ अमलधारी सिंह का हुआ नागरिक अभिनंदन

रायबरेली । (स्पष्ट आवाज) बैसवारा महाविद्यालय लालगंज के तत्वावधान में पूर्व प्राचार्य महामहोपाध्याय डॉ अमलधारी सिंह का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। मां सरस्वती के पूजन अर्चन के बाद रामकरण सिंह द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।तत्पश्चात बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट की बीटीसी छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. अमलधारी सिंह का सप्त धान्य से तुलादान किया गया और सभी शिक्षक, कर्मचारी, शैक्षिक संगठन, नगर के व्यापारिक संगठन, युवा शांति एकता संगठन, बैसवारा शोध संस्थान, पंचवटी विकास समिति, प्रेम देवी मेमोरियल ट्रस्ट, विवेकानंद शिक्षा सेवा संस्थान,बैसवारा इंटर कॉलेज, विश्वनाथ

सिंह महाविद्यालय गुलरिया, विवेकानंद इंटर कॉलेज दुधवन, इत्यादि संगठनों , पूर्व शोध छात्रों महाविद्यालय के पूर्व छात्रों के द्वारा डॉक्टर अमलधारी सिंह का हार्दिक भव्य अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग अध्यक्ष उमेश प्रसाद सिंह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग अध्यक्ष ने अध्यक्ष के रूप में सभा को संबोधित किया और बताया कि वेद विश्व की प्रथम ग्रंथ रत्न हैं। यह ज्ञान के कोष हैं। जिनमें भौतिक तथा पारलौकिक दोनों प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त कराने की सामर्थ्य हैं। वेद सकल ज्ञान निधान हैं। डॉ अमलधारी सिंह ने ऋग्वेद की शांखायन शाखा संहिता का प्रकाशन करके महान कार्य किया है। प्रख्यात पत्रकार नरेंद्र भदौरिया ,पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह, राजग के प्रदेश अध्यक्ष अशोक रामपुरी, बैसवारा जैसीज के संस्थापक डॉ सुरेश चंद्र श्रीवास्तव,इंजीनियर अरविंद वर्मा, भारतीय रेलवे के संरक्षण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता आदि ने डॉक्टर अमरधारी सिंह का स्वागत किया। केशव कुमार सिंह, स्वामी भास्कर स्वरूप, डॉ हिमांशु त्रिवेदी आईपीएस बिहार कैडर, डीआईजी पद पर कार्यरत हैं, ने बैसवारा इंटर कॉलेज की तीन छात्रों को 5000 रुपए प्रति छात्रा नकद धनराशि,प्रशस्ति पत्र प्रदान किया, उत्तम अंक प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करके स्तुतिकार्य किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर एसएन सिंह, संरक्षक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.शीला श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण योगदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर महादेव सिंह ने किया।

फात्मा गर्ल्स इंटर कालेज में हुई छात्राओं की विदाई समारोह

बांदा। आगामी बोर्ड परीक्षा शुरू होने के उपरांत फात्मा गर्ल्स इंटर कालेज में धूमधाम से छात्राओं की विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। कक्षा 11 व 12 की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम में बढ-चढकर हिस्सा लिया। विदाई समारोह में कक्षा 12 की छात्राओं ने कालेज के समस्त स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया। इसी कार्यक्रम में मिस फेयरवेल का खिताब शालिनी सोनकर, मिसफातिमा का खिताब करिश्मा सिद्दीकी को दिया गया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या राबिया खानम ने कक्षा 12 की छात्राओं की विदाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की, सभी छात्राओं को पढाई के प्रति निरन्तर प्रयासरत रहते हुये अधिक मेहनत करने की प्रेरणा दी ।

महाराजा सुहेलदेव का मनाया गया जन्मोत्सव

बहराइच(स्पष्ट आवाज)। सैयद सालार मसूद गाजी जैसे विदेशी आक्रांताओं एवं आतंकवादियों को बहराइच की पावन धरा पर ढेर करने वाले राष्ट्र रक्षक वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव के राज्याभिषेक उत्सव पर महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के तत्वाधान मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल चितौरा में वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया। तदुपरांत हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, सुहेलदेव सेवा समिति के सचिव अर्जुन कुमार

दिलीप, उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन गोयल, रामचंद्र सिंह, परम पूज्य विष्णु देवाचार्य जी महाराज, संरक्षक विनय कुमार शर्मा, अखंड प्रताप सिंह गोलू ,ब्लॉक प्रमुख रमाकर पांडे, नवल सिंह, विजय सिंह ,अभिजीत मिश्रा, बेटू सिंह, अयोध्या प्रसाद अवस्थी एवं शोभाराम आदि मौजूद रहे।

दम्पत्ति पुरस्कार व शादी अनुदान योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि 35 वर्ष से कम आयु की निराश्रित महिला से पुर्नविवाह करने पर विभाग द्वारा दम्पत्ति पुरस्कार योजना के तहत दम्पत्ति को 11 हज़ार की धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दिये जाने का प्राविधान है। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि निराश्रित महिला (जिसके पूर्व पति की मृत्यु हो चुकी हो) की आयु 35 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए, विवाह करने वाले पुरूष की कोई दूसरी पत्नी जीवित न हो अथवा पुरूष अविवाहित हो तथा आयकरदाता न हो। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि इसके अलावा पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला सहायक अनुदान पा रही महिलाओं की पुत्री के शादी अनुदान योजना अन्तर्गत एक पुत्री की शादी हेतु 10 हजार विभाग द्वारा दिये जाने का प्राविधान है। उन्होनें बताया कि इच्छुक निराश्रित महिला पुत्री की शादी के लिए पुत्री की आयु प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, शादी की तिथि प्रमाण सहित,वर, पिता का नाम, पता, आयु प्रमाण पत्र सहित शादी सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार किये जाने का प्रमाण के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जिला प्रोबेशन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए खण्ड विकास अधिकारियों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक इच्छुक पात्र लोगों को योजना से आच्छादित कराने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गयी है।

नारियों का सम्मान हमारी सनातन संस्कृतिः अनिल

चित्रकूट। भाजपा दोनों विधान सभाओं मे नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत महिलाओं के सम्मान को कार्यक्रम हुआ। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलायें व समाजिक सस्थाओं से जुडी महिलायें मौजूद रहीं। बुधवार को समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी अनिल यादव, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, चेयरमैन कर्वी नरेन्द्र गुप्ता, अभियान संयोजक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, महामंत्री आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी मौजूद रहे। महिला सम्मान समारोह में अनिल यादव ने कहा कि नारियों का सम्मान हमारी सनातन संस्कृति की परम्परा रही है। प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सभी योजनाओं को महिलाओ से जोडने का काम किया है। इससे महिलाओ का सम्मान बढा है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि नारी शक्ति का रूप होती है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को समूहों से जोडकर उनको आर्थिक रुप से मजबूत करने का काम कर रही है। समूहो से आर्थिक सहायता देकर उनको स्वालम्बी बनाने का काम किया है। महिलाओं स्वयं सहायता समूहों से स्वयं रोजगार कर रही हैं। महिलाओ को रोजगार देने का काम कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि महिलाओं के सम्मान समारोह के कार्यक्रम भाजपा सरकार मे होते हैं।

सपा सांसद प्रत्याशी ने किया केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

अयोध्या। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव का केंद्रीय कार्यालय खोल दिया गया है । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक लोकसभा के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद अपने निवास स्थान पर पार्टी का केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोला है । श्री प्रसाद ने इस अवसर पर कहा है आप सभी लोगो का सहयोग रहा तो 2024 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी, के प्रत्याशी के तौर पर ऐतिहासिक विजय हासिल की जाएगी और केंद्र में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व सरकार बनेगी श्री प्रसाद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जो विकास का कार्य किया है जनता आज भी उसे याद कर रही है ।पूर्व मंत्री के तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव जीत कर दिल्ली की सरकार को बदलना है और पूर्व मुख्यमंत्री

अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना है। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब दलित पिछड़े अल्पसंख्यक नौजवान व्यापारी किसान के विकास के लिए काम किया है।विधायक अभय सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व जब भी प्रदेश में सरकार बनी सबसे ज्यादा विकास उत्तर प्रदेश का हुआ है।बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर लोकसभा चुनाव जीतना है। पूर्व विधायक जय शंकर पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में सभी वर्गों का विकास हुआ है सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक लोकसभा प्रत्याशीअवधेश प्रसाद के चुनाव के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन बड़े धूमधाम से किया। गया जिसमें पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे सभी ने लोकसभा चुनाव जीतने का संकल्प लिया इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता छेदी सिंह छोटे लाल यादव नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद राशिद अशोक कुमार पांडे के के पटेल रामसुमिरे भारती जय सिंह यादव अमृत राजपाल रक्षा राम यादव अपर्णा जायसवाल ओ पी पासवान मोहम्मद अली इंद्रपाल यादव नागेश्वर कोरी पृथ्वीराज यादव छोटे लाल यादव राजू वर्मा विजय यादव चौधरी शहरयार रणजीत राम रावत रामजी पाल सोहन लाल रावत सूरज निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

दिलीप चौधरी बने भाकियू के प्रदेश सचिव

महराजगंज,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक दल में दिलीप कुमार चौधरी पुत्र राम शंकर चौधरी को जनपद रायबरेली का प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। तो वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित समाज सेवियों ने बधाई दी है।

बताते चलें कि, भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक दल किसानों की समस्या हेतु अनेक प्रकार के जन आंदोलन कर रहा है। जिसके चलते किसानों की आस्था भी किसान यूनियन में बढ़ती जा रही है।

इसी के चलते प्रदेश अध्यक्ष हरि नाम सिंह वर्मा ने रायबरेली जिले के महराजगंज तहसील के असनी गांव निवासी दिलीप कुमार चौधरी को प्रदेश

सचिव के पद पर मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष के पद पर संतोष कुमार उर्फ लाला चौधरी निवासी मलिक मऊ को भी मनोनीत किया गया है। जिला प्रभारी आशीष चौधरी, विधानसभा प्रभारी के पद पर जाकिर हुसैन निवासी राघोपुर तहसील महराजगंज का भी मनोनयन किया गया है तथा सभी प्रमुख पदों पर मनोनीत के बाद बधाई देने वालों में रिंकू चौधरी, बबलू कुमार, केशव चौधरी, विजय धीमान, मनोज कुमार, संत कुमार, रामलाल, शिव दर्शन, सुरेंद्र यादव, राजकुमार सहित सैकड़ो लोगों ने बधाई दी।

आज से होगा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह फरवरी 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 15 से 28 फरवरी 2024 तक किया जायेगा। वितरण अवधि मे प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 28 फरवरी 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि वितरण अवधि के दौरान ई-पास मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात तत्समय ही अपना खाद्यान्न निःशुल्क सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से अवश्य प्राप्त कर लें। डीएसओ ने जिले के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें।

एसजेएस लालगंज में बसंत उत्सव के साथ हुआ फर्स्ट इन्ट्रेंस एग्जाम

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)आधुनिक और तकनीकी शिक्षा के लिए मशहूर एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में प्रथम प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक कराई गई ।इसके पहले प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने प्रवेश परीक्षा के लिए आए हुए अभिभावकों की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर बसंतोत्सव मनाया। एसजेएस के द्वारा आयोजित प्रथम प्रवेश परीक्षा में करीब एक सैकड़ा बच्चों के द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गई।

प्री प्राइमरी से कक्षा 9 तक की कक्षाओं में प्रवेश के लिए विद्यालय परिवार के द्वारा परीक्षाएं आयोजित की गई। बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावकों ने स्कूल का भ्रमण किया और आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीक का उपयोग करने के

लिए विद्यालय की प्रशंसा की ।खासतौर से इमर्सिव क्लास, 3डी थिएटर, लैब आदि की सराहना की। प्रवेश परीक्षा का जायजा लेने पहुंचे एसजेएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा देने के लिए सदैव कटिबद्ध रहता है। प्रबंधक अग्रज सिंह और सह प्रबंधिका डॉक्टर अनु श्री सिंह ने कहा कि एसजेएस ग्रुप आफ स्कूल की स्थापना ही बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा दिलाने के लिए हुई है। आज भी एसजेएस आधुनिक तकनीक से युक्त संस्कारी शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजें, उनको शिक्षा में पारंगत करना विद्यालय का काम है। इस अवसर पर संदीप श्रीवास्तव सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

सोनिया गांधी का रायबरेली को अलविदा, प्रियंका लड़ सकती हैं लोकसभा चुनाव

● रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की अटकलों से पूर्णतया लग चुका विराम

रायबरेली । (स्पष्ट आवाज) कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली रायबरेली लोकसभा सीट से चार बार की सांसद रहीं सोनिया गांधी ने रायबरेली को अलविदा कहते हुए बुधवार को राजस्थान से राज्यसभा का पर्चा भरा। राज्यसभा का पर्चा भरने के बाद रायबरेली लोकसभा सीट से उनके चुनाव लड़ने की अटकलों से पूर्णतया विराम लग चुका है। कांग्रेस पार्टी द्वारा रायबरेली से भले ही अभी लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा न हुई हो, परंतु सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2024 लोकसभा चुनाव प्रियंका गांधी

रायबरेली से लड़ सकती हैं।

रायबरेली लोकसभा कांग्रेस का गढ़ मानी जाती है। यही कारण है कि 2019 लोकसभा चुनाव में जहां अमेठी से राहुल गांधी चुनाव हार गए थे, इसके साथ ही पूरे प्रदेश में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट को छोड़कर कांग्रेस का पूर्णतया सफाया हो चुका था। उत्तर प्रदेश में जहां कांग्रेस को 80 लोकसभा सीटों में से 79 सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ा था। उस समय भी रायबरेली के मतदाताओं ने सोनिया गांधी के ऊपर भरोसा जताते हुए उन्हें 534918 मत देकर 167178 मतों से जिताकर रायबरेली का सांसद बनाया था। विपक्षियों द्वारा लगातार उन पर यह हमला किया जा रहा था कि वह चुनाव का पर्चा भरने के बाद अपने लोकसभा क्षेत्र नहीं आती हैं, इसके बाद भी 2019 का लोकसभा चुनाव उन्होंने भारी मतों से जीता था। हालांकि भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह जो आज प्रदेश सरकार में मंत्री हैं, उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी को भारी टक्कर देते हुए 367740 मत प्राप्त किया था। भाजपा में भी कयासों का बाजार गर्म है। लोकसभा का चुनाव कौन लड़ेगा, इस बात पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। परंतु भाजपा प्रत्याशी के सामने कांग्रेस से गांधी परिवार का ही कोई सदस्य विजय हासिल कर सकता है, ऐसी जनता में आम चर्चा है। कांग्रेस अपना गढ़ बचाने के लिए प्रियंका गांधी को रायबरेली से लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर सकती है। प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की संभावना पर कांग्रेस पदाधिकारियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

● सोनिया गांधी अब लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी ।उन्होंने राज्यसभा के जरिए संसद पहुंचने का फैसला किया है। सोनिया गांधी ने अपने पुत्र राहुल गांधी और पुत्री प्रियंका गांधी की उपस्थिति में बुधवार को राज्यसभा चुनाव के नामांकन का पर्चा जयपुर में दाखिल किया ।कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राजस्थान से चुनकर राज्यसभा पहुंचने वाली हैं। माना जा रहा है सोनिया गांधी ने सेहत से जुड़े कारणों की वजह से लोकसभा की जगह राज्यसभा से संसद जाने का फैसला किया है। सोनिया गांधी अभी पांच बार की सांसद (एक बार अमेठी चार बार रायबरेली) हैं। हालांकि 2019 के बाद स्वास्थ्य और दूसरे कारणों की वजह से सोनिया गांधी अपने संसदीय क्षेत्र में उतना सक्रिय नहीं रह पाई, जितना उन्हें रहना चाहिए था।

PROVINCIAL CO-OPERATIVE CONSTRUCTION AND DEVELOPMENT LTD.

प्राविन्शियल को-आपरेटिव निर्माण एवं विकास लिमिटेड

(सहकारी क्षेत्र का उपक्रम)

पत्रांक : 349/अधि0अभि0/बरेली/पी0सी0सी0डी0/निविदा/2023-24 दिनांक : 14.02.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राविन्शियल को-ऑपरेटिव निर्माण एवं विकास लि0 लखनऊ की ओर से, उपक्रम में पंजीकृत ठेकेदार/निविदादाताओं से **जनपद-पीलीभीत** में निम्नलिखित कार्य हेतु दो बोली निविदा (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड) प्रणाली पर आधारित ई-निविदा, http://tenderwizard.com/pvt के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	प्रस्तावित कार्य का विवरण	आगणन धनराशि	धनराशि धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य+जी.एस.टी. 18 प्रतिशत	पोर्टल परिचालन शुल्क	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7
1	जनपद-पीलीभीत के बमनपुर भागीरथ ब्लाक पूरनपुर में छात्र छात्राओं के शैक्षिक सुधार हेतु स्मार्ट क्लास हेतु उपकरणो के साथ एक कक्ष का निर्माण	1449817.78	28997.00	2000.00+360.00 (जी.एस.टी.) = 2360.00	725.00	03 माह
2	जनपद-पीलीभीत के ग्राम कबीरगंज ब्लॉक पूरनपुर में बड़े बारात घर का निर्माण कार्य	1788106.00	35762.00	2500.00+450.00 (जी.एस.टी.) = 2950.00	894.00	03 माह
3	जनपद-पीलीभीत के ग्राम कढेरचौडा

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, गुरुवार, 15 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, षष्ठी (शुक्ल पक्ष)

जो लोग जानते हैं, वह करते हैं। वो लोग जो समझते हैं, वह दूसरों को सिखाते हैं। - अरस्तु

आखिर आई अच्छी खबर

क

तर में सजायाफ्ता भारतीय नौ सेना के पूर्व कर्मचारियों की रिहाई की खबर सुखद आश्चर्य की तरह आई है। बेशक इसे संभव करा पाना भारत सरकार की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। ये कर्मी कतर की एक नौवहन कंपनी में नौकरी करने गए। लेकिन उन्हें वहां इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले साल कतर की एक अदालत ने उन्हें इस जुर्म में मौत की सजा सुना दी। लाजिमी है कि इस घटनाक्रम से भारतवासी आहत थे। उसके बाद संभवत~ भारत सरकार ने इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। दिसंबर में जब संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई गए, तब वहां उनकी कतर के अमीर से मुलाकात हुई थी।

समझा जाता है कि वहीं से इन कर्मियों की रिहाई की जमीन तैयार हुई। पहले कदम के तौर पर एक अपील अदालत ने कैदियों के मृत्युदंड को माफ कर दिया। अब अचानक यह खबर आई है कि आठ में सात कर्मी भारत पहुंच चुके हैं। उनके सकुशल यहां आ जाने के बाद भारत सरकार ने यह खबर सार्वजनिक की।

बहरहाल, यह मामला कुछ सवाल हमारे सामने छोड़ गया है, जिन पर गंभीर चर्चा की जरूरत है। आज के तीखे ध्रुवीकरण के माहौल में एक बड़ा नुकसान यह है कि ऐसी बारीक चर्चा की गुंजाइश बेहद सिकुड़ी हुई है। इसके बीच ऐसी हर घटना को प्रधानमंत्री मोदी की कामयाबी या नाकामी से जोड़ दिया जाता है। यह घटना भी इसका अपवाद नहीं है। बहरहाल, इस मुद्दे पर अवश्य चर्चा होनी चाहिए कि क्या विदेश में जाकर किसी अपराध में शामिल होने वाले हर भारतीय को बचाना भारत सरकार का कर्त्तव्य है? या कोई व्यक्ति अपने कार्यों के लिए खुद जवाबदेह है? यह सवाल उस समय और महत्त्वपूर्ण हो गया है, जब भारत सरकार ने अन्य देशों के साथ समझौता करके अपने श्रमिकों को वहां भेजने की नीति अपना ली है। वैसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि क्या ऐसी नीति वाजिब है? क्या व्यक्तिगत रूप से कहीं आने-जाने की स्वतंत्र

ये कर्मी कतर की एक नौवहन कंपनी में नौकरी करने गए। लेकिन उन्हें वहां इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले साल कतर की एक अदालत ने उन्हें इस जुर्म में मौत की सजा सुना दी। लाजिमी है कि इस घटनाक्रम से भारतवासी आहत थे। उसके बाद संभवत~ भारत सरकार ने इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। दिसंबर में जब संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई गए, तब वहां उनकी कतर के अमीर से मुलाकात हुई थी।

आज का इतिहास

1564-महान खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म।
1763-प्रसिया और आस्ट्रेलिया के बीच शांति संधि हुई।
1798-फ़्रांस ने रोम पर कब्ज़ा कर उसे गणराज्य घोषित किया।
1890-अमेरिकी युद्धपोत मेने हवाना बंदरगाह पर विस्फोट से उड़ा दिया गया।
1905-भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर के दूसरे राज्यपाल भगवान सहाय का जन्म।
1906-ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन।
1926-अमेरिका में अनुबंध एयर मेल सेवा की शुरूआत।
1944-ब्रिटेन के सैकड़ों विमानों ने बर्लिन पर बमबारी की।
1947-हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक रणधीर कपूर का जन्म।
1948-प्रसिद्ध कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान का निधन।
1952-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ हरदीप सिंह पुरी का जन्म।
1961-बेल्जियम में बोइंग 707 विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 73 लोगों की मौत।
1962-अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
1967-भारत में चौथी लोकसभा के लिए चुनाव हुए।
1976-मध्य प्रदेश के भोपाल में केन्द्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई।

एम.एस.पी. पर किसान आंदोलन क्यों ?

प्रशांत शर्मा

आज देश में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आंदोलन कर रहे हैं । उनकी मांग है कि MSP को नये कृषि कानून 2020 में जगह दी जाए । आइये जानते हैं एम.एस.पी. के बारे में, न्यूनतम समर्थन मूल्य MINIMUM SUPPORT PRICE (MSP) एक न्यूनतम मूल्य है जो केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए लाभकारी समझी जाने वाली किसी भी फसल के लिए निर्धारित किया जाता है। एम.एस.पी. एक प्रकार का बाजार हस्तक्षेप है जिसका उपयोग भारत सरकार द्वारा किसानों को कृषि कीमतों में भारी गिरावट से बचाने के लिए एक बीमा के रूप में किया जाता है। यदि अत्यधिक उत्पादन और बाजार में अधिकता के कारण वस्तु का बाजार मूल्य घोषित न्यूनतम मूल्य से कम हो जाता है तो सरकारी एजेंसियां किसानों द्वारा उत्पादित फसलों को निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर खरीद लेती हैं। यह सरकारी संस्थाओं द्वारा एक निश्चित फसल खरीदने पर भुगतान की जाने वाली राशि भी है। खरीद मूल्य वह मूल्य है जिस पर फसल खरीदी जाती है। एम.एस.पी. की घोषणा फसल बुआई से पहले की जाती है जबकि खरीद मूल्य का निर्धारण फसलों की कटाई के बाद किया जाता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पहली बार केंद्र द्वारा 1966-67 में स्थापित किया गया था। पहली बार गेहूं का एमएसपी 54 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया था। वर्तमान में 23 फसलों में

एम.एस.पी. एक प्रकार का बाजार हस्तक्षेप है जिसका उपयोग भारत सरकार द्वारा किसानों को कृषि कीमतों में भारी गिरावट से बचाने के लिए एक बीमा के रूप में किया जाता है। यदि अत्यधिक उत्पादन और बाजार में अधिकता के कारण वस्तु का बाजार मूल्य घोषित न्यूनतम मूल्य से कम हो जाता है तो सरकारी एजेंसियां किसानों द्वारा उत्पादित फसलों को निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर खरीद लेती हैं।

7 अनाज जैसे धान, गेहूं, मक्का, ज्वार, बाजरा, जौ और रागी, चना, अरहर, मूंग, उड़द, मसूर जैसे 5 दालें, 7 तिलहन (मूंगफली, रेपसीड-सरसों, सोयाबीन, तिल, सूरजमुखी, कुसुम, नाइजरके बीज) और 4 व्यावसायिक फसलें जैसे खोपरा, गन्ना, कपास और कच्चा जूट शामिल हैं। किसान जिन तीन कृषि क़ानूनों का विरोध कर रहे हैं, वे ये हैं- 1. कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन व सरलीकरण) कानून-2020, 2. कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून-2020, 3. आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून-2020, किसान तीन कृषि बिलों (कानून) से नाखुश हैं क्योंकि उनमें से किसी में भी न्यूनतम समर्थन मूल्य MSP (Minimum Support Price) शामिल नहीं है। सरकार द्वारा प्रस्तावित तीन कृषि कानूनों का एम.एस.पी. के साथ कोई संबंध नहीं है। सरकार को इस तथ्य से लाभ हुआ कि भारत में न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून द्वारा संरक्षित नहीं है। किसान अपने उत्पादों को निजी निगमों सहित किसी भी संगठन को बेचने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन उन्होंने एम.एस.पी. पर सरकार से औपचारिक प्रतिबद्धता की मांग की है क्योंकि उन्हें चिंता है कि एक निगम के बिना एम.एस.पी. का दुरुपयोग शुरू हो जाएगा। एपीएमसी (एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्केट कमिटी) की मंडियों के साथ साथ निजी कंपनियों को भी किसानों के साथ अनुबंधीय खेती, खाद्यान्नों की ख़रीद और भंडारन के अलावा बिक्री करने का अधिकार होगा.विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों को इस बात की आशंका है कि सरकार किसानों से गेहूं और धान जैसी फसलों की ख़रीद को कम करते हुए बंद कर सकती है और उन्हें पूरी तरह से बाज़ार के भरोसे रहना होगा. किसानों को इस बात की आशंका भी है कि इससे निजी कंपनियों को फ़ायदा होगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य के ख़त्म होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ेंगी. इन क़ानूनों के तहत किसान अपने कृषि उत्पादों की ख़रीद बिक्री एपीएमसी मंडी से अलग खुले बाज़ार में भी कर सकते हैं. किसान इसी मुद्दे पर सबसे ज़्यादा विरोध कर रहे हैं. किसानों का कहना है कि अगर वे एपएमसी की मंडियों से बाहर बाज़ार दर पर अपना फसल बेचते हैं तो हो सकता है कि उन्हें थोड़े समय तक फ़ायदा हो लेकिन बाद में एम.एस.पी. की तरह निश्चित दर पर भुगतान की कोई गारंटी नहीं होगी. प्रदर्शन कर रहे किसानों को इस बात की आशंका भी है कि इन क़ानूनों के रहते हुए उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिल पाएगा. हालांकि सरकार का कहना है कि %कृषि क़ानून एमएसपी सिस्टम और एपीएमसी मंडियों को प्रभावित नहीं करते हैं%. नए क़ानूनों के तहत अनुबंधीय खेती को मंजूरी दी गई है. यानी अब किसान थोक विक्रेताओं, प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज और प्राइवेट कंपनी से सीधे अनुबंध करके अनाज का उत्पादन कर सकते हैं. इसमें फसल की क़ीमत पर बात तय करके अनुबंध किया जा सकता है. सरकार का दावा है कि इस प्रावधान से किसानों को पूरा मुनाफ़ा होगा, बिचौलियों को कोई हिस्सा नहीं देना होगा. लेकिन किसान अनुबंधीय खेती का विरोध कर रहे हैं. इसको लेकर किसानों की दो प्रमुख चिंताएं हैं- पहली चिंता तो यही है कि क्या ग्रामीण किसान निजी कंपनियों से अपने फसल की उचित क़ीमत के लिए मोलभाव करने की स्थिति में होगा? और दूसरी चिंता, उन्हें आशंका है कि निजी कंपनियां गुणवत्ता के आधार पर उनके फसल की क़ीमत कम कर सकते हैं, ख़रीद बंद कर सकते हैं. भले ही एम.एस. पी. दशकों से मौजूद है लेकिन किसी भी कानून में MSP की धारणा का उल्लेख नही है । नए क़ानूनों की मदद से सरकार ने दलहन, तिलहन, प्याज और आलू को आवश्यक वस्तुओं की सूची से हटा चुकी है. निजी कंपनियों के आने से सरकार अनाज की ख़रीद कम कर सकती है या बंद कर सकती है, इस आशंका के चलते ही पंजाब के किसानों ने इन क़ानूनों के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर रहे हैं । हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार कह चुके हैं कि एम.एस.पी. को समाप्त नहीं किया जाएगा और सरकारी ख़रीद भी जारी रहेगी. लेकिन सरकार यह भरोसा लिखित में देने को तैयार नहीं है ।

इंडोनेशिया के चुनाव में लोकतंत्र को खतरा?

श्रुति व्यास

चौदह फरवरी को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े लोकतंत्र इंडोनेशिया में वोटिंग है। माना जा रहा है पूर्व जनरल प्रोबो सुबियांटो अगले राष्ट्रपति होंगे।और उनका मानवाधिकारों के मामले में भयावह रिकार्ड है तो लोकतंत्र में उनकी आस्था को लेकर भी संदेह है। वे देशके दूसरे और सबसे लंबे कार्यकाल वाले राष्ट्रपति सुहार्तो के दामाद भी हैं। बावजूद इसके इंडोनेशिया को नई दिशा देने वाले मौजूदा राष्ट्रपति जोको विडोडो ने उन पर हाथ रखा है। उनके समर्थन से उनकी जीत तय मानी जा रही है?

तो क्या इंडोनेशिया में भी लोकतंत्र खतरें में है? जवाब सुबियांटो के विवादास्पद अतीत में है।वे सेना में दशकों साल प्रभावी थे। उस दौरान उन पर जनता पर जुल्म करने के आरोप लगे। पूर्व में इंडोनेशिया के कब्ज़े वाले क्षेत्र पूर्वी तिमोर में सेना के विशेष बल के भी प्रमुख थे।तब आरोप लगा था1998 में उन्होंने 20 से अधिक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं का अपहरण करवाया। उनमें से13 अब भी लापता हैं। हालांकि वे हमेशा कहते आए हैं कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है इन इल्जामों के सम्बन्ध में उन पर कोई कानूनी कार्यवाहीं भी नहीं हुई है। लेकिन एक समय इन आरोपों के चलते आस्ट्रेलिया और अमरीका ने उनके वीजा और एंट्री पर

माना जा रहा है पूर्व जनरल प्रोबो सुबियांटो अगले राष्ट्रपति होंगे।और उनका मानवाधिकारों के मामले में भयावह रिकार्ड है तो लोकतंत्र में उनकी आस्था को लेकर भी संदेह है। वे देशके दूसरे और सबसे लंबे कार्यकाल वाले राष्ट्रपति सुहार्तो के दामाद भी हैं। बावजूद इसके इंडोनेशिया को नई दिशा देने वाले मौजूदा राष्ट्रपति जोको विडोडो ने उन पर हाथ रखा है।

पाबंदी लगाई थी।

प्रोबो सभी चुनावी सर्वेक्षणों में आगे हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार 72 साल के प्रोबो, युवा मतदाताओं में भी लोकप्रिय है।और चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 17 से 40 साल के मतदाता कुल मतदाताओं में50 प्रतिशत से अधिक है।

प्रोबो ने अपने आप को रीब्रांड किया है। प्रोबो और उनकी टीम ने सोशल मीडिया का जम कर उपयोग किया है। अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर वे अपनी बिल्ली को चूमते और गले लगाते तथा अपने हाथ से लव हार्ट की इमेज बनाते दिखे हैं। उनके समर्थकों के जैकेट और जर्सी पर प्रोबो का कार्टून बना है जिसमें वे बहुत क्यूट दिखते है। सोशल मीडिया पर उन्हें %गीमोय' कहा जाता है जिसका अर्थ है क्यूट। इतना ही नहीं वे चुनावी सभाओं में अपनी कमर मटकाते और हाथ नचाते दीखते हैं। ये वीडियो टिकटाक पर वायरल हैं।

इससे नौजवान पोजिटिव है और उनके अतीत की परवाह नहीं कर रहे है। उनके लिए बेरोजगारी और नौकरी का मुद्दा मुख्य है और प्रोबो ने इसके ढ़ेरों वादे किए है। युवाओं को सुहार्तो के दामाद याकि राजनीति में वंशवाद से भी कोई दिक्कत नहीं है।

प्रोबो के सहयोगी के रूप में उपराष्ट्रपति का चुनाव लड़ रहे हैं जिब्रान राकाबूमिंग। वे मौजूदा राष्ट्रपति जोको विडोडो के बड़े लड़के हैं। हालांकि इनकी साझेदारी विवादों से घिरी रही है। संवैधानिक न्यायालय, जिसके प्रमुख उनके अंकल अनवर उस्मान हैं, द्वारा उम्मदवारों की आयु संबंधी पाबंदियों में अपवाद की अनुमति दी जाने के बाद ही जिब्रान उम्मीदवार बन सके हैं।

सो वंशवाद का मुद्दा चुनाव में बेमतलब है। जोको के समर्थन से भी प्रोबो को फायदा हो रहा है। जोको राष्ट्रपति पद के अधिकतम निर्धारित कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं मगर फिर भी वे लोकप्रिय हैं। इससे प्रोबो की स्थिति मजबूत हुई है। प्रोबो जोको की नीतियां जारी रखने का वायदा कर रहे हैं, जिनमें बोर्नेओ में नई राजधानी नुशांतरा का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने प्री-स्कूल से लेकऋ उच्चतर माध्यमिक तक के स्कूली बच्चों और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क मध्यान्ह भोजन और दूध बांटने का वायदा भी किया है। साथ ही दो वर्षों में अति-निर्धना को ख़त्म करने की कसम भी ली है।

प्रोबो का मुकाबला जकार्ता के पूर्व गवर्नर एनियस बासवेडेन और पूर्व प्रांतीय गवर्नर गंजार प्रोनोवो से है। एनियस भी सोशल मीडिया के जरिए चुनाव अभियान को पर्सनल टच दे रहे हैं। उनका इंस्टाग्राम एकाउंट उनकी बिल्लियों पर केन्द्रित है, जिन्हें %वे %पावससवेडेन फैमिली÷ कहा जाता है। जहां गंजार सत्ताधारी पार्टी से हैं वहीं एनियस विपक्षी उम्मीदवार के रूप में दांवेदार हैं।55 वर्षीय गंजार सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ स्ट्रगल (पीडीआई-पी) के उम्मीदवार हैं और रोजगार के लिए जोको सरकार के बनाए विवादास्पद कानून पर पुनर्विचार करने का वायदा किया है।

कुछ विश्लेषकों का मानना है कि मुकाबला त्रिकोणीय है क्योंकि बहुत से मतदाताओं ने यह निर्णय नहीं लिया है कि वे किसे वोट देंगे, लेकिन प्रोबो अन्य उम्मीदवारों की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं। इंडोनेशिया में चुनावों का फैसला उम्मीदवारों के व्यक्तित्व के आधार पर होता है जैसा कि 2014 में हुआ था। तब जोको को लोगों ने एक ताजी हवा के झोंके जैसा माना था। उम्मीद थी वे देश को नयी ज़िन्दगी देंगे। आज नौ साल बाद वे अर्थव्यवस्था को बेहतर करने में तो सफल हुए हैं लेकिन लोकतंत्र को मजबूत करने में असफल रहे हैं।तभी यह आंशका दमदार है कि 14 फरवरी को इंडोनेशिया में सत्ता लोकतंत्र को और कमज़ोर बनाने वाले पूर्व सेनाधिकारी को हाथों में जाएगी।

राग-रंग और उत्सव का पर्व है वसंत पंचमी

रमेश सर्राफ धमोरा

देश में पतझड़ के बाद वसंत ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। उन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिए वसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है।

वसंत शब्द का अर्थ है वसंत और पंचमी का पांचवां दिन। इसलिये माघ महीने में जब वसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवें दिन यानी पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में वसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। वसंत उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है। है। उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है। सभी शुभ कार्यों के लिए वसंत पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। वसंत पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से वसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। वसंत पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग वसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मा सरस्वती कि वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं।

विष्णु सरकार के फैसलों से किसानों के खिले चेहरे

नसीम अहमद खान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ द्वारा मात्र दो माह की अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में लिए गए फैसले से राज्य भर के किसान बेहद खुश है। उनके चेहरे खिल गए है और मन में एक नई उम्मीद जागी है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान होने से खुश किसानों के संगठन और समूहों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके सहयोगी मंत्रीगणों का जगह-जगह स्वागत-अभिनंदन किया जा रहा है। किसान समूहों द्वारा मुख्यमंत्री के स्वागत अभिनंदन का ऐसा ही नजारा बीते दिनों राज्य के सुदूर वनांचल के जिला मुख्यालय नारायणपुर में देखने को मिला।

मुख्यमंत्री साय का नारायणपुर में किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किसान के हित में उनकी सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को लेकर जोरदार ढंग से स्वागत अभिनंदन किया और मुख्यमंत्री का आभार जताया। किसानों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना था कि उन्होंने यह सोचा नहीं था कि धान खरीदी और बकाया बोनस को लेकर विष्णु देव सरकार इतनी तेजी से फैसला लेकर उसे लागू भी कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल किसानों के हित से जुड़े मामलों को जिस तेजी के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने लागू किया है, यह स्वागतेय है।

छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार ने राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। राज्य में समर्थन मूल्य पर रिकार्ड तोड़ धान की खरीदी के बावजूद भी धान बेचने से शेष रह गए किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी की

निर्धारित अवधि में 4 दिन की बढ़ोत्तरी भी की गई।

किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि नई सरकार किसानों की हितैषी है। राज्य के किसान भाईयों को 2183 रूपए प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के भीतर उनके बैंक खातों में किया गया है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना लागू करने की तैयारी में है। इस नवीन योजना के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 10 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

भारत कृषि प्रधान देश है। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह राज्य धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते है कि एक दौर ऐसा था जब किसानों के पास उन्नत और बेहतर खेती के लिए पूंजी नहीं होती थी। किसानों को साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर रकम लेकर खेती-किसानी करने पड़ती थी। किसान हमेशा कर्ज में फंसे रहते थे। इस स्थिति को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम उठाया और किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। इससे किसानों को कम दर पर सोसायटियों एवं बैंकों से कर्ज मिलने लगा।

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, उस समय सहकारी बैंकों से किसानों को रियायती ब्याज दर पर खेती के लिए कर्ज मिलता था, जिसे धीरे-धीरे घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया है। किसानों को बिना ब्याज के खेती-किसानी के लिए ऋण देने का काम छत्तीसगढ़ की रमन सरकार के दौर में शुरू हुआ था। आज भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती के लिए लोन मिल रहा है। फसल बीमा जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को सहजता से मिल रहा है। इसका श्रेय भी तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। उनके कार्यकाल में ही फसल बीमा योजना का सरलीकरण किया गया।

छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में, जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। राज्य में सिंचाई रकबे में विस्तार के लिए नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। कृषि विभाग के बजट में बीते वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8500 करोड़ रूपए की साख सीमा छत्तीगसढ़ सरकार ने तय की है।

मुख्यमंत्री ने %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास% का उल्लेख करते है और कहते है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए प्रयासरत् है। उन्होंने दूरस्थ वनांचल में रहने वाले आदिवासी भाईयों विशेषकर पिछड़ी जनजाति के लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। छत्तीसगढ़ में निवासरत् विशेष पिछड़ी जनजातियों की बसाहटों में पक्का मकान, रोड, नाली, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था के साथ ही सरकार की 11 योजनाओं का लाभ दिलाने का काम तेजी से किया जा रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ में 9 सरकारी विभागों के समन्वय से क्रियान्वित की जा रही है।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

शोहदे की हिमाकत से खौफजदा हुई शिक्षिका

●विद्यालय आते-जाते समय की छेड़छाड़
●वीडियो, फोटो वायरल करने की धमकी दी

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बिसवाँ कोतवाली इलाके की एक शिक्षिका इन दिनों शोहदे की छेड़छाड़ व अश्लील इशारों से आजिज आ चुकी है। स्कूल आते-जाते समय शोहदा रास्ते में शिक्षिका को रोक कर उस पर फब्तियां कसता है और आपत्ति जनक असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर परेशान करता है। पीड़ित शिक्षिका के पिता ने जब शोहदे की शिकायत उसके परिजनों से की तो वह भी अपने बेटे का पक्ष लेते हुए उनके साथ गाली गलौज करने से बाज नहीं आते। हद तो तब हो गई जब शोहदे ने शिक्षिका का वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे डाली। पीड़ित शिक्षिका ने बिसवां कोतवाली में आरोपी शोहदे के विरूद्ध तहरीर दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी शोहदे की तलाश शुरू कर दी। बिसवां कोतवाली इलाके की रहने वाली एक युवती एक इंटर कॉलेज में बतौर शिक्षिका तैनात है। उसका आरोप है कि स्कूल आते जाते समय अंशू बाजपेयी नामक युवक उसके साथ रास्ते में छेड़छाड़ व अश्लील हरकते करता है। वह किवानी नदी पुल पर खड़े होकर उसके साथ न केवल छेड़छाड़ करता है बल्कि गंदी हरकते व अश्लील इशारे करता है। जब युवती के पिता ने शोहदे के परिवार वालों से मिल कर उसकी शिकायत की तो उन्होंने भी अपने बेटे का पक्ष लेते हुए उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित युवती का कहना है कि शोहदे ने उसकी वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दी है। पीड़ित शिक्षिका ने बिसवां कोतवाली में शोहदे के विरूद्ध तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने धारा 354, 504, 506, 294 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह का कहना है कि एक शिक्षिका की ओर से तहरीर मिली है। जिसमें उसने एक युवक के विरूद्ध छेड़छाड़, गाली गलौज व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

विद्यार्थियों ने मातृ-पितृ का पूजन कर लिया आशीर्वाद

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मां सरस्वती के जन्म दिवस पर जुगल किशोर गोविंद प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सरस्वती पूजन एवं मातृ पितृ पूजन का आयोजन किया गया। बसंतोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। जिसमें उपस्थित सभी छात्राओं ने मां सरस्वती की पूजा कर विद्या की कामना की। इस मौके पर आयोजित यज्ञ में प्रबंध समिति के सदस्यगण, प्रधानाचार्य, समस्त आचार्य, अभिभावक तथा छात्र-छात्राओं ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का उनके पुत्र पुत्रियों ने तिलक वंदन एवं आरती कर पूजन किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की एक हस्तलिखित पत्रिका प्रेरणा का विमोचन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आशीष मेहरोत्रा, रमेश मेहरोत्रा, कमल टंडन, राजेश्वर रस्तोगी, अनुराग मिश्रा प्राचार्य, जयशंकर शुक्ला, आशीष सक्सेना, छोटेलाल सहित आचार्य, अभिभावक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

संक्षिप्त आवाज़

होटल के बाहर से चोरी गई कार बरामद, एक गिरफ्तार

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शहर कोतवाली इलाके में होटल के बाहर खड़ी कार चोरी प्रकरण में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी गई कार बरामद कर ली है। बताते चले कि शहर के सदर बाजार क्षेत्र में स्थित टूरिस्ट होटल के बाहर से लखनऊ निवासी उमेश गौतम पुत्र जगन्नाथ की अर्टिगा कार चोरी हो गई थी। पुलिस ने देर रात कांबिंग कर इलाके की घेराबंदी की और चोर को वाहन सहित दबोच लिया। दबोचे गये चोर ने पूछताछ के दौरान अपना नाम सोनू पुत्र इरफान निवासी जठरा थाना खम्हरिया जनपद खीरी बताया है।

मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक बने दिनेश बहादुर सिंह

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली में नियुक्त हेड कांस्टेबल का प्रमोशन उप निरीक्षक पद पर हुआ हैं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ने मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक बने दिनेश बहादुर सिंह को डबल स्टार लगा कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिला कर खुशी जताई। बताते चले कि मुख्य आरक्षी दिनेश बहादुर सिंह की तैनाती लहरपुर में वर्ष 2022 में हुई थी। मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक बनने पर कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने डबल स्टार लगा कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान उप निरीक्षक ऋषभ यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ मना वसंत पंचमी

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। आरपी चिल्ड्रेन्स हाईस्कूल नवीन चौक में वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक अनिल श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य अर्चना श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके समारोह का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने पीला वस्त्र धारण कर वसंत की खुशियां मनाई। वीणापाणि विद्यादात्री बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की मूर्ति और तैल चित्र का पुष्पाहार, पीले रंग के पुष्प और पीले रंग की पूजन सामग्री द्वारा विधान पूर्वक पूजन अर्चन वंदन किया गया। स्कूल की छात्रा मीनाक्षी यादव, शैनवी श्रीवास्तव, आनुपूर्वी, काव्या सिंह, अधविका त्रिपाठी, अवनि वर्मा, श्रेया सिंह, आराध्य मौर्या, नित्या वर्मा ने माँ सरस्वती का स्वरूप धारण कर सरस्वती वंदना का सामूहिक गायन किया। तदुपरांत विद्यार्थियों को देवी सरस्वती का प्रसाद और मिष्ठान वितरण भी किया गया।

दलित छात्रा की पिटाई मामले की जाँच करने स्कूल पहुँचे बीईओ

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवा में दलित छात्रा की बेवजह पिटाई और विरोध करने पर प्रधानाध्यापक के साथ बदसुलूकी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले की जांच करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल विद्यालय पहुंचे। उन्होंने इंचार्ज प्रधानाध्यापक व मौजूद अन्य शिक्षकों तथा शिक्षामित्रों के अलावा अभिभावकों के बयान भी दर्ज किये। मामले की जांच रिपोर्ट बीएसए को भेज दी गई है। उनका कहना है कि उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद आरोपी शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बताते चले कि उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवा में तैनात सहायक अध्यापक मुनीर अहमद खां ने कक्षा एक की छात्रा रजनी गौतम की बेवजह पिटाई कर दी थी। विरोध करने पर मुनीर ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक मुसीर अहमद के साथ मारपीट व गाली गलौज की थी। इतना ही नहीं उपस्थिति पंजिका के पन्ने भी शिक्षक मुनीर ने फाड़ दिये थे। जब शिकायत लेकर छात्रा की मां विद्यालय पहुंची थी तो आरोपी शिक्षक ने उसके साथ भी अभद्रता की थी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के विरूद्ध उसी दिन केस भी दर्ज कर लिया था। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि बालिका का मेडिकल कराया गया है। शिक्षक के विरूद्ध मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जानकारी पाकर बीईओ उदयमणि पटेल ने मौके पर पहुंच कर जांच की। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं व अभिभावकों के बयान दर्ज किये। जांच रिपोर्ट भी बीएसए को प्रेषित कर दी गई है।

हस्तकला प्रदर्शनी व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बिसवां-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। वसंत पंचमी पर्व पर अनेकता में एकता क्रांति मंच के तत्वावधान में संकल्प शक्ति कार्यक्रम के तहत सरस्वती विद्या मंदिर नसीरपुर न्योराजपुर में कुम्भकारी, हस्तकला प्रदर्शनी व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। समापन पर समरसता तहरी भोज भी हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राइट संस्था की डायरेक्टर डॉ. गोदावरी मिश्रा व शिव साधिका साधना बाजपेयी ने फीता काट कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। अतिथियों का स्वागत संस्था की अध्यक्ष डॉ. इंद्रा श्रीवास्तव ने व संचालन संस्था की मंत्री आरती श्रीवास्तव ने किया। कुम्भकारी एवं हस्तकला प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए मेज़पोश, फ्राक, बैग, गुलदस्ते एवं मिट्टी के बर्तनों आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जिसमें 350 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुर्वेदिक दवाएं दी गई। इस दौरान डॉ. मयंक श्रीवास्तव, डॉ. सतेन्द्र चौधरी, डॉ. शिवकरन वर्मा, डॉ. सुनील पाल, डॉ. लालिमा वर्मा, डॉ. विवेक वर्मा, विद्यालय प्रबन्धक अरविन्द वर्मा, समाज सेविका शैली शर्मा, सक्षम श्रीवास्तव, साक्षी श्रीवास्तव, आदर्श वर्मा, विमला यादव, शीतल वर्मा आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही सरकार

●सिधौली विधायक ने ऐम महाविद्यालय में बाँटे स्मार्ट फोन व टैबलेट

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ऐम महाविद्यालय में युवाओं में तकनीकी सशक्तिकरण के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क स्मार्ट फोन व टैबलेट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने 46 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन व 46 छात्रों को टैबलेट वितरित किये। विधायक ने कहा कि आज कंप्यूटर का युग है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा युवाओं हेतु अनेक प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और ऐम महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा से कार्यरत है। हमारे विद्यार्थी किसी से पीछे न रहे इसलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टैबलेट का वितरण करवा रहे हैं। इसके सहारे छात्र अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं। प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और बेहतर उच्च शिक्षा दिलाने को लेकर हर संभव प्रयास कर रही है। महाविद्यालय के सचिव को विगत वर्षों में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचाने और जनहित में की जा रही सेवाओं के लिए बधाई दी। कॉलेज के सचिव एमएस फरीदी ने कहा कि छात्राएं टेबलेट का प्रयोग अपने भविष्य को संवारने में करें और अपने छोटे भाई व बहनों को भी इसका उपयोग शिक्षा के लिए करने दें मेहनती और निर्धन विद्यार्थियों के लिए टैबलेट किसी वरदान से कम नहीं है! कार्यक्रम के दौरान तारिक़ सिद्दीकी ने सभी आगंतुको का स्वागत किया।

विधायक के हाथों स्मार्टफोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। गाँधी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन वितरित किए। इस असवर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव डॉ. कमल कुमार जैन ने की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र सिंह ने सभी लाभान्वित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए आज के समय में स्मार्ट फोन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी डॉ. संजीव कुमार शुक्ला ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया तथा छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

निर्धारित लक्ष्य को पाने के लिए करें कठोर परिश्रम

●जरूरतमंदों की सेवा ही हम सब का होना चाहिए कर्तव्य
●विद्यार्थियों के विदाई समारोह में भावुक हुई एसडीएम शिखा शुक्ला

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। संजू प्रजापति स्मारक इंटर कॉलेज में इण्टरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने विद्यार्थियों को कैरियर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलू साझा किए। युवा एसडीएम को अपने बीच पाकर विद्यार्थियों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। एसडीएम ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में आज यह माहौल देखकर मुझे अपने फेयरवेल की याद आ गई। हम सब भी जब स्कूल में थे तो ऐसे ही विदाई समारोह के लिये एकत्रित हुए थे। आज के बाद आप सबके रास्ते बदल जाएंगे। सभी विद्यार्थियों को यहां से अब लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए जी-जान से मेहनत करनी है। कोई डॉक्टर बनेगा, कोई इंजीनियर बनेगा, कोई आईएएस बनेगा लेकिन सबसे जरूरी है कि व्यक्तिगत रूप से आप मानव सेवा के लिये सदैव तत्पर रहें। जरूरतमंदों की सेवा ही हम सबका कर्तव्य होना चाहिए। इस दौरान एसडीएम ने एक छात्र व एक छात्रा को मंच पर बुलाकर उनसे भविष्य की योजनाओं को लेकर संवाद करते हुए उन्हें जागरूक किया। अतिथियों का स्वागत संस्था के संरक्षक रामप्रवेश प्रजापति, प्रबंधक प्रदीप प्रजापति, प्रधानाचार्या प्रीती प्रजापति, पिंकी प्रजापति, अनमोल प्रजापति आदि ने माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ। सीता ग्रुप ऑफ एज़ूकेशन के चेयरमैन आरके बाजपेयी, भाजपा नेता मोहन प्रसाद बारी, अवनीश रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, अजय वर्मा, राजेश शुक्ल, डॉ. लोकपति वर्मा, डॉ. सुशील जायसवाल, विजय बारी, मृगांक वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। विदाई समारोह में सभी विद्यार्थियों को अंग वस्त्र, आकर्षक टोपियां और फोटो फ्रेम देकर सम्मानित किया गया और संस्था परिवार ने बेहतर प्रदर्शन के लिये शुभकामनाएं दी।

कोचिंग सेंटर में दो गुटों में झगड़ा, बाइक में लगाई आग

●पुलिस ने दर्ज किया केस, तीन नामजद, पिसावां का मामला

महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाने से महज कुछ ही दूरी पर स्थित एक कोचिंग सेंटर पर छात्रों के दो गुटों में झगड़ा हो गया। बातचीत इस कदर बढ़ गई कि लात-घूसा और बेल्ट चलाने के बाद एक गुट ने दहशत फैलाने के लिए दूसरे गुट के छात्र की बाइक में आग लगा दी। पुलिस की नाक के नीचे करीब एक घंटे तक हंगामा चलता रहा, लेकिन वह अंजान बनी रही। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले में तीन लोगों को नामजद करते हुए केस दर्ज किया है। मामला पिसावां कस्बे में गोपामऊ रोड का है। पिसावां कस्बे के अतुल सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह ने बताया कि पिसावां की गोपामऊ रोड पर एक कोचिंग सेंटर चलता है। जहां पर आकाश पुत्र राकेश, अभिषेक पुत्र रमेश, आयुष पुत्र कृष्ण पाल सिंह पढ़ाई कर रहे थे। रात दस बजे के बाद अर्पित निवासी कस्बा महोली अपने साथी सुमित सिंह पुत्र बबलू सिंह, रक्षत सिंह पुत्र नत्थू सिंह के साथ आए और गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की करने लगे। आपत्ति जताने पर वह लोग मार-पीट पर उतर आए। आरोप है कि उसके बाद अर्पित और उसके साथी कोचिंग सेंटर पर रखी कुर्सियां तोड़ दीं और कापीं किताबें फाड़ दीं। इसके बाद उन्होंने एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर यूपी 34 बीएन 3765, जो कोचिंग सेंटर के बाहर खड़ी थी, को आग लगा दी। यह बाइक कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र आकाश की बताई जा रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अर्पित, सुमित, रक्षक के विरुद्ध धारा 352/504/427/435 आईपीसी में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। उधर पीड़ित पक्ष ने बताया कि लगाए जा रहे आरोप फर्जी हैं। पुलिस ने दबाव में एक पक्षीय कार्रवाई की है।

पुलवामा हमले में शहीद सपूतों की स्मृति में निकाली तिरंगा यात्रा

●देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों पर झूमें लोग, छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के सपूतों की स्मृति में कस्बा स्थित अशोक एकेडमी स्कूल प्रांगण से विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने एबीवीपी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए, इस दौरान मौजूद लोग देशभक्ति से ओत प्रोत गीतों पर झूम उठे। तिरंगा रैली अशोक एकेडमी से प्रारंभ हुई, जो अटरिया स्टेशन रोड, नीलगांव रोड, धारावां रोड होते पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची। वहां पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति व सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद सिंह तथा मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला, विद्यालय प्रबंधक आशीष त्रिपाठी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला, जिला प्रमुख गोपाल सिंह, विद्यालय प्रबंधक आशीष त्रिपाठी, पवन यादव सहित विभिन्न वक्ताओं ने अपने वक्तव्य रखें। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं को डायरी, पेन, मेडल, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विमल तिवारी, वायुनायक कश्यप, लक्ष्मी त्रिपाठी, नरोत्तम कश्यप, नितिन मिश्रा, अंकू सिंह, संदीप कुमार, सीताराम, पंकज कुमार, दयाशंकर, सूरज यादव, पालजी, नरेंद्र तिवारी, विशाल कुमार, मनोज पांडेय, जितेंद्र नाथ धनगर, राकेश कुमार, अंकित गिरी, संदीप लोधी, प्रताप सिंह यादव, गौरव मिश्रा, सचिन सिंह, गोविंद, राज गोपाल सिंह, अमन अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में जीडी पब्लिक स्कूल कोडरिया, अशोक एकेडमी स्कूल अटरिया, सीक्रेट ग्रो कान्वेंट स्कूल अटरिया, तथागत गौतम स्कूल रामपुर टंडवा, साई महादेव स्कूल धारावां गढी, जीसीवाई कान्वेंट स्कूल गुलरिया, अहिल्याबाई होल्कर पब्लिक स्कूल नरपतपुर, केस एकेडमी स्कूल देवरिया, अवध कंप्यूटर इंस्टिट्यूट अटरिया, श्री राम गोपाल जूनियर हाईस्कूल मणिपुर, एलजी आईपी स्कूल अटरिया, स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल नरपतपुर सहित अन्य विद्यालयों का अहम योगदान रहा।

'रंग दे बसंती चोला' गीत पर मंत्र मुग्ध हुए साहित्यकार

●हिंदी सभा में सरस्वती पूजन कर मनाई गई बसंत पंचमी

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को देवी सरस्वती का अवतरण हुआ था। इसलिए इस दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा करके बसंत उत्सव मनाने की परंपरा रही है। इस पंचमी को वसंत पंचमी कहा जाता है क्योंकि वसंत पंचमी के दिन से ही वसंत ऋतु का आगमन होता है, जो सभी ऋतुओं का राजा होता है। माँ सरस्वती की आराधना व्यक्ति में दैवी गुण संस्कारों को विकसित करने के साथ ही शब्द समृद्धि भी प्रदान करती है। उक्त उदगार आज बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजन के अवसर पर हिंदी सभा के अध्यक्ष आशीष मिश्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। इसके पूर्व पीले वस्त्रों व फूलों से मां सरस्वती के चित्र का पूजन किया गया। साहित्यकार जीएल गांधी ने सरस्वती वंदना की व कार्यक्रम का संचालन कर रहे हिंदी सभा के महामंत्री रजनीश मिश्र ने रंग दे बसंती चोला गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कमलेश पांडेय, काली शंकर मिश्र, अशोक मिश्र, डॉ. सुनील सारस्वत, रजनीश मिश्र, गुड्डू चक्रवर्ती ने अपने विचार व्यक्त किये।

लेखपालों का कार्य बहिष्कार व धरना प्रदर्शन जारी

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लहरपुर में तहसीलदार द्वारा लेखपाल को अपमानित किए जाने से आहत लेखपालों का धरना प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। महमूदाबाद तहसील लेखपाल संघ अध्यक्ष ललित सिंह ने बताया कि लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के आवाहन पर लहरपुर तहसीलदार का स्थानांतरण न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि लेखपालों के साथ राजस्व निरीक्षक द्वारा अभद्र व असंसदीय व्यवहार किए जाने पर लेखपालों ने तहसीलदार को उचित कार्रवाई के किए मांग पत्र दिया था। तहसीलदार ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर लेखपाल संवर्ग के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने, न्याय सिद्धांत के विपरीत मांग पत्र पर प्रतिक्रिया दी थी। तहसीलदार के व्यवहार से आक्रोशित लहरपुर तहसील के लेखपाल तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग को लेकर विगत मंगलवार से अनवरत पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। धरने के आठवें दिन मंगलवार को लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के आवाहन पर महमूदाबाद लेखपालों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया था। बुधवार की सुबह 10 बजे से पुनः धरना-प्रदर्शन महमूदाबाद तहसील के बरामदे में शुरू हुआ। धरना-प्रदर्शन करते हुए लेखपालों ने लहरपुर तहसीलदार को हटाए जाने की मांग की। धरना प्रदर्शन में लेखपाल ललितेश सिंह, ललित मौर्य, रमाकांत रावत, गुफरान, पूर्णेन्दु प्रकाश, दान बहादुर, सुशील वर्मा सहित समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

स्कूल-कॉलेजों में धूमधाम से मना माँ सरस्वती का जन्मोत्सव

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बसंत पंचमी के अवसर पर स्वर, संगीत व विद्या की देवी माता सरस्वती जी का जन्मोत्सव क्षेत्र के समस्त स्कूल-कालेजों में पूजन-अर्चन कर धूमधाम के साथ मनाया गया। कालेज के शिक्षकों व छात्रों ने सरस्वती जी के चित्र के सामने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कर देवी मां से सद्ज्ञान देने की याचना की। 14 फरवरी दिन बुधवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सीता इंटर कालेज के जूनियर, सीनियर वर्गा के साथ एकेडमी परिसर में श्रद्धा के साथ मां सरस्वती का पूजन-अर्चन करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लेकर सद्ज्ञान देने की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आरके बाजपेयी ने कहा कि विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन-अर्चन बसंत ऋतु के शुभारंभ पर की जाती है। बसंत का मौसम सभी जीवों के लिए राहत देने वाला होता है। हम सब मां सरस्वती के वंदन के साथ नव जीवन देने वाले बसंत ऋतु का स्वागत करते हैं। यह हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। कालेज के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष व वागीश दिनकर, जूनियर वर्ग में प्रधानाचार्य अनंत रत्नम् की देख-रेख में हवन पूजन के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट आफह्यूमनिटीज साइंस एंड टेक्नालोजी, सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज, सरदार सिंह कांवेंट इंटर कॉलेज, आदर्श विद्या मंदिर, प्रकाश इंटर कॉलेज, संजू प्रजापति इंटर कॉलेज, एमएसडी स्मारक इंटर कॉलेज, सरदार पटेल मेमोरियल कन्या शिक्षण संस्थान, श्री महेंद्र कुमार शास्त्री मेमोरियल इंटर कॉलेज, पंडित जवाहर लाल नेहरू इंब्र कॉलेज हेलेपारा, सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज गोड़ैचा चौराहा, पं. संतोषी लाल शुक्ल मेमोरियल इंटर कॉलेज, भगौती प्रसाद शांती देवी इंटर कॉलेज हैबतपुर सहित समस्त स्कूल-कॉलेजों में पूजन-अर्चन के साथ बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

ब्लाक परिसर में कैन्टीन चला रहे युवक पर बीएमएम ने दर्ज कराया केस

●संध्या प्रेरणा समूह 'केयर टेकर' का पति है कैन्टीन संचालक
●कचनार में सामुदायिक शौंचालय का केयर टेकर है संध्या प्रेरणा समूह

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ऐलिया ब्लाक में बीएमएम की पोस्ट पर तैनात संविदा कर्मी ने संध्या प्रेरणा स्वयं सहायता समूह (केयर टेकर) की संचालिका के पति पर मार पीट का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि बीएमएम द्वारा लगाये गये आरोपों की पुष्टि कोई भी ब्लाक कर्मी नहीं कर रहा है। बताया जाता है कि बीएमएम ने अवैध तरीके से कचनार सामुदायिक शौंचालय का केयर टेकर जनवरी माह में बदल दिया था। नवनियुक्त केयर टेकर पर मौजूदा केयर टेकर ने नाम मिटाने व सामग्री चोरी का आरोप लगाते हुये चौकी पुलिस को तहरीर दी गयी थी। वहीं बीडीओ से भी इसकी शिकायत की थी। आरोपी बदले की भावना से झूंठा केस दर्ज कराने की बात कह रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ऐलिया ब्लाक कार्यालय में तैनात ब्लाक मिशन प्रबन्धक (बीएमएम) धीरज मिश्रा संविदा कर्मचारी है। वह स्वंय साहयता समूह संचालन व उनकी फीडिंग का कार्य करता है। स्थानीय थाने में उसके द्वारा केयर टेकर संध्या के पति विवेक कश्यप पुत्र खुशी राम निवासी कचनार थाना कोतवाली देहात पर मार पीट व जान माल की धमकी से सम्बन्धित मु.अ.सं. 60/24 धारा 504, 506 में दर्ज कराया गया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र यादव कर रहे हैं। बीएमएम का आरोप है कि उसने ग्राम पंचायत कचनार में संध्या केयर टेकर के स्थान पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में अन्य समूह प्रगति महिला समूह का चयन कर दिया था। इससे बौखलाकर संध्या केयर टेकर के पति विवेक कुमार ने 3 फरवरी 2024 को समय करीब 2.15 बजे विकास खण्ड परिसर में आकर गन्दी गन्दी गालियां दी। और कहा तूने मेरी पत्नी को सामुदायिक शौचालय केयर टेकर से हटाया है। मैं तुम्हे नौकरी नहीं करने दूंगा। और तुम्हे बर्बाद कर दूंगा। इस मामले को वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर डाट फटकार लगाते हुये विवेक को ब्लाक से भगा दिया। मामले को लेकर विवेक ने बताया कि मेरी पत्नी को बिना बताये ही सुनील पुत्र लाल विहारी निवासी कचनार को सामुदायिक शौचालय पर भेजकर शौचालय में लिखा नाम मिटा दिया था। साथ ही सामुदायिक शौचालय लगे बल्ब, कुर्सी व मेज उठवा दिये थे। जिसकी तहरीर मेरी पत्नी ने कचनार चौकी पुलिस को 29 जनवरी 2024 को दे दी थी। साथ ही एक पत्र बीडीओ साहब को भी दे दिया था। इसी बौखलाहट में फर्जी केस लिखवाया होगा। जिसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। वहीं ब्लाक का हर कोई कर्मचारी ऐसी घटना से अनभिज्ञ नजर आ रहा है। विवेचक का कहना है कि जांचोपरांत ही सच्चाई सामने आयेगी। जांच से पूर्व मैं कुछ नहीं कह सकता हूं।

केयर टेकर चयन व हटाने का क्या है नियम

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। गरीबी स्तर कम करने के लिये ग्राम पंचायतों में संचालित महिला स्वंय सहायता समूहों की माली हालात मजबूत करने व उन्हे प्रोत्साहित करने हेतु मनरेगा योजना अन्तर्गत महिला मेट, बाल पोषाहार वितरण केयर टेकर, सामुदायिक शौंचालय केयर टेकर आदि काम देकर जीविकोपार्जन कराना सरकार का लक्ष्य है। बीएमएम (ब्लाक मिशन प्रबन्धक) इनका डाटा फीड करता है। समय समय पर इनको ब्लाक स्तर पर बुलाकर जन योजनाओं की जानकारी देना व प्रशिक्

संक्षिप्त समाचार

तेज बारिश और आंधी से फसलों को भारी नुकसान

चोपन/ सोनभद्र - नगर सहित आसपास के इलाकों में सोमवार की भोर से ही हो रही बिन मौसम के हो रही बरसात ने जहां एक तरफ लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है तो वहीं दूसरी तरफ फसलों और हरी सब्जियों को काफी नुकसान हुआ वहीं वुधवार को दोपहर में तेज गरज चमक और आंधी के साथ लगभग चार से पांच मिनट तक नगर के साथ ही कई इलाकों में जबरदस्त ओले गिरे जिससे काफी नुकसान का अंदेशा है जहां एक तरफ बसंत पंचमी को लेकर लोगों में विभिन्न प्रकार की तैयारीयां चल रही थी जगह जगह विद्या की देवी मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ चल रहा था शिवालयों में जलाभिषेक भोर से ही शुरू हो गया था रेणुकापार के प्रसिद्ध गोठानी में बाबा शोभनाथ मंदिर में बसंत पंचमी के मेले का आयोजन किया जाता है जहां सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त पहुंच कर बाबा का जलाभिषेक करते हैं और मेले का सपरिवार आनंद उठाते हैं अब चुंकि तीन दिन से लगातार बरसात होने की वजह से दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ उधर बेमौसम बारिश ने शादी व्याह के आयोजनों को भी बहुत प्रभावित किया।

गांवों गलियों तक पहुंचाई केन्द्र की उपलब्धियां

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह. उत्तर प्रदेश के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र के दिशा निर्देश में बस्ती संपर्क अभियान गांव गांव गली गली प्रधानमंत्री की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति के घर तक पहुंचे इसलिए भारतीय जनता पार्टी सूचित मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं को जमीन स्तर पर उतरने का काम कर रहे हैं अनुसूचित मोर्चा के क्षत्रिय अध्यक्ष अजीत रावत ने प्रधानमंत्री की लोक कल्याणकारी योजना के बारे में कूलन बस्ती वार्ड नंबर वार्ड नंबर श्र6 बढ़ेली मोहाल में में जाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति के घर तक पहुंचे ईशा से बस्ती संपर्क अभियान बृहद स्तर पर चलाए जा रहा है 2024 में पुणे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प सभी ने लिया इस कार्यक्रम में संगीता कॉल अनीता पासवान सुशीला देवी अनंती देवी रजवंती कॉल संजय रामजी बियारआदि।

सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा संचालित विशेष अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र केराकत के चंदवक बाजार में विधानसभा क्षेत्र केराकत के विभिन्न इलाकों से विभिन्न समाज तथा विभिन्न पार्टियों के लोगों ने भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। सदस्यता का कार्यक्रम पूर्व विधायक दिनेश चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सैकड़ो लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया द्य डेहरी ग्रामसभा के युवा प्रधान फरहान खान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज के 50 से अधिक युवा,पूर्व ग्राम प्रधान छोटे लाल यादव के नेतृत्व में 50 लोग तथा डोभी ब्लाक के ब्लॉक प्रमुख संरक्षक अजय प्रकाश सिंह उर्फ केडी सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता को ग्रहण किया।सदस्यता के क्रम में करीब 500 से अधिक युवा, वरिष्ठ और समाजसेवी लोगों ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार और केंद्र में नरेंद्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को स्वीकार किया। संचालन डोभी मंडल के अध्यक्ष संजय पांडेय तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मछलीशहर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह ने किया।

दिव्यांग बच्चों के लिए दिया एलईडी टीवी और फ्रिज

जौनपुर। हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख गिरीशचंद्र जोशी क्षेत्र प्रमुख शैलेंद्र कुमार क्षेत्र प्रमुख सुबोध कुमार अजय कुमार एलईडी टीवी व फ्रिज प्रदान किया। सर्व प्रथम अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन किया। संस्थान प्रबन्धक विनोद कुमार माली संचालक डॉ0 प्रमोद कुमार सैनी, रामअवतार माली मनोज माली विकास मौर्या द्वारा लोगों का माला पहनाकर स्वागत किया गया । अंचल प्रमुख ने एलईडी टीवी व फ्रिज का रिबन काटकर उद्घाटन किया और कहा ये दिव्यांग बच्चे समाज की मुख्य धारा से जुड़े इसमें बड़ा कोई नेक कार्य नहीं हो सकता जितना हो सकगा मै इस संस्था के दिव्यांग बच्चों का हर सम्भव मदद करूंगा । दिव्यांग बच्चों को लांच पैकेट वितरीत किया । सोनम यादव मंजू प्रजापति, नंदनी विश्वकर्मा, रूबीना, अभिलाषा श्रीवास्तव, अरुणा सिंह, संजय मिश्रा शक्ति सिंह, गंगा प्रसाद, राजपति यादव व दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसन्त पंचमी

जौनपुर। जेसीआई क्लासिक के तत्वाधान में ज्ञान की देवी बागेश्वरी मां सरस्वती का जन्म दिवस वसंत पंचमी पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। अध्यक्ष रिचा गुप्ता ने कहा बसंत पंचमी को श्रीपंचमी, ज्ञान पंचमी भी कहा जाता है। यह त्योहार माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को पड़ता है।बसंत पंचमी जीवन में नई चीजें शुरू करने का एक शुभ दिन है। बहुत से लोग इस दिन नए घर में प्रवेश करते हैं, कोई नया व्यवसाय शुरू करते हैं या महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू करते हैं। इस त्योहार को समृद्धि और सौभाग्य का दिन माना जाता है। उपाध्यक्ष ज्योत्सना साहू ने कहा माता सरस्वती को विद्या, बुद्धि, कला एवं ज्ञान का वरदान माना जाता है इसलिए लोगों को इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनने चाहिए और पीले फूलों से देवी सरस्वती की पूजा करनी चाहिए। निर्देशक प्रियंका पांडे ने कहा हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का निर्माण किया था। संगीता सेठ, पूर्णिमा उपाध्याय, साधना सिंह, प्रियंका जायसवाल, अस्मिता गुप्ता, अंजू लता अग्रहरि, शालिनी सेठ, रोशनी सेठ आदि उपस्थित रही।

मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ कराई

जौनपुर। नगर मोहल्ला मख्दूम शाह अढहन की मस्जिद चहारसू रौजा मख्दूम शाह अढहन के निकट इमाम बारगाह वक्फ असगर हुसैन मरहूम के कैम्पस में एक महफिल बसिलसिल ए विलादत हजरत इमाम हुसैन व हजरत अब्बास हुज्जत उल इस्लाम मौलाना आगा आबिद अली खान नजफी की सदारत में मुन्कीद की गई। महफिल की शुरुआत तेलावते कुराने मजीद से हुई महफिल में मस्जिद चहारसू के पेश नमाज मौलाना शहजाद खां शहजादे ने तकरीर करते हुए कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम दुनिया के तमाम इन्सानों के लिए आदर्श हैं खत्मी मरतबत हजरत मुहम्मद मुस्तफा का खानवादे ने हमेशा इन्सानों के फलाहो बहबूद के लिए अपनी जिन्दगियां कुर्बान कर दी । उन्होंने हजरत इमाम हुसैन और हजरत अब्बास के फजायल ब्यान किए । राहिब जौनपुरी, नईम हैदर , अब्बास हैदर, एहतेशाम जौनपुरी , फहमी इमामपुरी, सैफ अब्बास जौनपुरी, राशिद खां रत्नवी, तालिब जैदी, गौहर अली जैदी नाज जौनपुरी, सैफ जौनपुरी इत्यादि ने कसीदा खानी की , महफिल का एखतेताम हुज्जत उल इस्लाम मौलाना आगा आबिद अली खान नजफी की दुआ खानी पर हुआ महफिल की निजामत जाफर खां जौनपुरी ने किया ! महफिल में समाजसेवी अली मंजर डेजी, सिकन्दर इकबाल, तहसीन अब्बास सोनी, सैय्यद असलम नकवी,अकील अब्बास, आदि मौजूद थे ।

विधि विधान से स्थापित की गयी होलिका

जौनपुर। जिले के गांव-गांव में षहर के चौराहों पर होलिका दहन करने से पूर्व उस जगह पर रेड़ का पेड़ व डाली जमीन में गाड़ने की परंपरा विधि विधान से पूरी की गयी। सदियों से इस परंपरा का पालन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ बसंत पंचमी के दिन किया जाता है। जिन जगहों पर किसी कारणवश बसंत पंचमी के दिन यह परंपरा पूरी नहीं हो पाती वहां पर होलिका दहन से एक दिन पहले अवश्य अरंड पेड़ गाड़कर वहीं पर लकड़ियां एकत्रित की जाती है। बताया गया कि अरंड पेड़ को गाड़कर पेड़ की भी पूजा करने की परंपरा निभाई गयी। 40 दिनों तक इसी जगह पर मोहल्ले के बच्चे, युवा लकड़ियां एकत्रित करके रखते हैं और होली के एक दिन पूर्व होलिका दहन किया जाता है। कहा जाता है कि अरंड नाम के पेड़ की ऊंचाई ज्यादा नहीं होती। यह हर गांव, शहर में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। आयुर्वेद में इस पौधे को शेर की उपाधि दी गई है क्योंकि अरंड के पौधे का हर एक हिस्सा रोगनाशक होता है। जड़ से लेकर पत्ता, तना, फल सभी का इस्तेमाल विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है। शिशिर ऋतु के बाद वसंत ऋतु का आगमन होने के समय संधिकाल में कई प्रकार के जीवाणु, कीटाणु एवं रोगाणु पनपने लगते हैं इसीलिये अरंडी के पेड़ की पूजा करके वहीं पर होलिका के लिये लकड़ी, कंडे आदि एकत्रित करने की शुरुआत की जाती है।

ठगी का एक लाख 82 हजार खाते में वापस कराया

जौनपुर। थाना साइबर क्राइम की टीम द्वारा आनलाइन ठगी की गयी रकम 182334 रुपया को आवेदक के खाते में वापस कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेष कुमार ने बताया कि थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये आनलाइन ठगी का शिकार हुए पीडित की सम्पूर्ण धनराशि को अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक के पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने व बोनस प्राप्त करने के लिये आवेदक को झाँसे में लेकर दो बार में कुल 182334 रुपये की साइबर ठगी की गयी थी। जिस पर साइबर क्राइम थाना द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये आनलाइन ठगी की सम्पूर्ण धनराशि (1,82,234 रु) कोआवेदक के खाते में वापस कराया गया।

हर्ष फायरिंग में युवक की मौत, दो पर मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर। देर रात हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। कोतवाली नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। घटना लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा गांव की है।

मंगलवार को लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत शिवनगर अंतर्गत बेदुपारा निवासी हरिशंकर तिवारी की बेटी की शादी थी। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द निवासी हेमंत कुमार मिश्र की देवाढ़ घाट के पास शिवम टेंट हाउस नाम से दुकान है। हेमंत ने हरिशंकर की बेटी की शादी में टेंट लगाया था। मंगलवार देर रात द्वार पूजा के समय बारातियों द्वारा हर्ष फायरिंग की जाने लगी जिसमें एक गोली हेमंत के पेट में जा लगी और वह अचेत होकर गिर पड़ा। हेमंत को घायलावस्था में लेकर लोग मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की मौत होते ही साथ आये लोग मौके से फरार हो गए। उधर चिकित्सक ने घटना की जानकारी कोतवाली नगर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दिया है। हेमंत की मौत की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। वही परिवार में कोहराम मच गया है। देर रात एसपी सोमेन ने घटनास्थल का निरिक्षण किया। उन्होंने बताया हेमंत के पिता राजेंद्र प्रसाद मिश्र की तहरीर पर लंभुआ कोतवाली में कल्लू तिवारी और मीनू सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मृतक हेमंत के पिता ने बताया कि हर्ष फायरिंग में पूरी घटना घटी। लड़का हमारा टेंट की पूरी व्यवस्था देखता है वो और 5-6 लेबर उसके साथ थे। हर्ष फायरिंग में उसे गोली लगी हम घर पर थे हमें सूचना आई। हम भी एक शादी में वहां से हम भागकर आए यहां।

लेकिन कोई बताने वाला नहीं है लड़का हमारा कहां है। हम अस्पताल पहुंचे तो हमारा लड़का नंगा पड़ा था। उसके एक चार साल और एक पांच महीने का बच्चा है। हमें न्याय चाहिए।

जिला पंचायत का 68 करोड़ का बजट मंजूर नहीं पहुंचे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

सुल्तानपुर। जिला पंचायत में चालू वित्तीय वर्ष के 86.73 करोड़ रुपये और आगामी वर्ष 2024-25 के मूल अनुमानित बजट 75.81 करोड़ रुपये का भी सदन ने सर्वसम्मति से अनुमोदन कर दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह की अध्यक्षता में यहां बैठक हुई। बैठक में लोनिवि के अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग एवं सिंचाई विभाग के अनुपस्थित रहने पर विधायकों व सदस्यों ने नाराजगी जताई। साथ ही सीडीओ से अनुरोध किया कि इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।बैठक में विधायक सदर राजप्रसाद उपाध्याय ने अयोध्या में निर्मित राम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने का प्रस्ताव रखा। सदन से सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया। वर्ष 2024-25 की अनुपूरक कार्ययोजना तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना भी स्वीकृत की गई। इस दौरान सदस्यों ने अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को सदन के समक्ष उठाया। विद्युत, सड़क, पेयजल सहित अन्य मुद्दों को सदन में रखा गया। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शराब के जो ठेके खुले हुए हैं अब उनसे भी जिला पंचायत संपत्ति एवं विभव कर वसूल करेगी इसको लेकर चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी के साथ अमर्यादित आचरण करने के मामले में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह के खिलाफ गुस्से का इजहार जनप्रतिनिधि के द्वारा किया गया। एएमए हरिओम नारायन चन्द ने समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक का पर्यवेक्षण सीआरओ देवेंद्र सिंह ने किया। बैठक में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक लंभुआ सीताराम वर्मा, ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह, सीडीओ अंकुर कौशिक के अलावा सदस्यगण और कई ब्लॉकों के प्रमुखगण भी मौजूद रहे।

राजस्व परिषद अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

सोनभद्र। अध्यक्ष राजस्व परिषद हेमन्त राव ने सर्व प्रथम कलेक्ट्रेट परिसर में गॉड आफ आनर की सलामी ली इसके पश्चत मा0 अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में गॉन्धी जी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्ध सुमन अर्पित किये, इस दौरान अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित गॉन्धी पार्क में गॉन्धी जी के प्रतिमा के उपर छतरी का लोकापर्ण किये इसके पश्चात अध्यक्ष व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्टेऊट परिसर में वृक्षा रोपण भी किये इसके पश्चात मा0 अध्यक्ष राजस्व परिषद हेमन्त राव ने कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न अनुभागों का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने विभिन्न अनुभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जो भी पत्रावलिया प्राप्त होती है उसका निस्तारण ससमय किया जाये जिससे कि जनमानस को समय से न्याय मिल सकें, निरीक्षण के दौरान उन्होने न्याय सहायक अनुभाग, राजस्व सहायक अनुभाग कक्ष, ई0आर0के0/आंग्ल अनुभाग कक्ष, स्थानीय निकाय अनुभाग कक्ष, रेकार्ड रूम अनुभाग, मुख्य राजस्व अनुभाग कक्ष का निरीक्षण करते हुए पत्रावलियों का बेहतर तरीके के रख-रखाव, कार्मिकों का जी0पी0एफ0 पासबुक व सेवा पुस्तिका आदि के कार्यो का जायजा भी लिये,इसके पश्चात अध्यक्ष राजस्व परिषद ने कलेक्ट्रट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान मा0 अध्यक्ष महोदय ने राजस्व से सम्बन्धित मुकदमों के निस्तारण के प्रगति की तहसीलवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदारगण, नायब तहसीदार को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप राजस्व के मामलों से सम्बन्धित मुकदमों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तपूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये जिससे की आम जनमानस को समय से न्याय मिल सकें। उन्होनें कहा कि मुकदमों के निस्तारण होने के पश्चात आदेश की कॉपी पोर्टल अनिवार्य रूप से तिथि सहित अकिंत की जाये जिससे की मुकदमों के निस्तारण के सम्बन्ध में आम जनमानस को जानकारी उपलब्ध हो सकें इसमें लापरवाही कदापी न बरती जाये ।

दो दिवसीय सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

इटावा। 2 दिवसीय सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई। ÷अंग्रेजी भाषा और साहित्य (पीआरपी)÷ की तीसरी बार मेजबानी करना गर्व का क्षण था।इसमें इटावा और डीएवी पब्लिक स्कूल, दिबियापुर, औरैया के 15 विभिन्न स्कूलों के 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।शिक्षकों को अंग्रेजी विषय और उसमें सीबीएसई द्वारा किए गए नवीनतम संशोधनों के बारे में पूरी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यशाला के संचालन हेतु वक्ता सुश्री हेमा कालाकोटी लखनऊ से एवं सुश्री पूजा सहगल कानपुर के सहयोग से सभी शिक्षकों ने खुद को कई मायनों में उन्नत किया और 21वीं सदी की आवश्यकता को समझने में सक्षम हुए।इससे शिक्षकों को संवाद करने और अपने शिक्षण कौशल को बढ़ाने में मदद भी मिली। मेजबान पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य जिला प्रशिक्षण समन्वयक (डीटीसी) डॉ.कैलाश चंद्र यादव अपने उप प्रधानाचार्य अमित चौधरी और पूरी टीम के साथ इटावा जिले के शिक्षा के स्तर को आकार देने के साथ-साथ शिक्षकों के कौशल और ज्ञान के उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विपक्षी दलों के 200 लोग भाजपा में शामिल

जौनपुर । लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा जिले में अपना किला और मजबूत करने के दृष्टिगत बुधवार को विधानसभा मल्हनी में सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित हुआ जिसमें विपक्षी दलों के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की संस्तुति के बाद जिला भाजपा कार्यालय पर सपा बसपा और कांग्रेस के लगभग 200 लोग भाजपा में शामिल हुये। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बताया कि सदस्ता ग्रहण करने वालों मे जिला पंचायत सदस्य, पूर्व नगर पंचायत सदस्य, प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीएस सदस्य शामिल हुये। सुधाकर उपाध्याय संतोष सिंह जिला मंत्री प्रमोद यादव राजू दादा विधानसभा संयोजक प्रबुद्ध दुबे विस्तारक कृष्णा माधव् मंडल अध्यक्ष गण नरेंद्र विश्वकर्मा शैलेश सिंह भूपेश सिंह अजय मिश्रा दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा बर्दाशत जितिन प्रसाद

सुल्तानपुर। पीडब्लूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में 91 प्रॉजेक्ट का बुधवार को उदघाटन किया है।क्षेत्र में कुल 167.84 किमी सड़कें 15,114.65 लाख कीमत से बनाई जाएगी। मंत्री विजेथुआ धाम में माथा टेका। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम मौजूद थे।जानकारी के मंत्री जितिन प्रसाद ने 80 सड़कों का शिलान्यास और 11 सड़कों का लोकार्पण किया है। ये सड़कें लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम से बनाई जाएगी। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं और सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम करती है। गुणवत्ता से कोई भी समझौता बर्दाशत नहीं किया जाएगा। समय सीमा पर सभी परियोजनाएं पूरी की जाएगी। यहां बड़ी सड़कों के चौड़ीकरण के लिए शिलान्यास हुआ। बड़े सेतु का भी काम करा रहे हैं। साथ ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें जो बरसात से खराब हुई हैं उनकी मरम्मत के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। यहां डीएम कृतिका ज्योत्सना व एसपी सोमेन बर्मा ने मंत्री का बुके देकर स्वागत किया। मंत्री ने 400 पार सीटें जीतने का दावा किया है। यहां विधायक राजेश गौतम के अलावा सांसद प्रतिनिधि रणजीत सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, चेयरमैन कादीपुर आनंद जायसवाल, करौंदीकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

बेमौसम के बरसात से किसान परेशान

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र में सुबह से हो रही रुक रुक कर हो रही बारिश ने किसानों की एक बार फिर से चिंता बढ़ा दिया है। किसानों की तैयार सरसों की फसलों के लिए बेमौसम बारिश मुसीबत बनकर आई हैं हालांकि बारिश गेहूं की फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है तो अन्य फसलों के लिए नुकसान देह सावित हो रही है किसानों कि तैयार सरसों की फसल खलिहान में बेमौसम बारिश से भीगकर नष्ट हो रही है गेहूं की फसलें भी बेमौसम बारिश ओलावृष्टि व आंधी से खेतों में गिरकर खराब हो रही है। किसानों का कहना है कि जब खरीफ की फसलों के लिए पानी की आवश्यकता थी तो बारिश नहीं हुई जिससे पानी के अभाव में धान की फसले सुखकर नष्ट हो गई जबकि रवी की फसलों पर पानी के कहर बरापा रही है। ऐसे में समितियों एवं बैंकों से ऋण लेकर डीजल खाद बीज खरीद कर किये गये खेती अगर बर्बाद हो गई तो किसानों के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जायेगा। हालांकि की मौसम विभाग ने 13 फरवरी से 15 फरवरी तक बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी दी है जिससे किसानों के माथों पर चिंता साफ झलकर रही है। असिंचित क्षेत्रों में किसानों ने सरसों की फसलों की खेती किया था जो पककर तैयार हो गई है और किसानों ने सरसों कि फसलों को काटकर खलिहानों में रख दिया है लेकिन बेमौसम बारिश होने से फसलें भीगकर नष्ट हो रही है।

आंधी और बारिश से गेहूं की फसल को मिली संजीवनी सरसों की फसल को नुकसान

राजगढ़ (मिर्जापुर)। राजगढ़ क्षेत्र मे सुबह करीब 5 बजे के आसपास तेज आंधी ओलावृष्टि और पानी की बरसात होने से जहां सरसों, जौ, तीसी, तिल्ली की फसल को नुकसान हुआ। किसान परेशान हो रहे हैं किसान जगदीश सिंह पप्पू सिंह संजय सिंह ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी बेमौसम बारिश होने से गेहूं की फसल को लाभ मिला है। लेकिन अन्य फसल जैसे सरसों और तीसी तिल्ली को नुकसान हुआ है। सरसों की फसल पककर तैयार थी किसान कार्ड भी रहे थे लेकिन बरसात होने से किसानों के मंसूबे पर पानी फिर गया है। आज सुबह करीब 5 बजे के आसपास ओला वृष्टि भी हुई है। तेज हवा चलने के कारण गेहूं की फसल और जौ की फसल को नुकसान हुआ फसले जमीन में गिर गई। किसानों को आर्थिक और मानसिक क्षति उठानी पड़ रही है अभी फरवरी का महीना चल रहा है ।अभी आगे कितनी और छटी उठानी पड़ेगी। हर साल फरवरी और मार्च के महीने में बे मौसम बरसात होने से किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है जिस फैसले खराब हो जाती है और लागत भी चली जाती है 2 दिन तक होने वाली बारिश से किसान चिंतित है और गेहूं की फसल के लिए ये पानी वरदान साबित होगी। गेहूं की फसल को फायदा हो रहा है और ज्यादा बारिश होने से गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचेगा जिस तरह से चना मटर मसूर टीसी तिल्ली सरसों की फसल को काफी ज्यादा नुकसान हुआ है ।

बसंत पंचमी के साथ मातृ पितृ दिवस का आयोजन धूमधाम से हुआ

इटावा।ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा इटावा में 14 फरवरी दिन बुधवार को बसंत पंचमी महोत्सव के बीच मातृ पितृ दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने आध्यात्मिक कार्य में अपनी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।बसंत पंचमी के आयोजन का शुभारंभ परंपरा अनुसार ज्ञानस्थली ग्रुप के अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया साथ ही सभी बच्चों व विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती की वंदना की।ज्ञानस्थली ग्रुप के अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने बसंत पंचमी के विषय में बताया कि मां सरस्वती ज्ञान वृद्धि का भंडार है इसलिए हम सभी को मां सरस्वती की वंदना अधिक से अधिक अध्ययन करके करनी चाहिए।विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ.मुकुल कुमार ने मां सरस्वती की वंदना में श्लोक का उच्चारण किया और आए हुए बच्चों के माता-पिता का उन्हीं के बच्चों के द्वारा गुलदस्ता व माला पहनाकर सम्मानित करवाया।नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य व मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।विद्यालय में सभी बच्चों शिक्षक शिक्षिकाओं व आमंत्रित अभिभावकगण ने इनका भरपूर आनंद लिया।बाल कलाकारों ने ललित परिधानों में नए-नए रूप प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मुकुल कुमार सिन्हा व सभी शिक्षकगण ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा की शिक्षा को सर्वाग्रही बनाने के लिए व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता है।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंगल सर अंशुल सर मयंक सर आकांक्षा मैडम लकी मैडम किरण मैडम आरती वर्मा पटेल ममता मैम जयमाला मैम ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय के मीडिया प्रभारी वासिफ खान सहयोग रहा।

हमारे जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है बसंत पंचमी का त्योहार :कुलपति

इटावा।उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई के मेडिकल कॉलेज में छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज परिसर में बुधवार को बसंत पंचमी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.प्रभात कुमार ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर विधिवत मां सरस्वती का पूजन व अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कुलपति प्रो.प्रभात कुमार ने उपस्थित सभी डॉक्टर्स ,छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम बसंत उत्सव की बधाई दी और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत उत्सव हमारे जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है जो कहीं ना कहीं हमें रचनात्मक, सृजनात्मक, सकारात्मक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरणा भी देता है। इसीलिए हम सभी निष्ठा पूर्वक कार्य करें और इस बसंत उत्सव पर संकल्प लें हम सभी नई शक्ति और ऊर्जा के संचार के साथ सकारात्मक कार्यों को कर अपने-अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सहयोग प्रदान करेंगे।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाई और पीले वस्त्र पहनकर हवन पूजन कर बसंत उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया ।इस अवसर पर प्रति कुलपति डॉ रमाकांत, कुल सचिव चंद्रवीर सिंह, मेडिकल सुपरीटेंडेंट प्रो.एसपी सिंह, संकाय अध्यक्ष प्रो. आदेश कुमार, कार्यक्रम संयोजक डॉ राजेश यादव, डॉ सोमेंद्र पाल, डॉ विनय गुप्ता, डॉ सोनिया डॉ निशा यादव डॉ ममता रानी डॉ राजमंगल डॉ अजय व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बसंत पंचमी पर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित किए

इटावा।समारंभा फाउंडेशन की ओर से बसंत पंचमी के मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों को पेन पेंसिल के साथ मिष्ठान वितरित कर उन्हें बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी गई। संस्था के पदाधिकारियों ने चौगुर्जी में श्यामला पांडेय के आवास पर बच्चों को पठन सामग्री देते हुए उन्हें बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान ने पीली मिठाई भी वितरित की गई।कार्यक्रम में प्रियवदा तिवारी,पूनम पांडेय,सुमन दुबे,साधना द्विवेदी,नेहा, राधा तिवारी,सोनम सिंह,प्रतिभा रंजन मिश्रा,प्रीति शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

बसंत पंचमी पर श्री राधाबल्लभ लाल का हुआ बसंती श्रृंगार

संक्षिप्त समाचार

डीएम ने जनसुनवाई में दिव्यांगों को इलेक्ट्रानिक ब्लाइन्ड छड़ी दी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में 04 दिव्यांगों क्रमशः ननकुल्ले निवासी मडौली कुण्डा, रीता सरोज निवासी बैरागीपुर तहसील कुण्डा, रवी सरोज निवासी भीठलपुर रानीगंज एवं अर्जुन निवासी लीलापुर लालगंज को इलेक्ट्रानिक ब्लाइन्ड छड़ी का वितरण किया एवं 04 दिव्यांगों को जलपान की व्यवस्था भी करायी गयी। इलेक्ट्रानिक ब्लाइन्ड छड़ी प्राप्त कर सभी लाभार्थियों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के वरिष्ठ सहायक अकबर अली व कलेक्ट्रेट के कर्मचारी उपस्थित रहे।

देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध को दबोचते हुए उसके पास से पांच देशी बम बरामद करने में सफलता ली है। थाने के दरोगा सचिन कुमार मंगलवार की रात फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे । इस बीच अठेहा तिराहे पर पुलिस को मुखबिरी सूचना हुई कि कटरिया नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। आननफानन में मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे दबोचा तो पकडे गये आरोपी सांगीपुर थाना के देउम पश्चिम निवासी साहब लाल का पुत्र विकास रजक देशी बम के साथ धराया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसके विरूद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज किया। आरोपी को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया।

किशोर के अपहरण पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किशोर के अपहरण का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के डांड़ी पूरे नगरहन निवासी संजय शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि उसका भतीजा श्रेयांश उर्फ आशीष बारह फरवरी की रात घर से शौच के लिए निकला। इसके बाद श्रेयांश घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो उठे। परिजनों ने अनहोनी की आशंका में पुलिस को श्रेयांश के अपहरण की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने किशोर के अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। एसओ नीरज यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है। इधर श्रेयांश भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष संजयमणि के भतीजे होने के कारण उसके गायब होने को लेकर क्षेत्र के लोगों में भी चिन्ता का माहौल देखा जा रहा है।

बसन्त पंचमी पर पूजीं गई विद्या की देवी मां सरस्वती

लालगंज, प्रतापगढ़। बसन्त पंचमी के पर्व पर बुधवार को विद्यालयों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना हुई। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ भइया बहनों ने मां की आराधना का भी मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया। विद्यालय के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र ने कहा कि विद्या ही जीवन की सफलता का मूलमंत्र है। वहीं चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल में भी प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र के संयोजन में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का विधिविधान से पूजन हुआ। सरोजनी कान्वेंट स्कूल में भी प्रबन्धक अजय श्रीवास्तव के संयोजन में छात्र छात्राओं ने विद्या की ईष्ट देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

मुसाफिरखाना, अमेठी। बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव में निर्माणधीन छत पर जाल बांध रहा मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में मजदूर की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्रवाई शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के पूरे उपाध्याय मजरे पूरब कस्थुनी निवासी अरुण कुमार उपाध्याय (45) पुत्र स्वर्गीय राम अक्षयवर उपाध्याय बुधवार को मवई गांव में निर्माणाधीन छत के लिंटल का जाल बांधने गया था। वहीं कार्य के दौरान स्टील सरिया के पास से गुजर रही हाइटेंशन लाइन मे छू जाने से वह करंट की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की सहायता से अरुण को सीएचसी मुसाफिरखाना लाये। जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने अरुण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

तराई विकास संस्थान ने की ट्रेनों के समय परिवर्तन की मांग

तिकुनियां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। तराई विकास संस्थान ने रेल विभाग को पत्र लिखकर नानपारा मैलानी रेल प्रखंड पर ट्रेनों के संचालन में समय परिवर्तन की मांग की है। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ को भेजे गए पत्र में संस्थान ने कहा है कि नानपारा से ट्रेन संख्या 05361 प्रातः6ः45 बजे मैलानी के लिए चलती है इस ट्रेन को 5 बजे से संचालित किया जाए और मैलानी से नानपारा के लिए ट्रेन संख्या 05362 जो कि 8ः50 बजे चलती है इसे दोपहर 12 से 1 बजे के बीच संचालित किया जाए। इस संशोधन से जहाँ व्यापारियों और यात्रियों को लाभ होगा तो वही विभाग का राजस्व भी बढ़ेगा। ज्ञात हो कि बहराइच से नानपारा होते हुए रूपहडीहा तक आमान परिवर्तन के कार्य के चलते मैलानी से चलने वाली ट्रेनों का संचालन नानपारा तक ही किया जा रहा है। वर्तमान में इस रेल प्रखंड पर दो अप व दो डाउन ट्रेने संचालित है।

अवैध तमंचा-कारतूस समेत एक दबोचा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने सुनील कुमार निषाद पुत्र भाईलाल निवासी बराछी को एक देशी तमंचा 315 बोर व दो कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ मऊ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम व सिपाही राहुल पाण्डेय शामिल रहे।

महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर देने का कार्य कर रही सरकार : सासंद

❍युग कृष्णा इंडियन सर्विस बढ़नी के भरौली में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। युग कृष्णा इंडियन सर्विस बढ़नी के भरौली में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल तथा विशिष्ठ अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा रहे। कार्यक्रम में लगभग 280 महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर चूल्हा तथा रेगुलेटर सांसद जगदंबिका पाल तथा शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के द्वारा बाटा गया तथा क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि आज जहां सरकार महिलाओं का सम्मान करते हुए मुफ्त गैस सिलेंडर देने का कार्य कर रही है वही महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है इसी क्रम में शोहरतगढ़ क्षेत्र का विकास भी कर रही है चाहे 50 बेड का नया अस्पताल हो या 1500मीटर नेपाल बॉर्डर पर बन रही सड़क हो नरेंद्र मोदी का जो विकसित भारत का सपना है वो पूरा हो रहा है प्रधानमंत्री का सपना है कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक हर घर में एक सिलेंडर गैस चूल्हा जरूर हो ताकि महिलाओं को धुएं में भोजन न बनाना पड़े अगर पूरी दुनिया में यह योजना कहीं है तो वह भारत में है जो महिलाओं को मुक्त सिलेंडर देने का कार्य हमारी सरकार कर रही हैं शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि मैं और सांसद हमेशा क्षेत्र में लगे रहते हैं तथा जो भी विकास की योजनाएं हैं हम लोग निरंतर गांव में जा रहे हैं लोगों से मिल रहे हैं और जन-जन तक सारी योजनाएं पहुंचने लगातार कार्य कर रहे हैं इस अवसर पर गैस एजेंसी के संरक्षक प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव तथा प्रो अनुराधा श्रीवास्तव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरि क्षेत्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ प्रदीप कमलापुरी सांसद प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल, हरिराम निषाद,रामदास मौर्य सहित सैकड़ो की संख्या में माताएं बहनें मौजूद रहे।

विवाहिता पर जानलेवा हमला केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने विवाहिता के उत्पीडन तथा जानलेवा हमले को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा दहेज उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे चोप सिंह निवासी शिवकुमार विश्वकर्मा की पुत्री खुशबू विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ससुरालीजनों द्वारा दहेज में चार पहिया की मांग को लेकर उसे लगातार परेशान किया जाता है। पीडिता ने तहरीर में कहा है कि पन्द्रह नवंबर को उसका पति संग्रामगढ़ थाना के भरतगढ़ निवासी सुभाषचंद्र पुत्र मूलचंद्र, ससुर मूलचंद्र, चचिया ससुर रामचंद्र, चचेरे जेठ दीपक, सास फूलकली, चचिया सास मंजू, अजिया सास रानी, ननद प्रीती व पूजा ने दस लाख रूपये की अतिरिक्त मांग भी की। पीडिता ने असमर्थता जतायी तो आरोपियों ने जान से मार देने की नीयत से उसका गला दबा दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात पति सुभाषचंद्र समेत नौ के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर किया गया सम्मानित

❍बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त में टाइम टेबल, एकाग्रता और अनुशासन का बहुत महत्व

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र में न्यू पब्लिक स्कूल महमुदवा ग्रांट अतरी बाजार शोहरतगढ़ में बुधवार को बसंत पंचमी कार्यक्रम के अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल व एक जोड़ी डेस देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने कहा कि बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त में टाइम टेबल, एकाग्रता और अनुशासन का बहुत महत्व है। जो बच्चे इन तीन बातों के साथ अपने बड़ों एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हैं, वे अपने जीवन में कभी असफल नहीं होते। आये हुए मुख्य अतिथि राजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक दिनेश कुमार व द्वारिका प्रसाद ने अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए छात्र छात्रों को बधाई दी। विद्यालय की टापर प्रथम लाली निषाद पुत्री बुद्धनाथ निषाद, द्वितीय अविनाश यादव पुत्र राजेंद्र यादव, तृतीय संतोष कसौधन पुत्र पशुपति कसौधन, कादिर खान, रागिनी मौर्या पुत्री विरेन्द्र मौर्य को न्यू पब्लिक स्कूल महमुदवा ग्रांट अतरी बाजार शोहरतगढ़ में अच्छे अंक प्राप्त करने पर साइकिल व डेस देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र, राजेंद्र यादव, दिनेश कुमार, द्वारिका प्रसाद, राकेश राज,सुग्रीव यादव, हरिओम, बजरंगी लाल,चंद्रभान, अवधेश पाल, गणेश मिश्रा, ओमप्रकाश गुप्ता,रामनरेश मौर्य,व विद्यालय के शिक्षक राधेश्याम यादव, राजकुमार, विश्वनाथ गिरी, शिव बालक यादव ,नंदकिशोर यादव, राम तीरथ, रोहित कुमार, सुनील कुमार,अशोक कुमार, सुशील कुमार, विजयलक्ष्मी मौर्या, सुबिन्द्रा वरुण,झब्बू राम यादव, रेशमा सुभावती,सोना देवी, कान्ती, अकालमती, कृष्ण चंद्र, विरेन्द्र यादव, अनिल, भोला आदि मौजूद रहे।

विद्यालय मे धूमधाम से मनाया गया वसंत पंचमी

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित खुनुवा कस्बा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक में भाग लिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व पूजन कर की गयी। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि सरस्वती पूजा के दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की जा रही है। हर वर्ष माघ शुक्ल पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा करके श्री पंचमी उत्सव मनाया जाता है। बसंत पंचमी चैतकृष्ण प्रतिपदा से 40 दिन पहले माघ शुक्ल पंचमी को मनायी जाती है, जो वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। इसी समय से वसंतराग गाया जाने लगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वुद्धिसागर पाठक, प्रमिला मिश्रा, जिलाध्यक्ष हरी राम निषाद, रामदास मोर्या,विष्णु सिंह के साथ विद्यालय की छात्र-छात्रा मौजूद रही।

नहर पुलिया जर्जर होने से ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

लालगंज, प्रतापगढ़। नहर पर जर्जर पुलिया के दुर्घटना की भयावह तस्वीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अफसरों से फरियाद की किन्तु अफसरों के कान में जूं नही रेंग रहा है। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के सगरा सुंदरपुर के समीप गोविंदापुर में नहर पर सिंचाई विभाग ने पुलिया का निर्माण कर रखा है। यह पुलिया वर्षो से जर्जर हो उठी है। दुर्घटना में कई लोग चुटहिल भी हुए हैं। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल के साथ अफसरों से समाधान की मांग उठायी है। करीब दस माह पूर्व एसडीओ सिंचाई ने निरीक्षण किया था। ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल ने भी विभागीय अफसरों को पुलिया के पुर्ननिर्माण को लेकर पत्र लिखा है। ग्रामीणों का कहना है कि अफसर समस्या से अनभिज्ञ बनें हुए हैं। ग्रामीणों ने डीएम से पुलिया की मरम्मत कराये जाने की भी गुहार की है।

देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर छात्र-छात्रों ने सबका मन मोहा

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। न्यू पब्लिक स्कूल महमुदवा ग्रांट अतरी बाजार बुधवार को बसंत पंचमी कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चना के साथ किया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारी राधेश्याम यादव,सुबिन्द्रा वरुण, विजय लक्ष्मी मौर्या के निर्देशन में छात्र छात्रों ने सरस्वती वंदना आरती, नेहा, वन्दना,सुमन, देश भक्ति गीत तन मन भक्ति ज्योति मोनू, आरती, ज्योति, मनीष,सुमन, तेरे भवन राम आयेंगे,शिव तांडव मोनू, मनीष, आदित्य,नितेश, राजेश,प्रिंस आदि छात्र छात्रों ने गीत व नाटक के माध्यम से लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने कहा कि ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम होने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्रों में छुपीं प्रतिभाएं उभर कर सामने आती हैं। ऐसे कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होना चाहिए। इस दौरान राजेंद्र यादव, प्रधानाध्यापक हरिश्चंद्र, राधेश्याम यादव, राजकुमार, राकेश राज, द्वारिका प्रसाद, दिनेश कुमार, दयादित्य, राघवेंद्र प्रताप,बजरंगी लाल मौर्य, सुग्रीव यादव, हरिओम, तरुण, चंद्रभान, गणेश मिश्रा, राम नरेश मौर्य, अवधेश पाल, ओमप्रकाश गुप्ता, शिव बालक यादव, नंदकिशोर यादव ,राम तीरथ, रोहित कुमार, सुनील कुमार ,अशोक कुमार, सुशील कुमार , रेशमा,सुभावती,सोना देवी,अकालमती, कान्तीआदि लोग मौजूद रहें।और प्रधानाचार्य ने स्कूल में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्रों को पुरस्कार में साइकिल देकर सम्मानित किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल
मध्यांचल विद्युत वितरण निगम
लि. सुदामापुरी, सीतापुर

-: ई-निविदा सूचना :-

अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य को कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी निविदाकारों से निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www.etender.up.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण/संशोधित तिथि/निरस्तीकरण केवल ई-टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी। 1. निविदा संख्या 302/विविमंसी/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत सेमी टर्नकी आधार पर सड़क चौड़ीकरण होने के कारण ग्राम गवरी से मियांपुरवा चौरहा तक (07 से 14 कि0मी0) तक विद्युत लाइन एवं पोल शिपिटंग का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 19,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः - 08.03.2024 निविदा खुलने की तिथि - 09.03.2024, 2. निविदा संख्या 303/विविमंसी/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत सेमी टर्नकी आधार पर अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-द्वितीय, जल नगरीय सीतापुर द्वारा नलकूप मोहल्ला सदर को 15 कि0वा0 का संयोजन देने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 07,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः- 08.03.2024 निविदा खुलने की तिथिः - 09.03.2024, 3. निविदा संख्या 304/विविमंसी/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत सेमी टर्नकी आधार पर राजकीय नलकूप संख्या - 352 ग्राम कटिया, 348 ग्राम रामनगर, 349 ग्राम जहांसापुर, 347 ग्राम चन्द्रा के ऊर्जीकरण का कार्य तथा श्री श्रीष कुमार त्रिवेदी, ग्राम नेवदा, पो0- नेरी की लाइन का शिफ्टिंग का कार्य एवं श्री मकन सिंह को 12 कि0वा0 का संयोजन प्रदान करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 03,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः- 08.03.2024 निविदा खुलने की तिथि - 09.03.2024, 4. निविदा संख्या 305/विविमंसी/2023-24 विद्युत परीक्षण खण्ड, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के अन्तर्गत आने वाले विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 33 केवी बी0सी0बी0 के ओवरहालिंग का कार्य यथा आवश्यक सामग्री बदलने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 02,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः- 08.03.2024 निविदा खुलने की तिथि - 09.03.2024, 5. निविदा संख्या 306/विविमंसी/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड-महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यालय हेतु विभागीय आवश्यक अभिलेख व प्रपत्र (रजिस्टर, लॉग शीट, नोटिस, धारा 3 नोटिस, धारा-5 नोटिस, डी0सी0 पैड तथा अन्य अति महत्वपूर्ण सामग्री व स्टेशनरी इत्यादि विभिन्न प्रकार के रजिस्टरों की आपूर्ति का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 02,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि - 08.03.2024 निविदा खुलने की तिथि- 09.03.2024, 6. निविदा संख्या 307/विविमंसी/2023-24 विद्युत परीक्षण खण्ड, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खण्ड- बिसवाँ एवं महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में सिंगल फेज एवं थ्री फेज मीटर के स्थापना/प्रतिस्थापन के रिकार्ड हेतु नयी सिलिंग बुक आपूर्ति का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 02,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि - 08.03.2024 निविदा खुलने की तिथि - 09.03.2024

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 सीतापुर
पत्रांकः 369/वि.वि.म.सी./निविदा प्रकाशन
दिनांक : 13.02.2024
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें एवं एल.ई.डी. लगायें"

बच्चों के चतुर्दिक विकास में माताओं की होती है अहम भूमिका: सुनील अग्रहरि



बढ़नी, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। बच्चों के चतुर्दिक विकास के लिए तथा उन्हें नियमित करने के लिए समय की प्रतिबद्धता होनी चाहिए , बच्चे की अच्छी जानकारी , अच्छा संस्कार होने की अपेक्षा हम सभी रखते है। इस आधुनिकता के दौर में घर पर तथा बाहर बच्चे के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है तथा बच्चों के चतुर्दिक विकास में माताओं की भूमिका अहम मानी जाती है। उक्त बातें दयानन्द एवम आर्यकन्या विद्यालय के प्रांगण में आयोजित मातृ सम्मेलन कार्यक्रम को बतौर अतिथि चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कही। उन्होने कहा कि किसी दूसरे को नसीहत देने से पहले स्वयं मे सुधार की आवश्यकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी बीपी त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि किशोरावस्था में बच्चे अपरिपक्व होते है इसी समय बच्चो को विशेष देखरेख करने की आवश्यकता है। हमें बच्चों को मानसिक रूप से समझाने , प्रेरित करने व बच्चे के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। स्वाध्याय के लिए अभिभावकों को बच्चे के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। बाल्यावस्था से ही बच्चों के हरेक क्रिया कलाप पर बारीक निगाह रखें। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सोशल मीडिया पर कटाक्ष , विद्यालय के छात्रों द्वारा सूर्ययान , चंद्रयान तथा अग्नि मिसाइल के प्रोजेक्ट की प्रस्तुति कौतूहल का विषय बना रहा। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नेपाली गीत ने जबरदस्त वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम को प्रधानाचार्या श्रीमती शीला पाण्डेय , सभासद निजाम अहमद , अरविंद झा आदि ने भी संबोधित करेंगे। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जुग्गीराम राही ने किया । इस दौरान प्रधानाचार्य एसपी निगम , अतुल शुक्ला , मनोज त्रिपाठी , राम बरन यादव , लवहर राम, दीपक अग्रहरि, राजेश कुमार, जनार्दन प्रजापति, जैसराम प्रजापति, राम रूप पाण्डेय , वीरेन्द्र पाण्डेय , प्रभू दयाल , सुधीर पाठक , राजेश त्रिपाठी, रेणुका श्रीवास्तव , रीता शाही , कृष्णा सैनी, वर्षा वर्मा , नीलम गुप्ता , शिवानी मोदनवाल , प्रतिभा पटवा , सोनिया यादव आदि सैकड़ों मातृ शक्तियां मौजूद रहीं।

अलग अलग दुर्घटनाओं में महिला की मौत, दो घायल

निघासन-खीरी। (स्पष्ट आवाज) क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर मौत हो गयी वहीं दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये जिसमें से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम बस्ती पुरवा गांव निवासी कमलेश व मुकेश गांव बल्लीपुर में शादी समारोह से अपने घर वापस आ रहे थे। पलिया रोड पर चूरा टांडा पुलिया के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएसी भर्ती कराया जहां से उन्हें लखीमपुर रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान मुकेश (25) पुत्र बांके की मौत हो गयी वहीं कमलेश की हालत गम्भीर बनी हुई है। दूसरी घटना में सुहागा(48) पत्नी कल्लू निवासी चिड़ीमारन पुरवा एक अन्य महिला माया देवी निवासी रकेहटी के साथ बनबीर पुर शादी समारोह में गयीं थीं।

बीडीओ की अध्यक्षता में हुई बीटीएफ की बैठक

मुसाफिरखाना, अमेठी। नियमित टीकाकरण को सफल बनाने को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में बीटीएफ कई बैठक आयोजित की गई। बीडीओ बृजेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का उद्देश्य नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में आ रही चुनौतियों का समाधान करना तथा शिक्षा विभाग, आईसीडीएस विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग के आपसी समन्वय से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में ब्लॉक की स्थिति में अपेक्षित सुधार लाना रहा। बैठक में मुख्य रूप से टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों , किशोर, किशोरियों को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर सेवाए देने पर चर्चा की गई। जिसमें अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बाल विकास परियोजना अधिकारी से मुख्य सेविका रीता सिंह शिक्षा विभाग से अनुराग पांडे यूनिसेफ के डीएमसी अनुराग श्रीवास्तव, बीएमसी आनंद पांडे तथा डब्लूएचओ के मॉनिटर बृजेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी से

❍बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिये डीएम एवं एसपी की बैठक

प्रतापगढ़। बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु डीएम संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने राजकीय इण्टर कालेज के परिसर में केन्द्र व्यवस्थक, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मस्ट्रिट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागरा द्वारा आयोजित वर्ष 24 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा 22 फरवरी से प्रारम्भ होकर 9 मार्च तक संचालित होगी। हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में पूर्वान्ह 8.30 बजे से पूर्वान्ह 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5.15 तक संचालित होंगी। हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परीक्षा हेतु 199 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमें राजकीय विद्यालय 9, सवित्त विद्यालय 62 एवं वित्तविहीन विद्यालय 128 सम्मिलित है। हाईस्कूल की परीक्षा में 57114, इंटरमीडिएट की परीक्षा में 53775 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होगें। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में कुल 110889 छात्र-छात्रायें शामिल होगें। बोर्ड परीक्षा हेतु 7 संवेदनशील केन्द्र है, केन्द्र व्यवस्थापक 199, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक 199,जोनल मजिस्ट्रेट 5, सेक्टर मजिस्ट्रेट 25 एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट 199 बनाये गये है। डीएम ने निर्देशित किया कि वेबकास्टिंग द्वारा मानीटरिंग किये जाने के उद्देश्य से परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दोनो ओर वाइसरिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा एवं डीवीआर के साथ राऊटर डिवाइस 24 घंटे संचालित होना आवश्यक है। परीक्षा के उपरान्त केन्द्र व्यवस्थापक उत्तर पुस्तिकायें निर्धारित समय 2 घंटे के अन्दर संकलन केन्द्र राजकीय इंटरकालेज में पुलिस अभिरक्षा में जमा कराना सुनिश्चित करें। प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचने के बाद प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी केन्द्र व्यवस्थापकों की होगी। प्रश्नपत्र संबंधित केन्द्र पर नियुक्त केन्द्र व्यवस्थापक वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक,स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त किया जायेगा। प्रश्न पत्र स्ट्रॉग रूम में डबल लॉक युक्त लोहे की आलमारी में सुरक्षित रखा जाये। परीक्षा केन्द्र पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बाउंड्रीवाल, विद्युत कनेक्शन,जनरेटर/इन्वर्टर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाये। अपरिहार्य की सूचना जिलाविद्यालय निरीक्षक के कन्ट्रोल रूम नम्बर 05342-221030,डीएम कैंप कार्यालय 05342-220401 पर सू

वसूली कार्य में नहीं की जायेगी शिथिलता बर्दाश्त : डीएम

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर प्रर्दशित रैकिंग में राजस्व वसूली की प्रगति कम पाए जाने पर आबकारी विभाग को शो काल नोटिस जारी करने तथा बाट माप विभाग की रैकिंग कम प्रदर्शित होने पर विभागीय अधिकारी को सचेत रहने के निर्देश दिये। उन्होंने खनन् विभाग को प्रर्वतन बढाने तथा वाणिज्य कर को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली कार्य की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने क्रमिक एवं मासिक वसूली की समीक्षा करते हुए मंडी समिति को सभी दुकानों का रजिस्ट्रेशन चैक कर पर्वतन कार्य तथा संबंधित राजस्व विभागीय अधिकारी को वसूली के कार्य में मानक के अनुरूप प्रगति लाने के लिए क्रमिक एवं मासिक वसूली में 01 लाख से अधिक बडी आरसी की सूची बनाकर वसूली करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी अग्रवाल आज शाम कलैक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्ति की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एंव लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत् प्रतिशत वसूली करने के लिए कार्य योजना बनाएं और अपने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वसूली कार्य की समीक्षा करें ताकि प्रति माह मासिक एवं वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सम्भव हो सके। उन्होंने कहां कि राजस्व प्राप्ति का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है, इससे प्राप्त होने वाले राजस्व से शासन और प्रशासन की विकास एवं अन्य अहम योजनाओं का संचालन किया जाता है एवं इसी से मुख्यमंत्री डैश बोर्ड के अन्तर्गत जिले की रैकिंग बढाने में मदद मिलती है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागवार आरसी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरसी के प्रकरणों में सख्ती बरतें और संबंधित से शत् प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कर करेत्तर से संबंधित विभागीय लक्ष्य को शत् प्रतिशत पूरा करने के लिए प्रर्वतन कार्य में गतिशीलता लाते हुए प्रभावी कार्य करें, ताकि किसी भी स्तर पर करापवंचन का कार्य किया जाना सम्भव न हो सके। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बड़े बकायादारों की सूची तैयार करें और प्रभावी रूप से राजस्व वसूली की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कर वसूली कार्य की समीक्षा करते हुए पाया कि कुछ विभाग द्वारा विगत वर्ष के सापेक्ष वर्तमान वर्ष में वसूली कार्य में कम प्रगति हुई है, जिसके सापेक्ष उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को वसूली कार्यो की प्रगति बढाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने विभागीय लक्ष्य को शत् प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विद्युत, आबकारी, सिंचाई, बाटमाप, खनिज विभाग, वाणिज्यकर, वाहनकर, स्टांप एवं मंडी शुल्क आदि की गहनता से समीक्षा कर लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली कार्य को बढाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त संबंधित अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

बसन्त पंचमी पर पुलवामा शहीदों की याद में आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। नरेंद्र देव स्पोर्ट्स क्लब फाउंडेशन द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर पुलवामा शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को पुलवामा शहीदों की याद में एवं बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नरेंद्र देव स्पोर्ट्स क्लब फाउंडेशन के द्वारा नगर के एक मैरिज हॉल में महामाया मेडिकल कालेज के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदानियों को महामाया मेडिकल कालेज द्वारा प्रमाण पत्र देकर हौसला बढ़ाया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 22 रक्तवीरों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से स्वस्थ पाए गए 16 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव राजेंद्र गोंड ने बताया कि रक्तदान कराने का उद्देश्य किसी की जिंदगी बचाना है, संस्था के तरफ से जीवन प्रकाश तिवारी, सुलभ वर्मा आदि लोग उपस्थित रहें। रक्तकोष विभाग की तरफ से डॉ सिद्धांत त्रिपाठी, पीआरओ बिंदेश्वरी प्रसाद, काउंसलर दीपक नाग, लैब टेक्नीशियन राजकुमार,सत्यम मिश्रा, रामनिवास, आंचल विश्वकर्मा, आरुषि,अमन शुक्ला, रमेश, शिव बहादुर आदि रहे। उक्त अवसर पर शैलेंद्र वर्मा 26वीं बार, फिरोज अहमद 10वीं बार, ब्रह्मप्रकाश तिवारी 5वीं बार, राजेंद्र प्रसाद गोंड 5वीं बार, पवन कुमार5वीं बार द्वारा रक्तदान किया गया।

स्वर्णकार समाज ने शमशान घाट मार्ग निर्माण को सौपें ज्ञापन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। उ0प्र0 स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष नितिन ओ0पी0 वर्मा के नेतृत्व में स्वर्णकार समाज के लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शेरपुर रोड चुंगी के निकट स्थित शमशान घाट की जर्जर सड़क निर्माण की मांग उठायी गयी।स्वर्णकार समाज द्वारा उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि शेरपुर रोड चुंगी के निकट स्थित शमशान घाट को जाने वाला मार्ग काफी जर्जर अवस्था में है तथा मार्ग पर जल भराव ऊबड़ खाबड़ होने के कारण अर्थियों को ले जाने में कठिनाइयों होती है तथा वर्षात में अत्यधिक जल भराव के चलते परिजनों के सामने समस्या पैदा होती है स्वर्णकार समाज ने कहा कि पूर्व में भी उक्त मार्ग निर्माण को ज्ञापन दिया जा चुका है उक्त मार्ग को जनहित में वरसात से पूर्ण निर्माण होना अति आवश्यक है उपजिलाधिकारी से तत्काल खण्ड विकास अधिकारी से वार्ताकर शीघ्र ही शमशान घाट जाने वाले मार्ग के निर्माण का आश्वासन दिया ज्ञापन देने वालों में नितिन ओ0पी0 वर्मा विशाल वर्मा सोनू सुनील कुमार एड0 अनुज गुपता योगेश वर्मा सहित अन्य स्वर्णकार समाज के लोग थे।

मिल कर्मचारियों को तीन माह का मानेदय न मिलने से काटा हंगामा

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। दि किसान सहकारी चीनी मिल में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन न मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एकत्र हुए कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन कर जमकर हंगामा काटा। इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।पूरनपुर-असम हाईवे पर स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल में बड़ी संख्या में कर्मचारी मजदूरी कर अपना परिवार चला रहे है। चीनी मिल में कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि उनको तीन माह से मानदेय नहीं मिला है। कई बार वेतन के लिए कहा गया। लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी उनका वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते उनको आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। मानदेय न मिलने के चलते परिवार का खर्च,बच्चों की पढ़ाई सहित कई खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। इसको लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में एकत्र हुए चीनी मिल के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर जमकर हंगामा काटा। इसको लेकर चीनी मिल में काफी देर तक हंगामा होता रहा। उन्होंने तीन माह से वेतन न देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वेतन न मिलने से कर्ज लेकर खर्च चलाना पड रहा है।जिससे उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।कई बार शिकायत करने के वावजूद किसी ने समस्याओं का समाधान करने की जरूरत नही समझी। कर्मचारियों का कहना है कि अगर जल्दी उनका वेतन नहीं दिया गया तो वह नौकरी छोड़ देंगे।विरोध प्रदर्शन करने के दौरान संतराम,विजय पाल,अजय कुमार,गंगा चरण,रोहित, गिरधारी लाल,विपिन कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज़

हिस्ट्रीशीटर ने झोपड़ी डालकर ग्रामीणों का बन्द किया रास्ता

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। हिस्ट्रीशीटर ने अपने भाई की मदद से गांव के रास्ते पर कब्जा कर लिया। शिकायत पर तहसीलदार जांच करने पहुंचे थे। इसके बाद आरोपी ने रास्ते पर झोपड़ी डाल दी। विरोध करने पर अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में डीएम से शिकायत की गई है।
नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी कासिम खान एडवोकेट का तहसील क्षेत्र के गांव मुरादपुर में पेतृक मकान है। घर के सामने 16 फीट का रास्ता है। आरोप है कि गांव के एक हिस्ट्रीशीटर ने अपने भाई की मदद से 21 जनवरी को दीवार उठाकर कब्जा करने का प्रयास किया था।विरोध करने पर उनके चाचा से मारपीट की गई थी। बताया जा रहा है कि सेहरामऊ पुलिस ने अवैध निर्माण रुकवा दिया था। दो फरवरी को मामले की शिकायत एसडीएम से की गई। कार्रवाई न होने पर आरोपियों ने पांच फरवरी को रास्ते की जमीन पर झोपड़ी डालकर कब्जा कर लिया। अधिवक्ता के विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत डीएम से की गई। कासिम खान ने परिवार की जान माल का भी खतरा बताया है। आरोप है कि कई बार जिला बदर भी हो चुका है। उन्होंने बताया रास्ते में निर्माण होने से उसको आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नायव तहसीलदार जांच करने पहुंचे थे उसके बाद भी रास्ते में झोपड़ी डाली। जिसके चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई गई है।

सड़क दुर्घटना में मां बेटे की मौत

बेल्थरा रोड ,बलिया । सड़क दुर्घटना में मां बेटे की मौत । बताया जाता है कि बाइक और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार मां बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में उमेश यादव (28) पुत्र रमाशंकर एवं वृंदा देवी(55) पत्नी स्वर्गीय रमाशंकर निवासी ग्राम बहुताचक उपाध्याय की तिरनई खिजीरपुर ग्राम के सामने हुई सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई। घटना लगभग दोपहर बाद 3 बजे हुई।पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

पुलिस ने अज्ञात मिले शव की पहचान कर हत्या में शामिल 03 लोगों को किया गिरफ़्तार

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। टाण्डा नगर क्षेत्र के एकता मैदान में बुधवार की सुबह मिले अज्ञात शव की पुलिस ने मात्र चन्द घंटों में पहचान ही नहीं किया बल्कि हत्या का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी व एडिशनल एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रुट मार्च किया। एसपी डॉ कौस्तुभ ने बताया बीती रात्रि गुफरान नामक लड़के ने टाण्डा कोतवाली पुलिस को सूचना दिया कि उसे सलाहदीन ने चाकू मार कर घायल कर दिया है। पुलिस ने गुफरान को मेडिकल के लिए भेज दिया और सलाहुद्दीन की तलाश में जुट गई लेकिन सुबह 16 वर्षीय सलाहुद्दीन पुत्र खलीलुल्लाह खान निवासी छज्जापुर का शव एकता मैदान नैपुरा सकरावल में बरामद हुआ। पुलिस कप्तान ने बताया कि पूंछतांछ में पता चला कि मृतक व हत्याभियुक्तों के बीच उधारी पैसों को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद गुफरान द्वारा बीती रात्रि पुलिस को भ्रमित सूचना दी गई थी जबकि गुफरान, सादान व गोलू द्वारा मिलकर सलाहुद्दीन की हत्या की गई है। पुलिस ने दावा किया कि तीनों अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया गया है। नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, टाण्डा पुलिस उपाधीक्षक, टाण्डा कोतवाली निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, अलीगंज थानाध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह भारी पुलिस के साथ नगर क्षेत्र का भ्रमण कर आमजनों को पूर्ण सुरक्षा का विश्वास दिलाया।

आज भाकियू की होगी महापंचायत 33वें दिन अनशन जारी

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। किसानों पर रेल विभाग द्वारा दर्ज फर्जी मुकदमें सहित अन्य मांगो को लेकर 13 जनवरी से रेलवे स्टेशन पर किसान यूनियन द्वारा धरना प्रदर्शन 33वें दिन जारी है। उक्त मुकदमों की समाप्ति को लेकर आज किसान यूनियन व किसानों की महापंचायत का आयोजन होगा। उक्त के संबध में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने सभी किसान भाईयों को सूचित किया कि कल दिनांक 15-02-2024 को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की विशाल महापंचायत किसानों की समस्याओं को लेकर रेलवे-स्टेशन पूरनपुर परिसर में आयोजित की जाएगी जैसा कि आप सभी किसान भाईयों को पता ही है कि रेलवे विभाग द्वारा किसानों पर गलत ढंग से फर्जी तरीके से मुकदमे दर्ज किये गये हैं ।

10 परीक्षा केंद्रों पर होगी उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी ने समस्त स्टैटिक मजिस्टेऊट/सेक्टर मजिस्टेऊट व केन्द्र व्यवस्थापकों को दिये सारी व्यवस्थायें दुरूस्त कराये जाने के निर्देश।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल व निर्विघ्न ढ़ंग से सम्पन्न कराने हेतु नामित स्टैटिक मजिस्टेऊट, सेक्टर मजिस्टेऊट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा दिनांक 17 व 18 फरवरी 2024 को आयोजित की जायेगी। उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद में 10 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। जिलाधिकारी ने परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में मोबाइल, घड़ी, ए0टी0एम0कार्ड, किसी भी तरह की डिवाइस (विद्युत उपकरण), इत्यादि उपकरण न लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि समस्त केन्द्र व्यवस्थापक आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुये, बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी परीक्षा परिसर में बिना आईडी कार्ड के प्रवेश न करें और परीक्षा के समय आईडी कार्ड लगाना अनिवार्य रहेगा। पार्किंग की व्यवस्था परीक्षा केन्द्र से अलग स्थान पर चिन्हित किया जाये। ड्यूटी पर लगाये गये सभी अधिकारी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचे। उन्होंने कहा परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण अवश्य कर लें जो भी कमी हो उसे तुरन्त पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा यह बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा है, सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा की सारी तैयारियां गुणवत्तापूर्वक हों, प्रश्न पत्रों की शील्ड पैक परीक्षा कक्ष में ही सी0सी0टी0वी0 की निगरानी में निर्धारित समय पर खुलवाना सुनिश्चित करेंगे व परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त परीक्षा कक्ष में ही शील्ड पैक कराना सुनिश्चित करें। समस्त परीक्षा केंद्र से सम्बन्धित अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कर लें कि समस्त परीक्षा कक्षों पर अपनी नजर रखें, परीक्षा को स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए टीम भावना से सभी लोग कार्य करें। समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में विद्युत व्यवस्था, पानी व्यवस्था सुचारू रूप से रहनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अतुल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, समस्त उप जिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम सहित विद्यालयों को प्रधानाचार्य व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नगर निगम टीम ने अवैध अतिक्रमण को जिगर कॉलोनी में बुलडोजर से किया ध्वस्त

मुरादाबाद। थाना सिविल लाईन स्थित जिगर कॉलोनी में नगर निगम की कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। लोगो द्वारा टीम का जमकर विरोध किया गया मगर टीम ने किसी की एक न सुनी और अतिक्रमण अभियान जारी रखा। बताते चले कि बुद्धवार की सुबह नगर निगम टीम जिगर कालौनी में पहुंची जहां पर नगर निगम के द्वारा बताया गया डॉक्टर खरे के चौराहे से लेकर पुरी कॉलोनी में घर के बाहर और दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया गया और साथ ही सभी को चेतावनी भी दी गई अगर दोबारा दुकानो या फिर घर के बाहर अतिक्रमण दिखाई दिया तो सभी के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

मरम्मत के अभाव में दम तोड़ रही है किछौछा मुख्य मार्ग

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा मुख्य सम्पर्क मार्ग आज भी अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है। सरकार भले ही लाख दावा कर रही है सड़क गड्ढा मुक्त हो गया है लेकिन अगर देखा जाए तो किछौछा में मेन मार्ग अपनी दुर्दशा के आंसू बहा रहा है, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भले ही डिढौरा पीट रहे हैं की अंबेडकर नगर का सड़क गड्ढा मुक्त हो गए हैं, लेकिन यहां देखने को यही मिल रहा है कि सड़क गड्ढा युक्त हो गया कहीं न कहीं देखा जाए तो सरकार की छवि खराब करने में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहें है पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सिर्फ कागजों में सड़क गड्ढा मुक्त बना रहे हैं जमीनी हकीकत पर देखा जा रहा है तो सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है खास बात यह है कि गड्ढों में तब्दील हो चुकी इन सड़कों के निर्माण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते या नहीं गौरतलब है जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारी गाड़ियां भी इन्हीं सड़कों से होकर गुजरती हैं।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'अष्टम दीक्षांत समारोह-2024' का आयोजन

मुरादाबाद। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.), नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ''दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अपनी गौरवशाली परंपरा को सहेजते हुए अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहने का दिन होता है। इस अवसर पर मैं उन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जो अपने अथक परिश्रम, बौद्धिक क्षमताओं एवं व्यावहारिक अनुशासन के द्वारा इस दिन की सार्थकता के साक्षी बने हैं और यह विश्वविद्यालय उन्हें पदक एवं उपाधियों से अलंकृत कर, इस दिन को आप सभी के लिए चिरस्मरणीय बना रहा है। आज का यह दीक्षांत समारोह आप सभी के लिए अनमोल, अतुलनीय और अविस्मरणीय पलों का साक्षी बनकर जीवन पर्यंत आपकी स्मृति में संचित रहे ऐसी मेरी कामना है। मैं ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावकों और शिक्षकों को भी बधाई देता हूँ। विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को अपनी कौशल क्षमता में इस प्रकार वृद्धि करें कि वे नौकरी लेने की बजाय नौकरी देने वाले बनें। प्रो. जोशी ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। जो भी काम आप करें पूरी उत्कृष्टता के साथ करें, यह गुण व्यक्तित्व का विकास करेगा तथा सामूहिक रुप से हमारे राष्ट्र और समाज का आगे ले जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में युवाओं का अहम योगदान होगा। प्रो. जोशी ने कहा कि विद्यार्थिया को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कथन मैं कर सकता हूँ से प्रेरणा लेनी चाहिए। आप कठिन से कठिन कार्य पूरे आत्मविश्वास से करके बड़ी से बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने आईएफटीएम विश्वविद्यालय की निरंतर हो रही प्रगति पर आश्वस्त करते हुए कहा कि यह संस्थान एक दिन विश्व के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में एक होगा। प्रो. जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षक और शोधार्थी शिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वस्तरीय उत्कृष्ट योगदान दें। साथ ही साथ जीवन जीने का कौशल भी सीखें।

सिमरिया में कलश यात्रा, विष्णु महायज्ञ हुआ शुरु

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। सप्त कुंडीय विष्णु महायज्ञ का सात दिवसीय कार्यक्रम विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए कलश यात्रा में शामिल होकर गोमती की पवित्र नदी से जल लाकर गांव के देव स्थानों पर चढ़ाया।घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा में स्थित धार्मिक स्थल पर हर साल की तरह इस बार भी सप्त कुंडीय विष्णु महायज्ञ का कार्यक्रम ग्रामीणों के सार्वजनिक सहयोग से प्रारंभ हुआ। बुधवार को पहले दिन आए यज्ञ आचार्य पंडित विपिन शास्त्री ने वैदिक विधि विधान से कलश का पूजन कराया।उसके बाद सभी लोग गाजे-बाजे के साथ धार्मिक उद्घोष करते हुए कलश यात्रा लेकर निकल पड़े। कलश यात्रा क्षेत्र के सिमरिया,अजीतपुर बिल्हा,गरीवपुर होते हुए गोमती के सिरसा घाट तक लाई गई। जंहा हवन पूजन करने के बाद नदी से जल लेकर वापस गांव आए। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने धार्मिक उद्घोष लगाकर वातावरण को भक्ति में कर दिया। पवित्र जल प्रमुख देवी स्थानों पर चढ़ाया गया। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम सात दिनों तक चलेगा।जिसमें निरंतर भागवत कथा के अलावा रासलीला का भी आयोजन रात्रि में होगा।यहां पर प्रमुख रूप से बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

भाजपा के 10 साल देश के लिए अन्याय काल: कैलाश चौहान

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। भाजपा और मोदी सरकार के दस साल देश के युवाओं, किसानों, बेरोजगारों बहन-बेटियों के लिए अन्याय काल साबित हुआ, उप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव और जनपद प्रभारी कैलाश चौहान जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहाकि भाजपा और मोदी सरकार ने पूंजीपतियों के लिये काम किया भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल कर संरक्षण दिया। जनपद प्रभारी कैलाश चौहान ने पुलवामा कांड की वर्षी पर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने सेना को अग्निपथ योजना लाकर कमजोर किया देश की रक्षा करनेवालों से शहीद का दर्जा छीनने की साजिश की।उन्होंने भाजपा पर देश को 10 साल अन्याय काल का गुनाहगार बताते हुए कहा कि किसानों को दूनी आय के नाम पर 16 रूपये दिहाड़ी का झुनझुना दिया, एमएसपी की मांग कर रहे किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और कील कांटे की बैरीकेड लगाये कांग्रेस इसकी घोर निंदा करती है और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अगुवाई कर रहे राहुल गांधी ने कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों के लिए न्याय और एमएसपी देने की घोषणा की है उन्होंने कहाकि राहुल गाँधी ने किसान न्याय, जवान न्याय सामाजिक न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय, भागीदारी न्याय, जवान न्याय की घोषणा की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने कहाकि भारत जोड़ो न्याय यात्रा उप्र में सैय्यद राजा चंदौली पहुंच रही है, अम्बेडकर नगर के कांग्रेसजन चंदौली में स्वागत करेंगे और 19 फरवरी 2024 को सायंकाल अमेठी पहुंचकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे और 19 फरवरी को दोपहर में जिला कांग्रेस कार्यालय पर समस्त कांग्रेसजन एकत्र हो 12 बजे अमेठी प्रस्थान करेंगे। प्रेसवार्ता के उपरांत समस्त कांग्रेसजनों की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी बैठक में मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी कैलाश चौहान, जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा, उप्र कांग्रेस सचिव जनपद आजमगढ़ प्रभारी मो अनीश खान, मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, रवीश शुक्ला मौजूद रहे।

लोकसभा प्रभारी ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। भाजपा ने लोकसभा की चुनावी मैदान में दुंदुभी बजाते हुए अपने केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय की उद्घाटन समारोह पूर्वक करते हुए चुनावी कार्यालय सबसे पहले खोलने में बाजी मार लिया है। बुधवार को जिला मुख्यालय के टांडा रोड स्थित भाजपा के लोकसभा चुनाव की केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी ने श्री लक्ष्मी गणेश जी की विधि विधान से पूजन अर्चन कर विधान परिषद सदस्य डॉ हरि ओम पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा सहित सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ किया। मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करते हुए कहाकि बिना प्रत्याशी की चिंता किए भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के चुनाव चिन्ह को भारी जीत दिलाने के लिए प्राण प्रण से चुनावी समर में कूद पड़ा है। कहा कि संगठन की अच्छी संरचना और दृढ़ संकल्पित इच्छा शक्ति से कार्यकर्ता इस बार लाखों मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजय श्री दिलायेगा। कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार में अंबेडकर नगर जनपद से भाजपा का जनप्रतिनिधि नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की ऐतिहासिक विकास और जनहित के कार्यों की वजह से तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच संगठन की मजबूत संरचना और कार्यक्रमों से अपने संबोधन का शुरुआत करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकेता यदि एक एक मतों पर अपना ध्यान केंद्रित कर दे तो दुनियां की कोई ताकत नहीं है जो लाखों मतों से भाजपा प्रत्याशी की जीत को रोक सके।उन्होंने पन्ना प्रमुखों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चुनाव में पन्ना प्रमुख ही जीत की महत्वपूर्ण कड़ी होता है। बैठक का संचालन लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी ने किया। केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय की उद्घाटन समारोह में जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी, पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, चेयरमैन ओमकार गुप्ता, चेयरमैन गोसाईगंज विजय लक्ष्मी जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, अनिल वर्मा मौसम, प्रतिनिधि डॉ राना वीर सिंह, विधानसभा प्रभारी मनोज मिश्र, राजेश सिंह बबलू, घिसियावन मौर्य, संजय सिंह, आदर्श चौधरी, रमेश चंद्र गुप्ता, राजेश पांडेय, अनंत राम मिश्र, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह रघुवंशी, डॉ रजनीश सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, सुरेश कन्नौजिया, दिलीप पटेल देव, लोकसभा विस्तारक राकेश गुप्ता,अमित सिंह, शैलेंद्र शर्मा भानू आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

आदी शक्ति पीठ विदुरकुटी पर हुआ काव्य संध्या का आयोजन

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) बसंतप

बुन्देलखंड गौरव महोत्सव: बिना अनुमति हो रहा था कार्यक्रम

❍आतिशबाजी सामग्री में अचानक विस्फोट होने से हुआ हादसा

चित्रकूट। चित्रकूट इंटर कॉलेज में चल रहे बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव में रखी आतिशबाजी सामग्री में अचानक विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं दो लोग जिंदगी-मौत के बीच झूल रहे हैं। चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान व कॉलेज के अध्यक्ष पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने आरोप लगाया कि पर्यटन विभाग बिना अनुमति के कार्यक्रम करा रहा था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी फुहडता थी। उन्होंने घटना को पर्यटन विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि घटना स्थल पर कई थानों की पुलिस लगाई है। अस्पताल में भी पुलिस तैनात है। घायलों को पुलिस स्क्वायड के साथ प्रयागराज रवाना किया है। प्रयागराज के मेडिकल कॉलेज से सम्पर्क कर घायलों को बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने को कहा है। कार्यक्रम का आयोजन उप्र शासन के निर्देश पर सभी जिलों में पर्यटन विभाग करा रहा था। इसी क्रम में पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के आगामी कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं।

दो मंजिला बिल्डिंग की छत पर जा गिरा युवक

चित्रकूट। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं वहां पर काम कर रहा था। तभी बहुत तेज आवाज के साथ धमाका हुआ। मंच के पीछे आतिशबाजी के लिए बम रखे थे। उसी से विस्फोट हुआ है। विस्फोट इतना तेज था कि थोड़ी देर के लिए वहां पर हमको कुछ दिखाई नहीं दिया। मंच के आस-पास मौजूद लोग 15-20 फीट उछल कर दूर गिरे। विस्फोट से मरे लोगों के चीथड़े उड़ गए। एक युवक तो दो मंजिला भवन के छत पर जा गिरा।

आतिशबाजी की क्या जरूरत थी: पूर्व सांसद

चित्रकूट। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम में हुए बड़े हादसे को लेकर पूर्व भाजपा सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने कहा कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम में आतिशबाजी की क्या जरूरत थी। कार्यक्रम में बुंदेलखंड की संस्कृति दिखाई जानी थी, लेकिन पर्यटन विभाग ने यहां बड़े-बड़े पटाखे को लगाकर गलत किया। साथ ही अग्निशमन व कोई सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए। पूरे मामले में पर्यटन अधिकारी व संबंधित अधिकारी दोषी हैं। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। पूर्व भाजपा सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा घटना को लेकर मीडिया के सामने बेहद चिंतित व आक्रोशित नजर आये।

अतिवृष्टि से हुई क्षति का सरकार से मुआवजा: सदर विधायक

चित्रकूट। सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले में अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से हुई क्षति का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने बाबत जिलाधिकारी व मुख्य सचिव उप्र शासन को लिखे पत्र बताया कि 12 फरवरी की रात 12 बजे अचानक तेज बारिश से ओलावृष्टि के चलते किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गयी है। ओलावृष्टि से सबसे ज्यादा गेहूं, सरसों, चना, मसूर, अलसी एवं अरहर को क्षति हुई है। किसान कर्ज लेकर अच्छे किस्म के बीज बोये थे। किसानों की फसल पूरी तरह से चौपट हो गयी है। लगभग 100 से 200 ग्राम तक के भारी भरकम ओले पड़े हैं। इससे फसल के साथ-साथ लोगों के खपरैल घर व बाहर रखी गृहस्थी की सामग्री क्षतिग्रस्त हुई है।

संक्षिप्त आवाज

हत्यारोपी को 25 हजार अर्थदंड के साथ आजीवन कारावास

महोबा (स्पष्ट आवाज)। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत , पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप बुधवार के दिन माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, महोबा द्वारा हत्यारोपी अभियुक्त साकेत साहू पुत्र सिद्ध गोपाल साहू निवासी विवेक नगर कबरई महोबा को शहर कोतवाली महोबा में पंजीकृत अभियोग की धारा 147/148/149/307/302 भादवि में दोषसिद्ध घोषित करते हुए आजीवन कारावास व 25 हजार/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 01 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पडेगा।

लोकतंत्र के लिए जरूरी है मतदान

कौशाम्बी। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नेवादा ब्लॉक के अमिरसा गांव स्थित पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में विभिन्न कार्यक्रम हुए। प्रधानाध्यापक अनुराधा पाण्डेय के नेतृत्व में हुए आयोजन में विद्यार्थियों ने पिरामिड व मानव श्रृंखला के जरिये एकता का संदेश देते हुए मतदान करने को जागरूक किया। ततपश्चात विद्यालय छात्रों ने शिक्षकों के साथ हाँथ में जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर बैंड बाजे के साथ रैली निकालकर घर घर दस्तक दी और मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को जीवत रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है। किसी लालच या नशा आदि के प्रभाव तहत वोट ना डालें बल्कि सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुनें। ताकि हम अपनी पसंद की सरकार बना सकें। अगर हम घर से निकल कर मतदान केंद्र में वोट डालने जाएंगे। तभी हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। इस मौके पर प्रियंका गुप्ता, सत्यनिधि, पुष्पेंद्र सिंह ने कक्षाओं में मतदान से संबधित कई प्रतियोगिताएं कराईं। इसमें बच्चों ने गीत-संगीत के जरिए लोकतंत्र में मतदान का महत्व की जानकारी दी।

मानक के अनुसार होगें विकास कार्य: वीरेन्द्र सरोज

कौशाम्बी। मंझनपुर नगर पालिका अध्यक्ष बीरेंद्र सरोज ने मंगलवार को सदर पटेल नगर, अम्बेडकर सहित कई वार्डो में भ्रमण कर जन संवाद किया। साथ ही वार्डो में चल रहे विकास कार्यो की गुणवत्ता भी परख कर ठेकेदारों को मानक के अनुसार कार्य कराने का निर्देश दिया। सरदार पटेल नगर, अम्बेडकर नगर, भक्त सिंह आजाद नगर सहित कई वार्डो में विकास कार्य चल रहें है। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष बीरेंद्र सरोज ने वार्डो में भ्रमण कर लोगों की समस्या सुनी। साथ ही अफसरों को समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने नगर में चल रहे विकास कार्यो का औचक निरीक्षण भी किया। सरदार पटेल नगर में निर्माण कार्य में गुणवत्ता कुछ कमी दिखी, इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने नाराजगी जताई है। साथ ही ठेकेदारों को मानक के अनुसार कार्य कराने का निर्देश दिया।

कमालपुर विद्युत उपकेंद्र में बंद रही विद्युत सप्लाई

कौशाम्बी। विद्युत उपकेंद्र कमालपुर कौशाम्बी में काफी समय से जर्जर वीसीवी पैनल कार्य होने से क्षेत्र में हमेशा विद्युत आपूर्ति बाधित रहा करती थी। विद्युत उपकेंद्र कमालपुर के अवर अभियंता ने बताया की पावर हाउस में एक वीसीवी पैनल काफी समय से जर्जर हों गया था। जिसके कारण क्षेत्र में सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई नहीं हो पाती थी। बुधवार को पॉवर हाउस में नया पीसीवी पैनल लगना है। जिसके कारण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई सुबह 10 से शाम 6 तक बंद रही।

स्थानांतरण के बाद भी लिपिक नहीं छोड़ रहे ब्लॉक

कौशाम्बी। जिले के ब्लॉक के वरिष्ठ लिपिकों का लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 3 नवम्बर 2023 जिला निर्वाचन अधिकारी ने फेर बदल किया था, लेकिन मलाई वाली कुर्सी पर चिपके बाबू को जिला निर्वाचन अधिकारी का फरमान रास नहीं आया। जिसके चलते 3 माह बीतने के बाद भी ब्लाक के बाबूओं ने अभी तक अपनी कुर्सी नही छोड़ी। मालूम हो कई वर्षो से अपनी अपनी कुर्सी में फेविकोल लगाकर चिपके बाबू भला अपनी सेटिंग गेटिंग के चलते अथाह पैसा कमाकर अपने मनमाफिक अधिकारियों को खुश करके पैसा कमाने वालो को जिला निर्वाचन अधिकारी का आदेश रत्ती भर रास नहीं आया। तभी तो तीन माह बाद भी अपनी कुर्सी से भी नही हटे। सूत्रों की माने तो ब्लाकों में इस समय कई टेंडर प्रकाशन किये जा रहे हैं। उन टेंडरों में इन्हीं बाबूओं द्वारा जमकर धन उगाही किया जाता है। जिसके चलते ईमानदारी का चोला ओढ़कर ईमानदारी का ढिंढोरा पीटते नही थकते हैं। तभी तो जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशों को भी दरकिनार कर अपनी दुकान सजाने में व्यस्त है।

एसपी ने किया दंगा नियंत्रण टीम का निरीक्षण

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में जोनल रिजर्व दंगा नियंत्रण टीम की आकस्मिक रूप से गणना लेते हुए चेकिंग की गई। इस दौरान इनकी तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ब्रीफ किया गया। उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु सर्किल क्षेत्र में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया, तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

कौशाम्बी। सराय अकिल सब्जी मंडी स्थित दुर्गा देवी मंदिर मे बुधवार को आदिशक्ति स्वरूपा जगत जननी मां दुर्गा का 50 व स्थापना दिवस समारोह बसंत पंचमी को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष 14 फरवरी को बसंत पंचमी को मंदिर प्रांगण परिसर मे साफ सफाई किया गया। परिसर को माला फूल व लाईट की झालरो से सजाया गया । मंदिर मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे भक्ति गीतों के माध्यम से कलाकारों ने लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद लोगो को प्रसाद वितरित किया गया ।इस दौरान श्रद्धालुओं के मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

युवाओं को धूम्रपान न करने को किया जायेगा जागरूक: डीएम

❍राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू धूम्रपान मुक्त घोषणा पत्र किया गया वितरित

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित जनपद को तम्बाकू धूम्रपान मुक्त घोषित किये जाने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत जनपद को तम्बाकू धूम्रपान मुक्त घोषणा-पत्र का अनावरण किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संकल्प-÷मैं शपथ लेता हूँ कि जनपद कौशाम्बी को तम्बाकू मुक्त बनाने के महाभियान में सच्चे मन के साथ सक्रिय रूप से भाग लूंगा। व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जन स्वास्थ्य की दृष्टि से मैं स्वयं तम्बाकू का सेवन नहीं करूंगा तथा समाज के सभी लोगों को तम्बाकू न सेवन करने के लिए प्रेरित करूंगा। समयबद्ध कर अपने कार्य स्थल को तम्बाकू मुक्त करने के लिए पूरी तन्मयता के साथ मैं अपना योगदान दूंगा दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि एनजीओ द्वारा किये गये सर्वे में प्रदेश के 9 जनपदों को धूम्रपान/तम्बाकू मुक्त घोषित किये जाने की रिपोर्ट दी गई, जिसमें जनपद कौशाम्बी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पाद, प्रदाय और वितरण व विनियमन) अधिनियम (सीओटीपीए)-2023 की धारा-4, धारा 6अ, 6ब व 7 का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से किया गया, यह एक अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि हम सब का दायित्व और बढ़ जाता है कि इस महाअभियान को और प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करें। सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में धाराओं का अनुपालन शत-प्रतिशत क्रियान्वित रखें तथा इसमें नियमित जॉच भी किया जाय। उउन्होंने कहा कि ऑगनबाड़ी केन्द्रां एवं पंचायत भवनों सहित आदि स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगवाया जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय तथा विभागीय लक्ष्यों में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाय। इस मौके पर डीएम ने सीडीओ, जिला सूचना अधिकारी रवि जायसवाल आदि को प्रमाण पत्र वितरित किया।

जनपद को तम्बाकू मुक्त घोषित करने के निर्देश: मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुपेन्द्र कुमार ने अवगत कराया कि महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ के आदेशानुसार एवं वालण्टरी हेल्थ एसोसिएशन लखनऊ, द यूनियन नई दिल्ली एवं गिरि विकास अध्ययन संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पाद, प्रदाय और वितरण व विनियमन) अधिनियम (कोटपा)-2023 के सर्वे के आधार पर तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद के उपयोग न करने में प्रदेश में जनपद को तम्बाकू मुक्त घोषित करने के निर्देश प्राप्त हुआ था।

मृतकों के परिजनों को पचास लाख मुआवजा दे सरकार: अमित

चित्रकूट। चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम स्थल में हुए बड़े विस्फोट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला सचिव का अमित यादव एड ने विस्फोट से दो लोगो की मौके पर मौत व दो लोगों के घायल होने पर दुःख जताया है। बुधवार को का अमित यादव ने कहा कि जीवन से खिलवाड़ करने वाले इस आतिशी समारोह की अनुमति कैसे जिला प्रशासन व विद्यालय प्रशासन ने दी। इस बड़े हादसे की प्रशासनिक लीपापोती की जा रही है। इस घटना की न्यायिक जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी व विभागीय कार्यवाही कर घटना में मृतकों के परिजनों को सरकार पचास लाख रुपए व घायलों के परिवार को पच्चीस लाख रुपए का मुआवजा दे अन्यथा भाकपा आन्दोलन को बाध्य होगी।

किसकी अनुमति से विस्फोटक पदार्थ गया अन्दर: रुद्र

चित्रकूट। माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्रा ने बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम में हुए विस्फोट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकारी आयोजन है। इसमें सरकार व प्रशासन की घोर लापरवाही है। किसकी अनुमति से विस्फोटक पदार्थ अंदर गया। विस्फोटक पदार्थ रखने का लाइसेंस किसके पास है। आतिशबाजी करने का सरकार या जिला प्रशासन का यदि निर्णय था तो आतिशबाजी को लाये विस्फोटक पदार्थ को चेक किया गया या नहीं। विस्फोटक पदार्थ किसकी लापरवाही से फटे। इसके लिए कोई साजिश तो नहीं रची गई। अभी तक प्रशासन जनता को सच्चाई से अवगत क्यों नहीं करा रही।

बारा विधायक ने रोजगार के लिए किया प्रेरित

कौशाम्बी। कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत बुधवार को एमवीआईटी इंजी0 कॉलेज, कोइलहा के परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 298 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं तीन नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 138 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ विधायक बारा वाचस्पति द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन केके राम, डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला, डीपीएम शिव नरेश शुक्ला, प्लेसमेन्ट प्रभारी सेवायोजन विनोद सिंह आदि उपस्थित रहें।

रोजगार मेले का आयोजन आज: 15 फरवरी को विकास खण्ड मूरतगंज के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें 5 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुये 500 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष्य योग्य अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला समन्यक कौशल विकास मिशन द्वारा देते हुए बताया गया कि न्यूनतम् योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं आईटीआई डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी गुरुवार को प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

अबकी बार 400 पार का नारा होगा साकार: धर्मराज मौर्य

❍बसपा प्रत्याशी अतुल द्विवेदी व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंझनपुर में बुधवार को विधानसभा मिलन समारोह आयोजित किया गया। अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में बीजेपी ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। संयोजक अरविंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष पहुंचे।कार्यक्रम का संचालन अजय पाण्डे ने किया। स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कार्यकर्ताओं की तरफ से आश्वासन दिया कि इस बार फिर लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतों से कमल खिलेगा।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के अभियानों में जुटने का आवाह्न किया। उन्होंने ने कहा लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा को जिले में अपना किला और मजबूत करना है। मिशन-2024 के दृष्टिगत? बुधवार को विधानसभाओं में मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें विपक्षी दलों के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने बताया कि पांचों विधानसभाओं में उनकी संस्तुति के बाद सपा -बसपा और कांग्रेस के लगभग 500 लोग भाजपा में शामिल हुए है। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रचंड जीत का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से अब जुट जाएं।उन्होंने कहा कि यह चुनाव कार्यालय अब सभी चुनावी गतिविधियों का केंद्र होगा।अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। जिससे लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा जीतेगी और कमल खिलेगा। जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया।।मोदी की गारंटी पर जनता मुहर लगाएगी। इस मौके पर 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में 253 चायल विधानसभा क्षेत्र से बतौर बसपा प्रत्याशी रहे अतुल द्विवेदी अपने सैकडो समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हुए।इस अवसर पर उनके साथ अतुल चौधरी कमला कांत मिश्र ज्ञान सरोज नीरज साहू लाल चंद्र सरोज पप्पू चौधरी आशारानी भाजपा में शामिल हुए। वहीं समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे खड़ग सिंह पटेल अपने दर्जनों समर्थको सहित भाजपा में शामिल हुए। वहीं करारी नगर पंचायत से कांग्रेस पार्टी से अध्यक्ष प्रत्याशी के रूप में 2023 मे चुनाव लड़ें श्याम सुन्दर केशरवानी भी भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल हुए सभी लोगो को जिलाध्यक्ष ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

सर्राफा व्यवसायी लूट कांड में पुलिस की वांछितों से मुठभेड़

महोबा (स्पष्ट आवाज)। बहु चर्चित सर्राफा व्यापारी लूट कांड में वांछित चल रहे दो अपराधियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दैनो आरोपियों के पैर में गोली लग गई।थाना पनवाड़ी क्षेत्र अंतर्गत सर्राफा व्यवसायी अजय सोनी पुत्र दुलीचन्द्र सोनी उम्र 45 वर्ष अपनी शॉप बन्द करके घर जा रहे थे कि थाना पनवाड़ी अन्तर्गत मोहल्ला अलीपुरा के पास बाइक सवार अज्ञात वदमाशों ने इनको गोली मार दी व उनके पास मौजूद बैग को छीनकर भाग गये थे। घटना की सूचना पर घायल व्यावसायी को तत्काल उपचार हेतु निकट स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर उपचार हेतु हायर सेन्टर जनपद झांसी के लिये रेफर किया गया था। झांसी में अजय कान्त सोनी की दुःखद मृत्यु हो गई। घटना के सम्बन्ध में थाना पनवाड़ी में धारा 396, 397, 398, 413, 412, 120 बी/34 भादवि का अभियोग पंजीकृत है वही घटना के सफल अनावरण व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर्णा गुप्ता पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा सत्यम अपर पुलिस अधीक्षक, हर्षिता गंगवार क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर विभिन्न टीमों का गठन करते हुए सक्रिय किया गया । जनपद स्तर पर गठित हुई पुलिस टीमों को दिन-रात अथक परिश्रम कर सुरागरसी-पतारसी करते हुए अभिसूचना तंत्र विकसित किये गये जिससे घटना से सम्बन्धित विभिन्न महत्वपूर्ण साक्ष्यों को संकलित किया गया तथा घटना कारित करने वाले अभियुक्तों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने व लूट की सम्पत्ति बरामद किये जाने हेतु अलग-अलग टीमों का गठन कर विभिन्न स्थानों में दबिश दी गई। गठित हुई पुलिस टीमों के जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि कस्वा पनवाड़ी में अजय सोनी को घायल कर सोने व चाँदी के जेवरात व नकदी की लूट करके भाग गये थे, उसमें से भागे हुए दो लोग लूट के जेवरात सहित मोटर साईकिल से जेवरात बेचने जाने के लिए इस समय ग्राम पहड़िया से राठ किल्हौवा गाँव के रास्ते से होकर जाने वाले हैं।

ओलावृष्टि से नष्ट फसल का दिया जाये मुआवजा

बांदा। भारतीय किसान यूनियन (अरा0) ने जनपद में हुये ओलावृष्टि के मामले को लेकर किसानों के हित में मुआवजा दिये जाने के लिये जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। दिये ज्ञापन में बताया कि अतर्रा तहसील के गांवों में भारी ओलावृष्टि से फसलें चौपट हो गई है जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीण स्तर में किसानों के खेत में ओलावृष्टि होने से गेहूं, चना, मटर, मसूर, लाही आदि फसलों का भारी नुकसान हुआ है। किसान यूनियन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ओला से हुये किसानों के नुकसान का 25 हजार रूपये प्रति बीघा मुआवजा किसानों को दिया जाये। जिससे किसानों का भरण पोषण हो सके। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र त्रिपाठी, जगप्रकाश फौजी, हरदत्त पाण्डेय, केता, चन्द्रकुमारी, सरोज सिंह,महेश प्रसाद, बलराम तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

टॉपर छात्रों को प्रतिभा सम्मान समारोह में किया गया सम्मानित

महोबा (स्पष्ट आवाज)। कबरई कस्बे के शिशु शिक्षा निकेतन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल में टॉप करने वाले बच्चों ज्योति कुशवाहा को कक्षा 12 में 88 प्रतिशत अंक लाने व सत्यम प्रजापति को 86 प्रतिशत एवं शुभ गुप्ता को 85.9 प्रतिशत अंक लाने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10 के अनुराग वर्मा को 91 प्रतिशत निधि वर्मा को 89 प्रतिशत प्रिंस तिवारी को 87 प्रतिशत अंक लाने पर सील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। शिशु शिक्षा निकेतन विद्यालय के 48 वर्ष पूरे होने पर स्कूल के प्रबंधक को प्रभात पाठक व भाजपा मण्डल अध्यक्ष हुकुम सिंह द्वारा सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि पूरनचंद्र कुशवाहा,पूर्व चेयरमैन मूलचंद्र कुशवाहा, राजेन्द्र शिवहरे,अशोक तोमर,पियूष सिंह, ज्ञानेंद्र द्विवेदी,शेखर नामदेव,बापू सर, नीरज सर, मनोज, सुनील, ममता, आकांक्षा सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

लहसुन की कालाबाजारी को रोका जाये

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एड ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर ध्यानाकर्षण किया। राष्ट्रीय राजमार्ग जो बांदा से तिन्दवारी होते हुए फतेहपुर से आना जाना है। इस मार्ग बेंदा घाट का यमुना नदी पर बना पुल विगत कई महीनों से खराब है इसके चलते वाहनों का आना-जाना बन्द है। यह राजमार्ग सबसे व्यस्ततम मार्ग है। पुल की रिपेयरिंग का कार्य दृरुत गति से नहीं हो रहा है। यथाशीघ्र ठीक होकर मार्ग को आवागमन के लिए खोले जाने हेतु अवाश्यक निर्देश निर्गत करें। जनहित की गम्भीर समस्या है। यह यह मार्ग महानगर कानपुर लखनऊ से जुड़ा है। बांदा से प्रायः गंभीर हालत के मरीजों को तीमारदार इसी मार्ग से ले जाते हैं। अन्य मार्गों में जाम की समस्या रहती है। यहकि महत्वपूर्ण अन्य मार्गो से बालू भरे को ट्रको आवागमन है जिससे प्रायः जाम की समस्या है। जनमानस बहुत परेशान हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना

एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट

ई०ओ०आई० सूचना संख्या–23/मेड/245/1/उपचार सुविधा

दिनांक 12.02.2024

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे मण्डलीय चिकित्सालय, बादशाहनगर, लखनऊ कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से लखनऊ शहर के बहुविशेझता से युक्त सी.जी.एच.एस. के दर पर विभिन्न प्राईवेट चिकित्सालय जिसमें कार्डियोलाजी, न्यूरोलाजी, प्लास्टिक सर्जरी, नेफ्रोलाजी, एवं गैस्ट्री इन्ट्रोलाजी, इत्यादि के उपचार की सुविधा पूर्णतः उपलब्ध हो, से रेलवे लाभार्थियों के उपचार रुचि प्रकटन (Expression Of Interest - E.O.I.) आमन्त्रित किया जाता है। इस सम्बन्ध में लखनऊ शहर में स्थित इच्छुक चिकित्सालय CGHS द्वारा Empanelled हों तथा वर्तमान में लखनऊ में नई लखनऊ CGHS 2014 दर पर उपचार की सुविधा देना चाहते हों वे आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी सेवा का CGHS दर निर्धारित नहीं है, तो इच्छुक अस्पताल को अपनी दरों में दी जा सकने वाली छूट के साथ–साथ रेल लाभार्थियों को बादशाहनगर रेलवे अस्पताल से अपने अस्पताल तक लाने एवं ले जाने के लिये निःशुल्क एम्बुलेन्स सुविधा प्रदान करने सम्बन्धी सहमति को भी स्पष्टतया उल्लिखित करना होगा। आवेदन पत्र पूर्वोत्तर रेलवे की वेवसाइट (www.ner.indianrailways.gov.in) से निःशुल्क डाउन लोड किया जा सकता है एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे मण्डलीय चिकित्सालय बादशाहनगर के कार्यालय से प्रकाशन तिथि से 10.03.2024 तक किसी भी कार्यशील दिवस में कार्य अवधि समय प्रातः 10.00 बजे से 14.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। सभी इच्छुक चिकित्सालय जो उक्त सुविधायुक्त है, निर्धारित तिथियों में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। अवधि समाप्त होने के बाद आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। चयनित चिकित्सालय से 02 वर्ष के लिये अनुबन्ध किया जायेगा तथा इस कार्य हेतु परफार्मेन्स राशि रू0 10,00,000.00 (रू. दस लाख एफडीआर/बैंक गारन्टी के रूप में वित्त सलाहकार एवं प्रमुख मुख्य लेखाधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी जमा किया जायेगा।

आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि–10.03.2024 समय प्रातः 10.00 बजे से सायंकाल 14.00 बजे तक। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में उपलब्ध बाक्स में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि व समय–28.02.2024 से 14.03.2024 को 14.00 बजे तक। आवेदन खुलने की तिथि 14.03.2024 समय 15.00 बजे।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/लखनऊ

मुजाधि/विविध–44

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

मुक्ताकाशी मंच का अपर जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

उरई (जालौन)। आजअपर जि

यूएई के अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण का उद्घाटन के बाद पूजा अर्चन करते प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी

रामकुमार बेंगलुरु ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु। भारत के रामकुमार रामनाथन ने बुधवार को शुरुआती सेट हारने के बाद दमदार वापसी करते हुए शीर्ष वरीय इटली के लुका नारदी को हराकर दाफान्यूज बेंगलुरु ओपन 2024 के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वह शुरुआती सेट गंवाने के बाद निराश दिख रहे थे, लेकिन अपनी बड़ी सर्विस के दम पर उन्होंने दूसरे सेट में एक घंटे और 33 मिनट में नारदी को 1-6, 6-4, 6-4 से हरा दिया। दिन के अन्य मुकाबलों में पोलैंड के माक्स कासनिकोवस्की ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांस के बेंजामिन बोन्ज़ी को 6-3, 6-4 से हराया, जबकि एक अन्य भारतीय एसडी प्रज्वल देव को पांचवीं वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के एडम वाल्टन के खिलाफ 3-6, 0-6 से हार का सामना करना पड़ा।

क्रिकेट के लिए अच्छा है बैज़बॉल: कुलदीप

राजकोट। भारत के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को कहा कि बैज़बॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कुलदीप ने कहा कि आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है। पिछला गेम बैज़बॉल के खिलाफ मेरा पहला अनुभव था, मैंने इसका भरपूर आनंद लिया, यह क्रिकेट के लिए अच्छा है। मैंने जो भी टेस्ट खेले हैं, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है। कुलदीप ने कहा कि मैं अपनी स्थिति को लेकर निश्चित नहीं हूं। अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं बहुत खुश होऊंगा। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचता कि मैं खेल रहा हूं या नहीं। मैं बस अपने दिन का आनंद लेता हूं और कड़ी मेहनत

करता रहता हूं। संयोजन एक ऐसी चीज है जो टीम गेम में मायने रखती है। कुलदीप ने यह भी संकेत दिया कि पिच कैसी होने वाली है कि यह बल्लेबाजी के लिए विकेट होगा।

संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं पर अत्याचार को लेकर भाजपा ने ममता बनर्जी से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल में संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार पर भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी सरकार को घेरते हुए कई सवाल दागे। भाजपा ने ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे महिलाओं के खिलाफ अत्याचार कर रहे हैं, जनजाति समाज से आने वाली महिलाओं की जमीनें छीनी जा रही हैं लेकिन वे कोई कदम नहीं उठा रही हैं। इस अराजकता और गुंडा राज को रोकने में नाकाम मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में गौरव भाटिया ने कहा कि एक तरफ केन्द्र सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने और उनके सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठा रही है। पश्चिम बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं। संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो कुछ घट रहा है, उसके लिए ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। उन्होंने ममता बनर्जी से सवाल पूछा कि उन्हें हिन्दुओं से इतनी नफरत क्यों है? जनजाति समाज से इतनी नफरत क्यों है? टीएमसी के गुंडे महिलाओं का शोषण कर रहे हैं

विशाखापट्टनम में नौसेनाओं का अभ्यास मिलन चीन के खिलाफ नहीं : सोबती

- समुद्री गतिविधि में दुनिया भर के मित्र देशों को एक मंच पर लाने का प्रयास है यह अभ्यास

नई दिल्ली । नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास मिलन को लेकर स्पष्ट किया कि हमारा संदेश चीन के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि इसमें हिस्सा लेने वाले 50 से अधिक देश अगर एकजुट होकर काम करेंगे तो हम समुद्र की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। यही कारण है कि हम विभिन्न देशों को एक साथ आने और अभ्यास में भाग लेने के लिए एक मंच देना चाहते हैं। वाइस एडमिरल तरुण सोबती बुधवार को विशाखापट्टनम में 19 से 27 फरवरी तक होने वाले बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास च्मिलनज् के 12वें संस्करण के बारे में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने

बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। वह समुद्री तकनीकी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास में 50 से अधिक देश भाग लेंगे। मित्र देशों के 35 युद्धपोत, पनडुब्बियां और 50 विमान हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि समुद्री अभ्यास में हिस्सा लेने वाले सभी देशों के चीन के साथ अपने-अपने संबंध हैं, इसलिए मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हमारा संदेश चीन के खिलाफ नहीं है। भारत का मानना है कि अगर हम एकजुट होकर काम करें तो समुद्र की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। यही कारण है कि हम विभिन्न देशों को एक साथ आने और इसमें भाग लेने के लिए एक मंच देना चाहते हैं। नौसेना उप प्रमुख ने बताया कि विशेष फोकस क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेमिनार रहेगा, जिसमें हम विभिन्न लोगों को विभिन्न विषयों के तहत अपने विचारों के साथ योगदान करने के लिए आमंत्रित करेंगे। वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने कहा कि भारतीय नौसेना मिलन अभ्यास के जरिये समुद्री गतिविधि में दुनिया भर के मित्रवत देशों को साझेदारी करने के लिए प्रयास कर रही है। इस वर्ष विशाखापत्तनम में हो रहे अभ्यास मिलन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री प्रदर्शनी, एक समुद्री तकनीकी प्रदर्शनी, एक शहर परेड की योजना बनाई गई है।

सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

नयी दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत में दायर याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा अदालत का कीमती समय बर्बाद करने के एवज में 10,000 अदा करने का आदेश दिया गया था। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया है कि वर्तमान कार्यवाही (उनके अलावा अन्य लोगों पर) कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग के अलावा कुछ नहीं है।

रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों का छूटा सामान वापस किया

गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल, 13 फरवरी को अपराध आसूचना शाखा जन सेवा केन्द्र से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को व्यक्तिगत यूजर आईडी पर बने 21 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया।

प्राचीन संस्कृति और आधुनिक तकनीक का सुंदर मिश्रण है राममंदिर

अयोध्या। केंद्रीय राज्यमंत्री साइंस एवं टेक्नोलॉजी जितेंद्र सिंह बुधवार को अयोध्या पहुंचे। यहां राममंदिर पहुंचकर उन्होंने भगवान राम लला का दर्शन पूजन किया। इस मौके पर मंत्री का सर्किट हाउस में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व प्रतिनिधि रोहित सिंह ने स्वागत किया। इस दौरान मंत्री जितेंद्र सिंह ने बयान देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति राम लला का दर्शन करने के लिए उत्सुक है। 500 बरस के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों यह कार्य संपन्न हुआ है जिसके लिए हमारी 20- 22 पीढ़ियों ने अपना जीवन न्योछावर कर दिया। राममंदिर हमारी सभ्यता की पुनरजागृति का प्रतीक है। आज कटरा वैष्णो देवी उधमपुर से आस्था ट्रेन अयोध्या पहुंची है, उन श्रद्धालुओं का स्वागत करने का भी अवसर मिला है। बसंत पंचमी के शुभ दिन पर राम लला का आशीर्वाद भी मिला है। राम मंदिर के निर्माण में टेक्नोलॉजी का योगदान रहा है। स्ट्रक्चर के निर्माण में नवीनतम टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है। बुनियाद भरते समय यह भी ध्यान दिया गया

संक्षिप्त आवाज़

क्रिकेट कप टूर्नामेंट में पूर्वोत्तर रेलवे को उपविजेता का खिताब

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में 28 जनवरी से 07 फरवरी तक बिहार के सुपौल में आयोजित ऑल इंडिया आमंत्रण क्रिकेट कप टूर्नामेंट-24 में पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब जीता। प्रतियोगिता में कुल 08 टीमों ने भाग किया, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया तथा कोलकाता एकादश से हुये फाइनल मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे उपजेता बना। प्रतियोगिता में अनु, दिनेश कुमार, प्रवीण यादव, अंकित यादव, शिव राथी, मज़िद हसन, निशांत राय, मंजीत चैधरी, शुभम चैबे, त्रिशाल त्रिवेदी, सौरभ कश्यप एवं शिवम दीक्षित ने पूर्वोत्तर रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह एवं क्रिकेट कोच रंजीत यादव तथा टीम मैनेजर राजेन्द्र प्रसाद ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया

वाराणसी। सेंट्रल रेलवे के महाप्रबन्धक राम करण यादव ने 13 फरवरी, को देर शाम वाराणसी मंडल के बनारस रेलवे स्टेशन के भव्य भवन,सेकेंड इंट्री,सामान्य यात्री हाल में विभिन्न आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ ही, धरोहर के रूप में सर्कुलेटिंग एरिया में सुसज्जित नैरो गेज का डीजल इंजन,नन्दी उद्यान,मुख्य भवन के सामने गोल तालाब में विकसित सतरंगी प्रकाश से सज्जित फौव्वारों,नेशनल ग्रीन ट्यूबीनल के मानकों के अनुरूप रेन वाटर हार्वेस्टिंग, परित्यक्त पानी का ड्रेनेज ,कम्पोस्ट प्लांट द्वारा कूड़े के प्राकृतिक निस्तारण,सी सी टी वी मॉनिटरिंग,स्टेशन की सुरक्षा,विभिन्न श्रेणी के प्रतीक्षालय, साफ-सफ़ाई, खान-पान एवं उपलब्ध अन्य सुख-सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। अपने निरीक्षण में महाप्रबन्धक श्री राम करण यादव ने वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ बनारस रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 8 पर स्थित यात्री प्रतीक्षालयों,ए सी लाउन्ज,सामान्य यात्री हाल, आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा संचालित खान-पान स्टाल एवं जन आहार, पे एण्ड यूज शौचालय,पी आर एस एवं यू टी एस टिकट काउन्टरों एवं अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया।

एन. ई. रेलवे गर्ल्स इण्टर कॉलेज में प्रवेश शुरु

गोरखपुर। एन. ई. रेलवे गर्ल्स इण्टर कॉलेज गोरखपुर में नये सत्र 2024-25 हेतु कक्षा 06 से 09 एवं 11वीं (गणित, जीव विज्ञान एवं मानविकी) में प्रवेश हेतु पंजीकरण फार्म के वितरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। पंजीकरण फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 02 मार्च-24 है। सीबीएसई बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम के इस विद्यालय में योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा दी जाती है तथा इस विद्यालय में गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिये सभी सुविधायें उपलब्ध हैं।

प्री-नान इन्टरलाकिंग से गाड़ियां निरस्त कुछ का मार्ग परिवर्तित

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल पर स्थित अनूपपुर-न्यू कांटी जं. पर तीसरी लाईन के कमीशनिंग हेतु प्री-नान इन्टरलाकिंग/इन्टरलाकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का अस्थाई निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन निम्नवत् किया जायेगा। अस्थाई निरस्तीकरणः लखनऊ जं. से 19 एवं 22 को चलने वाली 12535 लखनऊ जं.-रायपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रायपुर से 20 एवं 23 फरवरी, 2024 को चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। मार्ग परिवर्तनः बरौनी से 18 से 23 फरवरी तक चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नयनपुर-बालाघाट के रास्ते चलाई जायेगी। गोंदिया से 19 से 24 तक चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बालाघाट-नयनपुर-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी।

आपदा को अवसर में बदल कर ठगे 24 हजार

- जालसाज को दरोगा समझ कर क्यूआर कोड के सहारे भेजी रकम
- बेटी की खातिर रिश्वत देने को तैयार हुआ पिता, आईओ पर लगी तोहमत

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। गैर राज्यों में बैठे जालसाजों के झासे में फंस कर दौलत गंवाने वाले तमाम किस्से आये दिन पढ़ने और सुनने को मिल जाते हैं, लेकिन सीतापुर में पुलिस के नाम पर ऑनलाइन रिश्वत लेने का सनसनीखेज मामला पहली बार सुर्खियां बटोर रहा है। मध्य प्रदेश के जालसाज गिरोह ने कमलापुर थाने में दर्ज 366 आईपीसी के मुकदमें का हवाला देकर खुद को दरोगा बताते हुए पीड़ित से रिश्वत के नाम पर ऑनलाइन ठगी कर ली। पीड़ित ने जालसाज को दरोगा समझ कर उसके भेजे क्यूआर कोड पर पैसा ट्रांसफर कर दिया। बेटी की बरामदगी को लेकर संजीदा पिता रिश्वत देने को तैयार हुआ था। पैसा देने के बाद भी पीड़ित को कई दिनों तक बेटी का कोई सुराग नहीं मिला तो वह थाने पहुंचा। संबंधित दरोगा से मिल कर बेटी बरामदगी के नाम पर रुपये लेने की बात कही तो दरोगा जी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। तमाम कहासुनी के बाद माजरा समझ में आया कि पीड़ित साइबर ठगी का शिकार

हो गया है। कमलापुर थाना इलाके के एक गांव निवासी की नाबालिग बेटी को 31 जनवरी के दिन कोई युवक बहला फुसला कर भगा ले गया था। जिसके संबंध में उसी दिन पीड़ित ने कमलापुर थाने में धारा 366 आईपीसी का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की विवेचना दरोगा अनिल कुमार कर रहे थे। कुछ दिनों बाद पीड़ित के मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिये मुकदमे से संबंधित एफआईआर कापी पोस्ट करते हुए खुद को विवेचना अधिकारी अनिल कुमार बताया।

व्हाट्सएप के माध्यम से पीड़ित को दरोगा बने जालसाज ने जानकारी दी कि उनकी बेटी प्रयागराज में है, जिसे लाने के लिए 24 हजार रुपये का खर्चा लगेगा।

बेटी को पाने की खातिर पीड़ित दरोगा बने जालसाज की बातों में आ गया। जालसाज ने व्हाट्सएप नंबर पर क्यूआर कोड भेज कर पैसा देने के लिए कहा। पीड़ित ने क्यूआर कोड के जरिये 24 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। काफी समय बीत जाने के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित थाने पहुंचा और दरोगा अनिल कुमार से मिल कर पैसा लेने की बात कही। पीड़ित की बात सुन कर दरोगा अनिल कुमार को गुस्सा आ गया और उन्होंने पीड़ित को भला बुरा कहना शुरू कर दिया। पीड़ित ने जब ऑनलाइन भुगतान की बात कही तो पुलिस को माजरा समझ में आया कि उसके साथ साइबर ठगी हो गई है।

तो क्या जालसाज ने यूपी कॉप एप का किया इस्तेमाल

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मध्य प्रदेश में बैठे जालसाज गिरोह को कमलापुर में दर्ज 366 आईपीसी मुकदमे की जानकारी कैसे हुई और मुकदमे से संबंधित एफआईआर उसे कहा से मिली। यह ऐसे सवाल है जिनके जवाब पुलिस महकमा भी तलाश रहा है। हालांकि अनुमान यह लगाया जा रहा है कि जालसाज गिरोह ने ठगी का यह नया तरीका अपनाया है। पुलिस के यूपी कॉप एप का इस्तेमाल कर ग्रामीण क्षेत्र के थानों में दर्ज होने वाली एफआईआर की जानकारी प्राप्त कर पीड़ित को निशाना बनाने का जालसाज प्रयास कर रहे है। कमलापुर थाने में हुई घटना इसी ओर इशारा भी कर रही है। दर्ज एफआईआर में पर्याप्त जानकारी मौजूद रहती है। वादी मुकदमा का नाम व मोबाइल नंबर के अलावा आईओ का नाम व मोबाइल नंबर भी आसानी से मिल जाता है। यही नहीं अपराध की प्रकृति और पीड़ित परिवार की दुश्वारियों का सही आकलन कर जालसाज उन्हें ठगी का शिकार बना लेता है।

ठगबाज ने तीन मोबाइल नंबरों का किया इस्तेमाल

क्मलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कमलापुर थाने में दर्ज 366 आईपीसी के मुकदमे में वादी को ठगने के लिए जालसाज ने तीन मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया है। एफआईआर में अंकित पीड़ित के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप पर एफआईआर की पीडीएफ भेज कर उसे यह विश्वास दिलाने की कोशिश की गई उससे ऑनलाइन बातचीत थाने के दरोगा कर रहे हैं। दो अलग-अलग नंबरों से फोन कर उसे बातों में उलझाया गया। दरोगा बने जालसाज ने पहले बताया कि उसकी बेटी प्रयागराज में है। जिसे लाने के लिए 24 हजार रुपये का खर्चा होगा। रुपये लेने के बाद नये नंबर से फोन किया कि अब उसकी बेटी दिल्ली में है। छह हजार रुपये और देने होंगे। पैसा देने से इंकार किया तो उसने नंबर ब्लॉक कर दिये।

ठान ले तो सफलता चूमेगी कदम: आकांक्षा गौतम

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। अगर आप अपने मन में किसी कार्य को करने की ठान लेते हैं तो निश्चित ही सफलता आपके कदम चूमेंगी। यह बात आकांक्षा गौतम उप जिलाधिकारी लहरपुर ने हाजी नवाब अली डिग्री कॉलेज में छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित करते हुए कही।

उन्होंने बताया आपको जो टैबलेट व स्मार्टफोन उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा वितरित किए जा रहे हैं इसका सदुपयोग कर आप शिक्षा के उच्च शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसका एक साक्षात उदाहरण मैं हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति

- एसडीएम ने छात्र-छात्राओं को बाँटे टैबलेट व स्मार्ट फोन

प्रगति की ओर अग्रसर हो सके और गरीब व निर्धन छात्र जो बाहर शिक्षा ग्रहण करने के लिए नहीं जा सकते हैं वह स्मार्टफोन के माध्यम से ऑनलाइन क्लासेस ज्वाइन करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक जुबेर अहमद ने बुके देखकर मुख्य अतिथि और सभी आए हुए अतिथियों का बैच लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता भगवानदीन त्रिवेदी, शासकीय अधिवक्ता प्रमोद बाजपेई, सुधाकर मिश्रा, हाजी कमालुद्दीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आखिर बार-बार नई मांगों को क्यों रखा जा रहा: अनुराग

नई दिल्ली। किसानों का दिल्ली कूच रोकने के लिए केंद्र सरकार और किसान नेताओं के बीच चली मैराथन बैठक में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी पर बात अटक गई। दिल्ली से सटी सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है।

किसानों के विरोध पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नई मांगों को सामने रखा गया है, जिन पर चर्चा करने लिए राज्यों को समय चाहिए। इसलिए किसान नेताओं से अनुरोध है कि वे आएं और चर्चा करें।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने और किसानों के कल्याण के लिए पिछले 10 वर्षों में कई कदम उठाए हैं। जब उन्होंने अपनी मांगें रखीं, तो सरकार ने अपने वरिष्ठ नेताओं को भेजा और बातचीत जारी रखी। कल चंडीगढ़ में बैठक हुई। इस दौरान किसान नेता उठकर चले गए, जबकि हम लोग कहते रह गए कि चर्चा कर लीजिए।

उन्होंने कहा कि आखिर ऐसा क्या हुआ है कि नई मांगें रखी जा रही हैं? यदि नई मांगें रखी जा रही हैं तो और समय की आवश्यकता है। राज्यों को चर्चा करने के लिए समय चाहिए। हम चर्चा जारी रखने के लिए तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी अधिकांश मांगों को स्वीकार कर लिया गया है लेकिन नई मांगों पर चर्चा करने के लिए और समय की आवश्यकता है। मैं आंदोलनकारियों से गुजारिश करता हूं कि वे तोड़फोड़, आगजनी या हिंसा में शामिल न हों। मैं किसान नेताओं से अनुरोध करता हूं कि वे आएं और चर्चा करें।

तिरंगे के साथ निकाली ट्रैक्टर रैली

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तिरंगे झंडे के साथ शहर में ट्रैक्टर रैली निकाली। किसानों की ट्रैक्टर रैली राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। रैली के बाद किसान मिलेट्री ग्रास फार्म पर एकत्र होकर सभा की और तहसीलदार व कोतवाल को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप शुक्ला श्यामू के नेतृत्व में बुधवार को किसानों ने तिरंगे झंडे के साथ ट्रैक्टर रैली निकाली। इस दौरान सैकड़ों ट्रैक्टरों पर सवार किसान श्यामनाथ रोड से होते हुए कैप्टन मनोज पांडेय चौक पहुंचे। वहां से लालबाग चौराहे होते हुए मिलेट्री ग्रास फार्म पहुंचे। जहां अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सभा की। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप शुक्ला

- तहसीलदार को सौंपा मांग पत्र, उठाये कई अहम मुद्दे

श्यामू ने कहा कि सड़कों पर आवारा घूम रहे गौवंश किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं। राहगीर भी उनके हमले से घायल हो रहे हैं। अब तक चार दर्जन से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी है। इन गौवंशों को पकड़ कर गौशालाओं में भेजा जाये। उनका कहना है कि अभी तक मछरेहटा और महोली में किसानों की ओर से दिये गये ज्ञापनों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उनकी सभी मांगों को पूरा किया जाये। हरगांव ब्लॉक की ग्राम पंचायत बड़ेलिया में उपभोक्ताओं का शोषण करने वाले उचित दर विक्रेता के विरूद्ध शिकायत जांच में सही पायी गई पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके विरूद्ध तत्काल कार्रवाई की जाये। हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, खड़ंजा आदि मार्गों को तत्काल दुरूस्त कराया जाये। जर्जर सड़के ठीक कराई जाये। 26 जनवरी को ऐलिया ब्लॉक क्षेत्र में किसानों की ट्रैक्टर तिरंगा रैली को प्रभारी निरीक्षक ने जबरन रोक दिया था और किसानों के साथ अभद्रता की थी। इस संबंध में सीओ को ज्ञापन भी दिया गया था, लेकिन अभी तक दोषी प्रभारी निरीक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदीप शुक्ला ने यह भी बताया कि जिले में एक हजार किसान ऐसे है जिन्होंने पावर कनेक्शन सिंचाई के लिए लगभग चार साल पहले पैसा जमा किया था पर अभी तक उन किसानों को न तो कनेक्शन मिला और न ही पैसा वापस किया गया। इस मामले की जांच करा कर कार्रवाई की जाये।

एमएसपी पर किसानों से झूठ बोला गया, प्रधानमंत्री को माफी मांगनी चाहिए: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को केंद्र सरकार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर किसानों से झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश से माफी मांगनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी दावा किया कि सिर्फ कांग्रेस की च्किसान न्याय गारंटीज् से ही किसानों की फसल के लिए स्वामीनाथ आयोग की अनुशंसा के मुताबिक एमएसपी सुनिश्चित हो सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने च्एक्सज् पर पोस्ट किया कि बार-बार वादा करने के बावजूद मोदी सरकार एमएसपी को कानूनी गारंटी देने से क्यों भाग रही है? वर्ष 2011 में मुख्यमंत्री और एक कार्य समूह के अध्यक्ष के रूप में नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें कहा गया था कि हमें किसान के हितों की रक्षा के लिए कानूनी प्रावधानों के माध्यम से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसान और व्यापारी के बीच कोई भी खरीद-बिक्री एमएसपी के नीचे न हो। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अपने कई भाषणों और चुनावी रैलियों में उन्होंने वादा किया था कि सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी, जिसमें सभी तरह की लागत और 50 प्रतिशत मूल्य (एमएसपी का स्वामीनाथन फॉर्मूला) शामिल होगा। लेकिन आज तक न तो एमएसपी की कानूनी गारंटी है और न ही यह च्सी2+50 प्रतिशतज् के स्वामीनाथन फॉर्मूला के आधार पर है। रमेश ने कहा कि गेहूं की एमएसपी स्वामीनाथन आयोग के अनुसार 2,478 रुपये प्रति क्विंटल होनी चाहिए जो कि मात्र 2,275 रुपये प्रति क्विंटल है। इसी तरह धान की एमएसपी 2,866 रुपये प्रति क्विंटल की जगह मात्र 2,183 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने सवाल किया कि मोदी जी, आपने 2011 की अपनी ही रिपोर्ट के निष्कर्षों को लागू क्यों नहीं किया? आपने बार-बार एमएसपी का वादा करके किसानों से झूठ क्यों बोला? रमेश ने दावा किया कि आज भारत के किसानों का मोदी सरकार से विश्वास उठ गया है। यह केवल कांग्रेस पार्टी की च्किसान न्याय गारंटीज् ही है जो किसानों को स्वामीनाथन फॉर्मूले पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देगी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों को एमएसपी देने का झूठा वादा किया और प्रधानमंत्री बन गए।